आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 9 सितंबर 2024 ■ भाद्रपद पक्ष-6 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-162 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 10 सितंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

संक्षेप

चीतल के भुने हुए मांस के साथ एक गिरफ्तार

गरियाबंद,9 सितंबर। वन विभाग को मुखबिर से गुप्त सुचना मिलने के आधार पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी रायपुर छ.ग. श्री सुधीर अग्रवाल एवं मुख्य वन संरदाक वन्यप्राणी एवं

क्षेत्र संचालक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व रायपुर छ.ग श्री विश्वेश कुमार झा और उपनिदेशक उदंती सीतानदी टायगर रिजर्व गरियाबंद श्री लक्ष्मण सिंह और श्री वरूण जैन भा.व.से. के कुशल मार्गदर्शन में दिनांक 07.09.2024 को ग्राम जुगाड़ निवासी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ के द्वारा उत्तर उदंती परिक्षेत्र के कक्ष क्रमांक 85 पाटाबहाल नाला छापरमाटी (नमक मिट्टी) के पास तीन-चार दिन पूर्व एक मादा चीतल का शिकार कर उसका कच्चा मांस को अपने कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर आग के आंच से भुनकर रखा हुआ था। आरोपी घनश्याम पिता मनीराम जाति गोड़ के द्वारा चीतल का अवैध शिकार करना एवं कच्चा मांस को कुल्हाड़ी से काटकर घर ले जाकर रखने का वन अपराध स्वीकार करने पर उनके विरुद्ध पी.ओ.आर क्रमांक 199/03 दिनांक 08.09.2024 वन अपराध पंजीबद्ध किया गया।

भीषण बारिश का अलर्ट स्कूलों में छुट्टी का आदेश

जगदलपुर,9 सितंबर। छत्तीसगढ़ में मानसून बहुत ज्यादा सक्रिय हो गया है। बस्तर के कई हिस्सों में बारिश का रेड अलर्ट भी जारी है। वैसे पूरे छत्तीसगढ़ में बारिश का दौर पिछले 48 घंटे से देखने को मिल रहा है, लेकिन बस्तर में हालात कुछ ज्यादा ही बिगड़े हुए हैं। बस्तर के कई हिस्सों में पिछले 48 घंटे से मूसलाधार बारिश हो रही है। बारिश की वजह से बस्तर के सुकमा जिले में नदी नालों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर बह रहा है। बारिश की स्थिति को देखते हुए कलेक्टर हरीश एस ने स्कूलों में छुट्टी की घोषणा कर दी है। जिले में हो रही अतिवृष्टि को देखते हुए कलेक्टर हरीश एस ने 9 सितंबर यानी आज जिले के सभी शासकीय अशासकीय और अनुदान प्राप्त स्कूलों में छुट्टी की घोषणा की है। 10 जिलों में भी आज भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया। मौसम विभाग के मुताबिक, कोरिया, कोरबा, धमतरी, गरियाबंद, दंतेवाड़ा, सुकमा, कांकेर, बीजापुर, नारायणपुर में जिलों के एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना है। अगले तीन दिनों तक प्रदेश में मानसून सक्रिय रहेगा। इस दौरान कई जिलों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश की संभावना है। कई जिलों में बिजली गिरने की भी अलर्ट जारी किया गया है।

कवि कुमार विश्वास को जान से मारने की धमकी

नई दिल्ली,9 सितंबर। कवि कुमार विश्वास को जान से मारने की धमकी मिली है. कुमार विश्वास के मैनेजर ने गाजियाबाद के इंदिरापुरम पुलिस थाने में इसको लेकर एफआईआर दर्ज कराई है, जिसमें दावा किया गया है कि किसी ने कॉल पर अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया और इसके बाद धमकी भी दी. पुलिस ने इस मामले में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं में केस दर्ज कर लिया है.

मैनेजर ने कुमार विश्वास और खुद की जान को खतरा बताते हुए पुलिस से कार्रवाई करने की अपील की है. वहीं इस धमकी को लेकर कुमार विश्वास का रिएक्शन भी आया है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर लिखा, जैसे इन जैसे खर-दूषणों के धमकाने से देश ÷राघवेंद्र राम का गुणगान सुनना बंद कर देगा और हम करना सीताराम चरित अति पावन. मधुर सरस अरु अति मनभावन. पुनि पुनि कितनेहु सुनत सुनाये. हिय को प्यास बुझत न बुझाए.।

नक्सलियों पर नकेल कसने छग पहुंची सीआरपीएफ की चार बटालियन

रायपुर,9 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ में नक्सलियों पर नकेल कसने व सुरक्षा स्थिति को और मजबूत करने के लिए केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की चार बटालियनें आज राज्य में पहुंच गई हैं। इनमें से तीन बटालियन झारखंड से और एक बटालियन बिहार से आई है। सूत्रों के अनुसार, ये चारों बटालियन दक्षिण बस्तर क्षेत्र में तैनात की जाएंगी, जहां सुरक्षा की स्थिति को लेकर पहले से ही सतर्कता बरती जा रही है। राज्य पुलिस के पुख्ता आधिकारिक सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार, इस तैनाती का उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा बलों की उपस्थिति को बढ़ाना और संभावित सुरक्षा खतरों से निपटना है। नई बटालियनें तैनात करने का उद्देश्य बस्तर के सभी अंदरूनी क्षेत्रों में पैर जमाना है ताकि सरकार द्वारा तय की गई समय-सीमा के भीतर नक्सलवाद को समाप्त किया जा सके। हालांकि, एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ बटालियनों को लगातार तकनीक, हेलीकाप्टर और संसाधन सहायता की आवश्यकता होगी, क्योंकि दक्षिण बस्तर नक्सल विरोधी अभियानों के लिए सबसे चुनौतीपूर्ण क्षेत्र है।

मोर्चे पर जवानों को लगातार मिल रही सफलता-पिछले दिनों प्रदेश के दौरे पर आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में कहा था कि नक्सलवाद से लड़ाई अब अंतिम चरण में है। 23 से 25 अगस्त 2024 तक रायपुर में हुई शाह की रणनीतिक बैठक के बाद इसका असर धरातल पर भी दिख रहा है। 10 दिन में 18 नक्सलियों को जवानों ने ढेर किया है। 29 अगस्त को नारायणपुर में तीन महिला नक्सली, तीन सितंबर को दंतेवाड़ा जिले में बैलाडीला की पहाड़ियों के भीतर नौ नक्सली मारे गए। अब तक आठ महीनों में 152 नक्सली मारे जा चुके हैं।

नक्सलियों ने अपने ही कमांडर की कर दी हत्या

राजनांदगांव,9 सितंबर। नक्सलियों ने मोहला-औंधी एलओएस का कमांडर रहे राजू उर्फ विज्जा की उसके साथियों ने ही हत्या कर दी है। दरअसल, नक्सली राजू अपनी पत्नी के साथ मुख्यधारा की ओर लौटना चाहता था। इसके लिए राजू बीजापुर पुलिस के सामने सरेंडर करने निकला था। लेकिन, इसकी सूचना नक्सलियों को मिल गई। जब नक्सलियों को एलओएस कमांडर राजू के आत्मसमर्पण करने की खबर मिली तो नक्सलियों ने राजू को अगवा कर लिया। इसके बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी। नक्सलियों ने राजू को घेरकर उसे मार डाला। इसके बाद माओवादियों ने राजू की लाश को कांकेर-नारायणपुर बॉर्डर पर फेंक दिया। जब सुबह ग्रामीण जंगल की ओर जा रहे थे तो देखा कि लाश पड़ी हुई है, पास जाकर देखा तो वह एलओएस कमांडर राजू की लाश थी। इस दौरान ग्रामीणों को नक्सली कमांडर राजू की लाश के पास से पर्चा भी मिला। पर्चे में नक्सलियों ने लिखा था कि - राजू उर्फ विज्जा को संगठन छोड़कर रायपुर, कारतूस और रुपए लेकर सरेंडर करने निकला था, जिसे पकड़कर मौत की सजा दी गई है। हालांकि राजू के साथ निकली उसकी पत्नी का अब तक कुछ पता नहीं चल पाया है। बता दें कि नक्सली राजू बीजापुर जिले का निवासी था।

मजार के पास तीस से अधिक अवैध दुकानों पर चला बुलडोजर

भिलाई ,9 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

भिलाई नगर निगम पुलिस और जिला प्रशासन ने मिलकर 30 से ज्यादा अवैध कब्जाधारियों पर बुलडोजर चलाया. सुबह 5 बजे से नगर निगम और प्रशासन की टीम जीई रोड पर स्थित मजार पहुंची और अवैध अतिक्रमण पर एक्शन लिया. लगभग 100 पुलिस कर्मचारी, 150 से ज्यादा निगम कर्मचारी, 6 से 7 जेसीबी लेकर जीईरोड पर स्थित कर्बला कमेटी के मजार पहुंचे और अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया. लगभग 30 से ज्यादा दुकानें तोड़ी जानी है. कार्रवाई अभी भी जारी है करबला कमेटी के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर भिलाई नगर निगम अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया लगातार करबला कमेटी को नोटिस दिया गया. गैर धार्मिक उपयोग कर व्यवसायिक उपयोग कर रहे हैं. ये निगम की कीमती जमीन है. पहले भी नोटिस दे चुके हैं. आखिरी बार तीन दिन का नोटिस देकर उन्हें खाली करने कहा गया. उन्होंने आवंटन की मांग की. आवंटन के लिए धार्मिक उपयोग के लिए नियमानुसार कार्रवाई विचाराधीन है अतिक्रमण की कार्रवाई शुरू की गई. जनदर्शन में कई बार शिकायत की गई कि करबला कमेटी की तरफ से धार्मिक आड़ में अवैध अतिक्रमण किया गया. इसी के बाद ये कार्रवाई की गई. चार से 5 दुकानें, बाउंड्री वॉल, पीछे कॉलम भी डाला हुआ है. रोड की दुकानों पर भी कार्रवाई की जाएगी. रोड पर रखी हुई गाड़ियां भी जब्त की जाएंगी जानकारी के मुताबिक भिलाई नगर निगम क्षेत्र के 30 से ज्यादा अवैध कब्जाधारियों पर निगम ने बुलडोजर चलाया. जोन 3 कर्बला मस्जिद कमेटी को साडा(विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण) के कार्यकाल में छोटी सी भूमि मस्जिद बनाने आबंटित की गई थी. लेकिन कमेटी ने लगभग 2.5 एकड़ भूमि पर दुकानें और मैरिज हाल और दुकानें बनाकर व्यवसायीकरण किया जा रहा था. जिसकी शिकायत कलेक्टर जनदर्शन में भी की गई. जिसके बाद नगर निगम के तोडू दस्ते में कर्बला कमेटी के अवैध अतिक्रमण पर बुलडोजर चलाया।

बीजापुर जिले के नदी-नाले उफान पर

बीजापुर,9 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

रविवार से हो रही हवाओं के साथ तेज बारिश से जिले का जन जीवन अस्त व्यस्त हो गया है नदी नाले मे जल भराव हो गया है जिले के गंगालूर.मार्ग के चेरपाल पूल मे पानी भरने से मार्ग अवरुद्ध हो गया है इसी प्रकार बीजापुर जगदलपुर.NH मार्ग में जांगला के पास सडक पर पानी भरे होने से यहां भी मार्ग सुबह से बंद है भोपाल पटनम हैदराबाद मार्ग भी भारी बारिश के चलते बंद बताई गई है। अभी भी जिले मे तेज बारिश हो रही है जिला का कई क्षेत्रों से संपर्क टूटा हुआ है।

चौकीदार राजस्व अधिकारी बनकर अवैध वसूली कर रहा था, आयुक्त ने किया निलंबित

भिलाई,9 सितंबर। नगर पालिक निगम भिलाई में धर्मरक्षक पाठक चौकीदार के विरूद्ध शिकायत प्राप्त हुई थी कि उसके द्वारा राजस्व अधिकारी बनकर नगर निगम भिलाई क्षेत्र के निर्माणाधीन मकानो पर जाकर उनके मालिक से जबदन पैसा वसूलने का कार्य किया जा रहा था। इसी तारतम्य में सिद्धार्थ चक्रवर्ती स्मृति नगर द्वारा अपने रजिस्टर्ड भूखण्ड पर नियमानुसार मकान निर्माण किया जा रहा था। धर्मरक्षक पाठक राजस्व अधिकारी बनकर सिद्धार्थ चक्रवर्ती को धमकाए कि उसके प्रति शिकायत प्राप्त हुई है। 5 हजारू रूपये मामले को रफा-दफा करने के लिए दो नहीं तो हम बेदखली की कार्यवाही कर घर को तोड़ देंगे। सिद्धार्थ चक्रवर्ती घर पर नहीं थे. डर करके सिद्धार्थ चक्रवर्ती के भाई कौशिक चक्रवर्ती द्वारा 1000 रुपया ऑनलाईन पैसा ट्रान्सफर धर्मरक्षक पाठक के खाते में किया गया। उक्त ट्रान्सफर का स्क्रीन साट लेकर लिखित शिकायत आयुक्त ध्रुव को की गई।

आयुक्त द्वारा प्रथम दृष्टया चौकीदार को दोषी पाते हुए एवं उसके गलत आचरण के द्वारा नगर निगम की छवि धूमिल करने के कारण उसके खिलाफ कार्रवाई की। उपरोक्त कृत्य आचरण अपराधिक प्रवृत्ति, कार्य के प्रति घोर लापरवाही, एवं जिम्मेदारी का निर्वहन सही ढंग से नहीं करने का परिचायक है। छग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के (1)(2)(3) के विपरित पाया गया। उपरोक्तानुसार प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के कारण पाठक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन की अवधि में मुख्यालय जोन 04 शिवाजी नगर अनुविभाग कार्यालय में रहेगा। निलंबन अवधि में उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

कोयला बंकर गिरने की घटना की जांच के आदेश

सरगुजा,9 सितंबर। छत्तीसगढ़ के सरगुजा के अंबिकापुर स्थित मां कुदरगढ़ी एल्यूमिना फैक्ट्री में रविवार (8 सितंबर) को हुए हादसे में अब तक चार मजदूरों की मौत हो गई है। इस मामले में सीएम विष्णुदेव साय ने जांच के आदेश दिए और कहा कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा, सरगुजा के एल्यूमिना प्लांट में हुए औद्योगिक हादसे में चार मजदूरों की मौत और कई मजदूरों के घायल होने का दुःखद समाचार मिला है. मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं, दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी.

2024 में डेढ़ हजार नक्सली हुए कम

बस्तर आईजी ने कहा-जल्द नक्सलमुक्त होगा बस्तर

जगदलपुर,9 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

बस्तर आई जी सुंदर राज पी ने बताया कि जल्द ही बस्तर नक्सली मुक्त होगा। इस दिशा में लगातार अंतरराज्य समन्वय के साथ पुलिस काम कर रही है। खासतौर पर माओवादियों के लिकिंग कॉरिडोर पर नजर रखी जा रही है। बस्तर के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर की सीमा क्षेत्र और तेलंगाना के छत्तीसगढ़ सीमा से लगे भद्रादी कोत्तागुडम में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक हफ्ते के दौरान 12 माओवादी मारे गए हैं। इसमें दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का कमांडर रणधीर भी शामिल है। बस्तर में लंबे समय के बाद किसी शीर्ष नक्सली कमांडर को मार गिराने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। वहीं एक साथ सीमावर्ती क्षेत्र में भी ऑपरेशन होने से नक्सलियों को भाग निकलने का मौका भी खत्म हो गया है। दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा के सरहदी इलाकों में लगातार तेलंगाना और बस्तर पुलिस की तरफ से सर्च ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। बस्तर आई जी सुंदर राज पी ने बताया कि जल्द ही बस्तर नक्सली मुक्त होगा। इस दिशा में लगातार अंतरराज्य समन्वय के साथ पुलिस काम कर रही है। खासतौर पर माओवादियों के लिकिंग कॉरिडोर पर नजर रखी जा रही है। जिससे उनकी उपस्थिति और गतिविधियों की जानकारी मिलने के बाद तुरंत ही मौके पर फोर्स रवाना की जाती है। अब इन कॉरिडोर का इस्तेमाल नक्सली आसानी से नहीं कर सकेंगे और एक राज्य से दूसरे राज्य में भाग निकलने का मौका भी नक्सलियों के पास नहीं होगा।सुंदर राज पी ने बताया कि नक्सल मोर्चे पर वर्ष 2024 में बस्तर संभाग अंतर्गत की जा रही।

कार-ट्रक में टक्कर, एक की मौत

कोंडागांव,9 सितंबर। नेशनल हाइवे 30 में बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। एक्सीडेंट में कार के पीछे आ रहा एक दोपहिया वाहन भी चपेट में आ गया, जिस पर सवार लोगों को चोट आई। मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाइवे 30 में फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बोरगांव के समीप ट्रक और कार में आमने सामने से टक्कर हो गई। दुर्घटना इतनी खतरनाक थी की कार के पीछे चल रही दोपहिया वाहन भी इसकी चपेट में आ गया।

नदी की तेज धार में बहने लगी कार, चार युवक थे सवार

सरगुजा,9 सितंबर। सरगुजा जिले के मैनपाट के कंदनई घुनघुट्टा नदी में निर्माणाधीन पुल में अचानक पानी बढ़ने से एक कार में सवार चार लोगों की जान पर बन आई. कार सवार कुछ समझ पाते, इससे पहले कार नदी के तेज बहाव में बहने लगा। वे गाड़ी में ही फंसे रह गए। स्थानीय ग्रामीणों ने इस घटना को देख तत्काल आसपास के लोगों को बुलाया, जो उफनती नदी में आना-जाना कर रहे हैं। पहाड़ के नीचे नदी बहती है। लिहाजा मैनपाट में तेज बारिश होने पर नदी का जलस्तर तेजी के साथ बढ़ जाता है। इस लिए बरसात के दिनों में स्थानीय लोग इस नदी के रास्ते कम आवाजाही करते हैं। कुछ युवक दोपहर के समय नदी के तट पर पिकनिक मनाने पहुंचे थे। कार को नदी की पुलिया के पास ही खड़ा कर दिया था। पिकनिक मनाने के

कूदकर कार में फंसे लोगों को बचाने में मदद की। घटना को वहां मौजूद ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में कैद कर लिया। यह वीडियो अब सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। अम्बिकापुर मैनपाट मार्ग में पड़ने वाली कंदनई घुनघुट्टा नदी का है। नदी में पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। वाहन को डायवर्ट कर भेज जा रहा है। निर्माणाधीन ब्रिज के नीचे बने पुराने पुलिया से लोग बाद यह युवक गाड़ी में बैठे थे कि अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने लगा। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने अपनी जान पर खेलकर नदी में कूद गए और कार के भीतर सवार सवार चारो युवकों को कार का दरवाजा खोलकर बाहर निकाला। कार नदी के तेज बहाव में तकरीबन एक किलोमीटर दूर चली गई थी। नदी का जलस्तर कम होने पर कर को बाहर निकाला गया।

कालिंदी एक्सप्रेस को उड़ाने की साजिश नाकाम

कानपुर,9 सितंबर। उत्तर प्रदेश के कानपुर में रेलवे ट्रैक पर मिले एलपीजी सिलेंडर, पेट्रोल की बोतल को लेकर उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है. आरपीएफ ने एफआईआर दर्ज किया है. इसके साथ मामले की जांच आईबी को सौंप दी गई है. माना जा रहा है कि रेलवे ट्रैक पर गैस सिलेंडर और पेट्रोल बोतल का मिलना सामान्य मामला नहीं है. यह सीधा-सीधा किसी बड़ी साजिश का संकेत दे रहा है. रेलवे अधिकारियों के मुताबिक ऐसा पहली बार नहीं हुआ है. यूपी बीते कई महीने से रेलवे ट्रैक पर संवेदनशील चीजें रखकर लगातार ट्रेन पलटने की साजिश हो रही है.

ताजा घटना अनवरगंज-कासगंज रेलवे रूट का है. आरपीएफ के अधिकारियों के मुताबिक बर्राराजपुर रेलवे स्टेशन से कालिंदी एक्सप्रेस ट्रेन करीब 2.5 किलोमीटर आगे चली ही थी कि रेलवे ट्रैक पर रखे LPG गैस सिलेंडर से टकरा गई. इससे जोर का धमाका हुआ. गनीमत रही कि लोको पायलट ने इमरजेंसी ब्रेक लगा दी और बड़ा हादसा टल गया. इसके बाद मौके पर पहुंची जीआरपी और आरपीएफ की टीमों ने जांच की तो पता चला कि रेलवे ट्रैक पर ना केवल रसोई गैस का सिलेंडर रखा था, बल्कि वहीं पर पेट्रोल भरी बोतल, माचिस एवं अन्य संवेदनशील सामान भी रखे थे. जो धमाका हुआ, वह गैस सिलेंडर फटने की वजह से हुआ. इस हादसे के बाद मैक पर कालिंदी एक्सप्रेस करीब 22 मिनट तक खड़ी रही. बाद में ट्रैक की जांच करने के बाद इस ट्रेन को आगे रवाना किया गया. इसी तरह की घटना कुछ दिन पहले साबरमती एक्सप्रेस के साथ भी हुई थी. इस हादसे में ट्रेन की 22 बोगियां पलट गई थीं. मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ ने शनिवार की देर रात एफआईआर दर्ज कर लिया.

राजधानी में कार के अंदर मिली महिला की लाश

रायपुर,9 सितंबर। राजधानी रायपुर से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है. गैरेज के बाहर एक कार के अंदर महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में लाश मिली है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है. यह मामला कोतवाली थाना का है. मिली जानकारी के अनुसार, कोतवाली थाना क्षेत्र के पुजारी पार्क स्थित भक्कू गैरेज की यह घटना है. रविवार की शाम गैरेज के बाहर एक कार में महिला की लाश मिली. मृतिका की उम्र करीब 40 वर्ष बताई जा रही है. पुलिस को घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने दी. जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. फिलहाल महिला की पहचान और मौत के कारणों का पता नहीं चल सका है. पुलिस इस घटना की जांच में जुट गई है और कार से जुड़े तथ्यों की भी जांच की जा रही है.

मोदी ने आनन-फानन में डोभाल को भेजा रूस

नई दिल्ली,9 सितंबर। रूस और यूक्रेन के बीच 900 से भी अधिक दिनों से जंग जारी है। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रूस के दौरे पर जाने वाले हैं। कहा जा रहा है कि एनएसए डोभाल भारत का शांति प्रस्ताव लेकर रूस के दौरे पर जा रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी डोभाल मुलाकात करेंगे। जब पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति से फोन पर बात की थी। उसी दौरान पीएम मोदी ने एनएसए को रूस दौरे पर भेजने की बात कही थी। आपको बता दें कि भारत रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित करने में जुटा है और हर पक्ष से बातचीत कर रहा है। अजित डोभाल ब्रिक्स देशों के एनएसए स्तर की बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके साथ ही संभावना ये भी जताई जा रही है कि ब्रिक्स बैठक के साइडलाइन में वे रूस-यूक्रेन संघर्ष को खत्म करने कि दिशा में शांति प्रस्ताव पर चर्चा करेंगे। डोभाल की यात्रा इसलिए भी अहम हो जाती है क्योंकि पीएम मोदी के यूक्रेन दौरे में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ-साथ वो भी मौजूद थे।

23 अगस्त को ही यूक्रेन के राष्ट्रपति ये कहते हैं कि इस जंग को केवल भारत ही रुकवा सकता है। क्योंकि पुतिन पर भारत का काफी प्रभाव है। इस बयान के करीब 15 दिनों के भीतर पुतिन ने भारत को लेकर बड़ा बयान दे दिया। जिससे रूस और यूक्रेन के बीच शांति की कोशिशें शुरू हो सकती हैं। रूस के राष्ट्रपति ने कहा कि वो जंग के बीच यूक्रेन से बातचीत को तैयार हैं। व्लादिमीर पुतिन ने ये कहा कि यूक्रेन के साथ बातचीत को वो तैयार हो सकते है। मध्यस्थता के लिए उन्होंने तीन देशों के नाम भारत, चीन और ब्राजील लिए। यानी पीएम मोदी की तरफ से जो कोशिशे की गई थी, उसे पुतिन की मध्यस्थता के इस विकल्प से बल मिलता है। पीएम नरेंद्र मोदी की मॉस्को, कीव यात्राओं के बाद यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने में भारत की संभावित भूमिका की मांग में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल इस हफ्ते रूस की यात्रा पर जा रहे हैं। डोभाल ब्रिक्स (ब्राजील-रूस-भारत-चीन-दक्षिण अफ्रीका) यूक्रेन संघर्ष समूह के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों के सम्मेलन में हिस्सा पर भी चर्चा होने की संभावना लेंगे। बैठक 10 और 11 सितंबर को मॉस्को में होगी। बैठक रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग समाप्त करने के लिए दोनों देशों के बीच शांति वार्ता को लेकर नए सिरे से जारी प्रयासों के बीच हो रही है।

पीएम मोदी की विदेश नीति के आलोचकों ने सुझाव दिया है कि उनकी 23 अगस्त की यूक्रेन यात्रा पश्चिम के साथ संबंधों को संतुलित करने का एक प्रयास था। हालांकि, यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने 2021 में ग्लासगो में जलवायु परिवर्तन सम्मेलन के दौरान मोदी को निमंत्रण दिया था। युद्ध छिड़ने के कारण प्रधानमंत्री की यात्रा में देरी हुई थी। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि भारत का प्राथमिक उद्देश्य युद्ध समाप्त

कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी सत्ता के लालच में किसी भी हद तक जा सकते हैं : अरुण साव

रायपुर,9 सितंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़

कांग्रेस सांसद और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तीन दिवसीय अमेरिका यात्रा पर हैं. इस दौरान रविवार को राहुल गांधी टेक्सास के डलास पहुंचे. यहां उन्होंने यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्सास के छात्रों से भारत की राजनीति, अर्थव्यवस्था और भारत जोड़ो यात्रा पर चर्चा की. उनके इस बयान के बाद देश में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है. वहीं बेरोजगारी को लेकर राहुल गांधी के दिए गए बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी पर हमला बोला है. डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा, कांग्रेस पार्टी और राहुल गांधी सत्ता के लालच में किस हद तक जा सकते हैं, यह बार-बार परिलक्षित हुआ है. दुनिया में भारत को बदनाम करना कांग्रेस की नीति रही है. ये उसी का प्रदर्शन कर रहे हैं. दस सालों में देश ने जो तरक्की की है वो राहुल गांधी से देखा नहीं जाता. क्योंकि इनका विकास से कोई लेना देना नहीं है. नक्सलवाद को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि बार बार प्रमाणित हुआ है. कांग्रेस पार्टी की नीति क्या हैं जो देश की सेना की कार्यवाही और सुरक्षा बलों के कार्रवाई पर प्रश्न उठाए, भ्रम फैताना और झूठ बोलना कांग्रेस पार्टी की नीति हो गई है. इसमें दीपक बैज पारंगत हो गए हैं इसलिए इस तरह के बयानबाजी कर रहे हैं. स्काईवॉक के लिए टेंडर जारी पर अरुण साव ने कहा कि स्काईवाक को लेकर उच्च स्तर पर निर्णय लिया था कि रुका हुआ निर्माण कार्य आगे बढ़े. उसकी प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है.

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने शिक्षकों का किया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 9 सितंबर। भारत के महान शिक्षाविद डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती को हमारे देश में 5 सितम्बर के दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा पंडरिया क्षेत्र के शिक्षकों के समर्पण और एक सभ्य समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका हेतु उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए 8 सितम्बर को सामुदायिक भवन, नगर पंचायत परिसर पांडातराई में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के 100 से अधिक शिक्षकों को भावना बोहरा द्वारा सम्मानित किया गया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि सनातन संस्कृति और हमारे शास्त्रों में शिक्षकों को भगवान की संज्ञा दी गई है। शिक्षकों को भगवान ब्रम्हा,विष्णु,महेश के रूप में बताया गया है और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य भी है। हमारे शिक्षक निस्वार्थ भाव से समाज को एक नई दिशा देने के साथ ही हमारे आने वाली पीढ़ियों और देश के उज्ज्वल भविष्य की नींव को मजबूत बनाते हैं। एक शिक्षक के लिए गर्व का समय तब होता है जब उनका शिष्य उनसे भी आगे निकल जाता है, इसमें उन्हें निराशा नहीं बल्कि गर्व होता है और यही एक अच्छे गुरु या शिक्षक की पहचान होती है। आज हमारे देश-प्रदेश व क्षेत्र में शिक्षक लगातार अपने कर्तव्यों और दायित्वों का पूरे समर्पण भावना के साथ कार्य कर रहें हैं। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को अकादमिक शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों की शिक्षा भी देते हैं। जिससे वह सही ग़लत की पहचान कर पाते हैं। जीवन में सही मार्ग पर चलना है उसके लिए प्रेरित करते हैं।भावना बोहरा ने कहा कि एक अच्छा शिक्षक अपने सबसे कमजोर विद्यार्थी के आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बढ़ाने में मदद करता हैं। वह अपने शिष्य को अपनी क्षमताओं और योग्यताओं को पहचान कर उसको सदैव बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। गुरु हमें एक सकारात्मक मानसिकता देने के साथ ही हमें अपनी जिंदगी में सफलता हासिल करने में मदद करती है। सावित्रीबाई फुले जिन्होंने देश में शिक्षा खासकर महिलाओं को शिक्षा का अधिकार दिलाने का काम किया। कई सामाजिक कुरूतियों को खत्म करने का उन्होंने काम किया। इसलिए एक शिक्षक अपने ज्ञान कौशल से न केवल हमारे उज्वल भविष्य और सही मार्ग की रचना करते हैं बल्कि सामाजिक परिवर्तन लाने का भी कार्य करते हैं। शिक्षक को हमें ईश्वर का दिया हुआ एक अमूल्य उपहार मानना चाहिए क्योंकि वें हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और आत्मविश्वास बढ़ाने में सहायक होते हैं। इसलिए हमें सदैव उनके आभारी होने चाहिए और उन्हें सदैव उनको सम्मान देना चाहिए।इस अवसर पर राघवेंद्र वर्मा, परमेश्वर चंद्रवंशी, मुकेश ठाकुर,सुखदेव धुर्वे, राजेन्द्र साहू, रोशन दुबे, शिवनाथ वर्मा, कल्याण सिंह, बीरबल साहू, नवल गुप्ता, गौकरण तिवारी, विकास पांडेय,मनोज ठाकुर, अजय गिरी, गीताराम साहू, कृष्णा चंद्राकर, विष्णु चंद्रवंशी, रामू पांडेय, शिव सहाय गुप्ता,अमित चंद्रवंशी, सुदर्शन साहू, रविश सिंह, दिनेश मिश्रा सहित शिक्षकगण एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

एक नजर

अधिकतर घरों में विराजे श्री गणेश भगवान



कवर्धा, 9 सितंबर। कवर्धा में अधिकतर घरों में श्री गणेश भगवान की मूर्ति विराजित की गई है और सुबह और शाम दिया और अगरबत्ती जलाकर नारियल , केला , लड्डू चढ़ाकर गणेश भगवान की पूजा और आरती परिवार के द्वारा की जा रही है । पंडालों में गणेश की मूर्ति विराजित की जा चुकी है और सुबह से देर रात तक बच्चो सहित पूरा परिवार गणेश भगवान की मूर्ति को देखने और पूजा करने के लिए पहुंच रहे है । मार्केट में भी रौनक देखा जा रहा है और केला , सेब और लड्डू की बिक्री बढ़ गई है व्यापारी भी खुश है । पीएचई के कार्यपालन अभियंता दिलीप सिंह राजपूत ने बताया की वर्षो से गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश भगवान की मूर्ति विराजित की जाती है । भगवान गणेश जी की पूजा करने से मनोकामना पूर्ण होती है और अजय ठाकुर ने बताया की वर्षो से घर में गणेश जी की मूर्ति विराजित की जाती है ।

प्रयुष जायसवाल का एमबीबीएस में गवर्नमेंट कोटा बालाजी में हुआ दाखिला

कवर्धा, 9 सितंबर। महाराजपुर गांव के संजय जायसवाल के सुपुत्र प्रयुष जयसवाल का एमबीबीएस में प्रवेश गवर्नमेंट कोटा बालाजी रायपुर में हुआ । तरुण छत्तीसगढ़ से चर्चा करते हुए संजय जायसवाल ने कहा की प्रयुष बचपन से ही हमेशा डॉक्टर बनने का सपना देखता था और मेहनत भी खूब करता था ।

लूट के मामले में युवक गिरफ्तार

भिलाई, 9 सितंबर। भिलाई जामुल थाना क्षेत्र स्कूली छात्र से सायकिल और मोबाइल को लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी सीएसपी हरीश पाटिल ने बताया कि शीतला तालाब के पास आर्य नगर कोहका निवासी युवराज महिलांगे नामक युवक ने छात्र के साथ लूटपाट करना स्वीकार किया साइकिल को आरोपी ने कंचादूर झाड़ी में छिपा कर रखा था मोबाइल को अपने साथ लेकर जाना पुलिस को बताया। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 मोबाईल फोन 40 हजार रूपये नगद जब्त किया है।

निवेश के नाम पर लाखों की ठगी

भिलाई, 9 सितंबर। भिलाई भट्ठी थाना अंतर्गत शेयर इनवेस्ट के झांसे में लेकर दंपती ने 14.71 लाख रुपए की रकम गवां बैठी नेट सर्किंग के दौरान प्रार्थी की पत्नी को शेयर बाजार से मुनाफा कमाने का विज्ञापन दिखा उसे क्लिक करने के बाद आरोपी उन्हें एक के बाद एक लालच देते रहे। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया है पुलिस ने बताया कि सेक्टर-2 सड़क 3 निवासी अजय कुमार प्रजापति (35 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि पत्नी पूनम प्रजापति को इंटरनेट सर्किंग करने के दौरान एक शेयर मार्केट संबंधी विज्ञापन का लिंक दिखा। जिसमें कम समय में स्टॉक मार्केट में निवेश कर अधिक लाभ कमाने के संबंध में लिखा था उस लिंक पर क्लिक करने पर मोबाइलनंबर मांगा गया। नंबर लिखकर सबमिट करते ही उसे एक वाट्सअप ग्रुप में जोड़ दिया गया। जिसमें शेयर मार्केट संबंधी सम्पूर्ण विवरण देकर लाभ कमाने की जानकारी दी गई थी। ग्रुप के एडमिन ने उसे एवं उसकी पत्नी को यह लालच दिया कि यदि वे प्रतियोगिता में हिस्सा लेते हैं तो उन्हें प्रतिदिन वोट देना होगा। इसके एवज में पहले सप्ताह 2 हजार रुपए मिलेंगे। इसके बाद अगले सप्ताह से हर सप्ताह 1000 रूपए बढ़ाकर भुगतान किया जाएगा। रुचि दिखाने पर उन्होंने एक एप डाउनलोड करायाजिसमें शेयर की खरीदी कर अधिक लाभ कमाने का लालच दिया गया। उनकी बातों में आकर 13 बार में कुल 14 लाख 71 हजार रुपए की रकम उनके दिए खातों में ट्रांसफर कर दी अपने साथ ठगी का अहसास होने पर रिपोर्ट दर्ज करा दी

कलेक्टर ने भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना,इथेनॉल उद्योग की समीक्षा बैठक ली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

कवर्धा, 9 सितंबर। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आज भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना के प्रशासनिक भवन कार्यालय में भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा और पीपीपी मोड में स्थापित इंथेनॉल प्लांट की समीक्षा बैठक ली। कलेक्टर ने आगामी पेराई सीजन 2024-25 के तैयारियों एवं मैन्टेनेन्स कार्यो की भी समीक्षा की गई। बैठक में एमडी श्री शर्मा ने बताया कि शक्कर कारखाना द्वारा निर्धारित शेड्यूल के अनुसार रिपेयर एवं मैन्टेनेन्स कार्यो को संपादित किया जा रहा है, जो निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिया जाएगा।कलेक्टर जनमेजय महोबे ने समीक्षा बैठक में पिछली गन्ना पेराई सीजन में कुल गन्ना खरीदी, शक्कर उत्पादन, राज्य शासन द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों को किए राशि भुगतान,भुगतान के लिए शेष राशि सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में कलेक्टर को कारखाना प्रबंध संचालक जी एस शर्मा ने बताया की पेराई सीजन 2023-24 में कारखाना द्वारा कुल 388828 में टन गन्ने की पेराई की गई तथा 12.50 प्रतिशत के मान से कुल 433934 क्विंटल शक्कर का उत्पादन किया गया। सहकारिता विभाग द्वारा गन्ना किसानों को किए गए भुगतान राशि की भी जानकारी दी गई, जिसमें बताया गया कि कारखाना द्वारा गन्ना किसानों को एफ.आर.पी. संपूर्ण राशि 113.52 करोड़ रुपए के संपूर्ण राशि का भुगतान कर दिया गया है। अतिरिक्त रिकव्हरी की राशि 35.81 करोड़ होती है, जिसमें से दो किस्तों में राशि 17.14 करोड़ रुपए का भुगतान कारखाना द्वारा कर दिया गया है तथा शेष राशि 18.66 करोड़ रुपए का भुगतान भी कारखाना द्वारा शीघ्र कर दिया जाएगा। कलेक्टर महोबे ने समीक्षा बैठक में ईथेनॉल प्लांट के उपस्थिति प्रतिनिधि से भी ईथेनॉल प्लांट की समीक्षा की और ईथेनॉल प्लांट को यथा शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिया। *जिस पर ईथेनॉल प्लांट के डायरेक्टर राजेश गौतम ने बताया कि आगामी सप्ताह में दोनो शक्कर कारखानों से मोलासेस का उठाव शुरू कर लिया जाएगा एवम ईथेनॉल प्लांट को शुरू कर लिया जाएगा।* कलेक्टर ने कारखाना में नवनिर्मित प्रशासनिक भवन खण्ड-2 का निरीक्षण गया और कारखाना के समस्त अधिकारी/कर्मचारी/श्रमिक को अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रह कर कार्य संपादित करने तथा कार्यालयीन अनुशासन का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर द्वारा लिये समीक्षा बैठक में कारखाना के प्रबंध संचालक गौरी शंकर शर्मा, महाप्रबंधक (वित्त) दिनेश कुमार बीसी, महाप्रबंधक (प्रशासनिक) अंकित मरकाम, बी.एस. पोटपोसे, चीफ केमिस्ट, के.के. यादव, गन्ना प्रबंधकर तथा ईथेनॉल प्लांट के डायरेक्टर राजेश गौतम उपस्थित थे।

देवेंद्र यादव की निशर्त रिहाई की मांग को लेकर सर्व यादव समाज करेगा विरोध प्रदर्शन

भिलाई, 9 सितंबर। बलौदाबाजार हिंसा मामले की तथ्यता से जांच किए बिना ही के भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की गयी गिरफ्तारी के विरोध में रविवार को सेक्टर-6 स्थित श्री बांके बिहारी डोम शेड में सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की विफलता की वजह से हुई घटना में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई। विधायक की निःशर्त रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। समाज के मीडिया प्रभारी के अनुसार 10 सितंबर को सुपेला घड़ी चैक पर स्थित स्व. चंदूलाल चंद्राकर प्रतिमा के सामने सर्व यादव समाज के बैनर तले एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। विधायक की निःशर्त की मांग रिहाई की मांग मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किया जायेगा। बैठक में युवा यादव कल्याण परिषद, भिलाई यदुवंशी कल्याण संघ, यादव कल्याण परिषद सेक्टर-07, तेलुगू यादव समाज, खुर्सीपार यादव समाज एवं ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

शासकीय चंगोरी स्कूल में मनाया गया शिक्षक दिवस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

पाटन। विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला-चंगोरी में बड़े धूमधाम के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। संस्था के प्रधान पाठक वीरेंद्र कुमार साहू ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तैलचित्र मैं दीप जलाकर पूजन वंदन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुआ। संस्था के प्रधान पाठक के द्वारा गुरु शिष्य की परंपरा एवं डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी एवं आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। विद्यालय की दीपिका मैडम ने छात्र -छात्राओं की जीवन में अनुशासन का बहुत ही महत्व होता है विचार प्रस्तुत किया। शिक्षक दिवस की पावन अवसर में शाला प्रबंधन समिति की सदस्य श्रीमती राधिका कुर्रे की उपस्थिति रही उनके द्वारा सभी शिक्षक शिक्षिका की गुलाल टीका लगाकर पेन प्रदान किया गया। विद्यालय की शाला नायक तरुण कुमार कक्षा पांचवी, उपशाला नायिका कुमारी हर्षिता कक्षा पांचवी एवं छात्र-छात्राओं ने डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तैल चित्र की पूजा कर कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में विरेन्द्र कुमार साहू, दीपिका बंदे, राधिका कुर्रे, ललिता कोसरिया, सत्यवती, कृष्णा यादव सम्मिलित हुईं।

भिलाई, 9 सितंबर। गणेश चतुर्थी पर प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी ने मनोहारी पेंटिंग का निर्माण किया है। जिसमें उन्होंने छुपकर लड्डू खा रहे मूषक का वर्णन किया है। भगवान गणेश उसे लड्डू खाते हुए देख लेते हैं फिर भी अंजान बन जाते हैं ताकि वह निश्छल भाव से उसका रसास्वादन कर सकें। चित्रकार ने इसका भावार्थ बताते हुए कहा है कि हमें भी समस्त प्राणियों के प्रति दया का भाव रखना चाहिए। और उनके भोजन के लिए भी व्यवस्था करनी चाहिए जिससे मानव जीवन को परमार्थ के साथ ही बेजुबान जानवरों का आशीर्वाद मिलता है।

श्रीराम लला की प्रतिमा उप मुख्यमंत्री को भेंट की

भिलाई, 9 सितंबर। इस्पात नगर विकास कल्याण समिति द्वारा 8 सितम्बर रविवार को प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव द्वारा इस्पात नगर के भक्त माता कर्मा मां के मूर्ति के अनावरण समारोह में शामिल हुए और रिसाली के विभिन्न विकास कल्याण कार्य हेतु 14 करोड़ की सौगात प्रदान किया। इस अवसर पर इस्पात नगर विकास कल्याण समिति द्वारा श्री राम लला की प्रतिमा उप मुख्यमंत्री को भेंट किया इस दौरान सांसद विजय बघेल, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, सांसद प्रतिनिधि पप्पू दीपक चंद्राकर उपस्थित थे। प्रतिमा भेंट करने वाले में छाया पार्षद ममता राव, पूर्व जिला बीजेपी मंत्री रमेश शर्मा, राकेश शुक्ला, राजेंद्र सिंह, नंदकिशोर सिंह, धनंजय चतुर्वेदी, भानो जी राव, कल्पना स्वामी, छाया बाग, सरोज गोंडालिया, प्रेमलता गोटिया, संध्या मंडलोई, गीता मिश्रा, जसपाल सिंह, तरसेम कौर, कंचन सिंह, देवकुमार देशमुख, अमर शितोले, इरफान सोधकी, महेश्वर सिंह, सचिन गोस्वामी, ममता साहू, कल्पना बोस, जी सुकन्या, सरला सिंह, सरोज दुबे, प्रदीप सिंह, अनिल ठाकुर ने अरुण साव को पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया और श्री राम लला जी की प्रतिमा भेंट किया।

विधायक रिकेश एमेच्योर वॉलीबॉल एसो. के मुख्य संरक्षक नियुक्त

भिलाई, 9 सितंबर। दुर्ग एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन ने अपनी आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को वर्ष 2024-28 के लिए एसोसिएशन का मुख्य नियुक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशांत डे सहित सचिव वीसी शेखर और कोषाध्यक्ष व्यास नारायण सोनी सहित अन्य पदाधिकारी आमसभा बैठक में मौजूद रहे।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी कमला देवी साहू का निधन

भिलाई, 9 सितंबर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी (72 वर्षीया) श्रीमती कमला देवी साहू का रायपुर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में उपचार के दौरान देर रात 12:00 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ थी, आकस्मिक निधन के कारण पूर्व गृह मंत्री के परिजनों, शुभचिंतकों में शोक व्याप्त है।स्व. कमला देवी साहू जहां मृदुभाषी व मिलनसार थीं। वे अपने पीछे 3 पुत्र और 1 पुत्री सहित पूरा भरा-पूरा परिवार छोड़ गई है। साहू जी का पूरा परिवार हॉस्पिटल में कई दिनों से श्रीमती कमला देवी साहू जी की सेवा कर रहे थे।गृहगांव में पाऊवारा में होगा अंतिम संस्कार-पिछले कुछ समय से उनकी सेहत फिर गिरना शुरू हुई। इसके बाद उन्होंने (रविवार रात 12:00) बजे अंतिम सांस ली। उनके बड़े बेटे जितेंद्र साहू ने बताया कि उनकी माता जी की पार्थिव शरीर (सोमवार) गृहगांव पाऊवारा दुर्ग जिले में ले जाया जाएगा, जहाँ दोपहर 2:00 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

रिसाली में विकास के लिए रुपए की कमी नहीं होगी :उप मुख्यमंत्री

रिसाली। प्रदेश में नगर पालिक निगम रिसाली को बेहतर बनाएंगे। इसकी गिनती और सुंदरता अच्छे निकाय के रूप में होगी। इसके लिए रुपए की कमी होने नहीं देंगे। यह बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव ने कहीं। उन्होंने वार्ड 30 में 15 लाख से चैक सौन्दर्यीकरण के तहत बनाए भक्त माता कर्मा चौक का लोकार्पण किया। वहीं 14 करोड़ 26 लाख 18 हजार से होने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 करोड़ से अधिक की राशि का विकास कार्य महज 8 माह के कार्यकाल का परिणाम है। उन्होंने सरकार की उपलब्धी गिनाते हुए कहा कि किसानों को अंतर की राशि को उनके खातों में सरकार बनने के 12 दिन बाद ही डाल दिया। किसान अंतर की राशि को भूल गए थे। इसी तरह गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति का कार्य लगातार चल रहा है। उप मुख्यमंत्री से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि यहां की जनता उनसे बेहद स्नेह करती है। यही वजह है कि वे दूसरी बार सांसद होकर उनके बीच खड़े है। सांसद ने नगरीय प्रशासन मंत्री से आग्रह किया कि रिसाली निगम की मांगों को वे प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक राशि स्वीकृत करें। इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनूप डे, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा के दीपक साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे व तहसील, जिला एवं प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापित आयुक्त मोनिका वर्मा ने की। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि 14 करोड़ 26 लाख की राशि से होने वाले 171 विकास कार्य शुरूआत है। रिसाली में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने उप मुख्यमंत्री के साथ युवा मोर्चा में एक साथ कार्य करने का हवाला देते हुए कहा कि विकास को गति देने वे लगातार मुलाकात करते रहते है। नगरीय प्रशासन मंत्री उनकी हर योजनाओं को ध्यान से सुनने के बाद उसे क्रियान्वयन के निर्देश देते है। उन्होंने रिसाली के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे यहां विकास की नई गाथा लिखेंगे। अतिथियों का स्वागत महापौर शशि सिन्हा ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी देते कही कि नया निकाय होने की वजह से संसाधन का अभाव है। यहां पेयजल के लिए टैंकर, 2 शव वाहन और ऑडिटोरियम की आवश्यकता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव ने रिसाली स्थित कर्मा चौक पर प्रवेश द्वार के अलावा कर्मा भवन में मंच व अन्य विकास कार्य के लिए 20 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन कर्मा माता चौक का लोकार्पण है। कर्मा भवन में विकास के लिए स्थानीय पदाधिकारियों ने मांग की है। कार्यक्रम समापन से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वही सांसद को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने और विधायक को महापौर शशि सिन्हा ने स्मृति चिन्ह भेंट की। नगरी प्रशासन मंत्री अरूण साव ने उद्बोधन के दौरान कहा कि एक साथ 14 करोड़ से अधिक की राशि से 171 कार्य अलग-अलग वार्डो में होना है। उन्होंने आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि वे कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें।

पूर्व सांसद सरोज पांडेय को पितृ शोक

भिलाई, 9 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व सांसद डॉ. सुश्री सरोज पाण्डेय और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राकेश पाण्डेय के पिताश्री श्यामजी पाण्डेय का आज सोमवार 9 सितंबर को स्वर्गवास हो गया। जिनकी अंतिम यात्रा आज दोपहर 02 बजे मैत्री कुंज, रिसाली (भिलाई) स्थित निवास से शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान की। मृतात्मा को शांति प्रदान करने हेतु मौन श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

मुख्यमंत्री ने उल्लास मेला का किया शुभारंभ

■ कबाड़ से बनाया जुगाड़: असाक्षरों को अक्षर और अंक ज्ञान देने नवाचार प्रयोग की प्रदर्शनी

रायपुर 9 सितंबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में उल्लास साक्षरता अभियान के लगाई गई नवाचारी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और असाक्षरों को अक्षर और अंक ज्ञान कराने के लिए यहां प्रदर्शित नवाचारी प्रयोगों की सराहना की। राज्य के पांचों संभागों एवं एससीईआरटी द्वारा शिक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए विभिन्न तरह के नवीन प्रयोगों पर आधारित प्रदर्शनी लगाई गई थी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को बस्तर संभाग की प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान अंकों की बनी खुमरी पहनाई गई और उन्हें लकड़ी से बनी गणेश जी की प्रतिमा भेंट की गई। बिलासपुर संभाग के प्रदर्शनी में उन्हें शब्दों की बनी खुमरी भेंट की गई। प्रदर्शनी अवलोकन के दौरान मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शासकीय शिक्षक शिक्षण महाविद्यालय के प्रशिक्षार्थियों द्वारा निर्मित सबके लिए शिक्षा डिजिटल साक्षरता की थीम पर बनी रंगोली की सराहना की।

रायपुर जिले के स्टाल में कठपुतली, गीत, रंगोली, चावल के माध्यम से वर्ण और अंकों का बुनियादी ज्ञान और कौशल के साथ साक्षर बनाने का कार्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी के माध्यम से खेल-खेल में वर्ण ज्ञान असाक्षरों को दिए गए। इसके अलावा दुर्ग, बस्तर, सरगुजा और बिलासपुर के भी स्टॉल लगाए गए। प्रदर्शनी में छतरी के माध्यम से वर्ण ज्ञान का नवाचार प्रदर्शित किया गया। उंगलियों के माध्यम से जोड़ने और घटाने की विधि, का प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान वन मंत्री श्री केदार कश्यप, विधायक सर्वश्री पुंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, स्कूल शिक्षा सचिव श्री सिद्धार्थ कोमल परदेश, साक्षरता मिशन संचालक श्री राजेंद्र कटारा, समग्र शिक्षा प्रबंध संचालक श्री संजीव झा, रायपुर कलेक्टर श्री गौरव सिंह और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री संतोष सिंह उपस्थित थे।

एक नजर

यातायात विभाग ने रोड मार्किंग कर व्यापारियों को हिदायत दी

राजनांदगांव 9 सितंबर। पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति0 पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अति0 पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में यातायात यातायात प्रभारी निरीक्षक श्री अजय कुमार खेस, सउनि येनलाल चन्द्राकर, कुंजलाल साहू, थानेश्वर प्रसाद बांधव, कमल किशोर श्रीवास्तव एवं यातायात टीम द्वारा शहर के महावीर चौक से जय स्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक में रोड में सामान लगाकर व्यवसाय कर रहे थे, जिसके कारण यातायात संचालन में असुविधा हो रही थी, जिसे यातायात टीम द्वारा हटाया गया ताकि आमजनों को यातायात में किसी प्रकार की असुविधा न हों साथ ही यातायात टीम द्वारा रोड के दोनो तरफ चूना लगाकर मार्किंग किया गया एवं व्यापारियों को अपना सामान सफेद पट्टी के अंदर लगाकर व्यवसाय करने समझाईश दिया गया। यातायात पुलिस की राजनांदगांव के सभी व्यवसायी से अपील है कि सामान रोड पर बाहर न निकाले एवं दुकानों में आने वाले ग्राहकों के लिये पार्किंग की व्यवस्था करें। जिससे शहर के भीतर होने वाले जाम से छुटकारा पाया जा सके। यातायात व्यवस्था बनाये रखने यातायात विभाग एवं आम जनता का सहयोग करें एवं यातायात नियमों का पालन करें।

गणेश पर्व में अशान्ति फैलाने असामाजिक तत्व पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई

राजनांदगांव 9 सितंबर। पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में गणेश पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिले मे अवैध शराब बिक्री व असामाजिक तत्व, गुण्डा बदमाष, और सार्वजनिक स्थानो पर शराब पीने वालो के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है अभियान कार्यवाही मे शातिनगर में शांति भंग करने के उद्देश्य से शराब पीकर आम जगह मे आने जाने वाले आम जनता को गाली गलौच विवाद कर रहे बदमाश गुमान निषाद उर्फ गोलु पिता पुनाराम निषाद उम्र 32 साल साकिन शातिनगर चौक वार्ड नं. 06 पुलिस चौकी चिखली राजनांदगांव और इसी प्रकार मछली पालन कर रहे ग्राम भेड़ीकला के तालाब मे मछली को पकड़ने की बात को लेकर शराब पीकर वाद विवाद करने 01. राहुल निषाद पिता नीलकंठ निषाद उम्र 26 साल, 02. गोविन्दा मंडावी उर्फ गोलु गोड़ उम्र 28 साल साकिनान भेड़ीकला पुलिस चौकी चिखली जिला राजनांदगांव को मौके पर पहुंच कर समझाईश दी गई जिससे और उग्र होकर लड़ाई झगड़ा मे आमादा हो गया शांति कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए दोनो असामाजिक व्यक्तियो के विरूद्ध धारा 170/126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत कार्यवाही कर मान.न्यायालय राजनांदगांव पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया। असमाजिक तत्वो, गुण्डा बदमाशो के विरूद्ध सतत् अभियान कार्यवाही जारी रहेगी । उपरोक्त कार्यवाही में उनि नरेश कुमार बंजारे, सउनि शत्रुहन टण्डन, प्र.आर. कृष्ण यादव, म0प्र0आर0 वंदना पटले, आर0 मनोज जैन, सुनील बैरागी, मिर्जा असलम, सिन्धु सिन्हा एवं चौकी चिखली स्टाफ का महत्वपूर्ण भूमिका एवं सराहनीय योगदान रहा है।

गणेश पर्व एवं आगामी त्यौहार के मद्देनजर शहर के भीड़भाड़ एवं आउटर क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग कर रही

राजनांदगांव 9 सितंबर। गणेश पर्व एवं आगामी त्यौहारों को मद्देनजर रखते हुए राजनांदगांव शहर में अपराधो पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (आप्स) श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली, लालबाग, बसंतपुर, चौकी चिखली प्रभारी द्वारा अपने दल बल के साथ अपने-अपने थाना क्षेत्रों के भीड़ भाड़ वाले जगहों में भीड़ होने की संभावना को देखते हुए शहर के अंदर एवं आउटर में असामाजिक तत्वो को चेक कर संदिग्धों लोगों से पूछताछ किया गया, गुंडा बदमाश निगरानी बदमाशो पर सतत् निगाह रखते हुये पुलिस पेट्रोलियम किया गया जिससे असामाजिक तत्वों में भय का माहौल बना रहेगा और आम जनता के मन में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा साथ ही थाना डोंगरगांव, घुमका एवं पुलिस चौकी सुरगी, सुकुलदैहान पुलिस द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पुलिस पेट्रोलिंग किया गया। यह कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

खेलन सिंह ठाकुर दूसरी बार बने अजजाशासे संघ के ब्लाक अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

छुरिया 9 सितंबर। अजजा शासकीय सेवक संघ ब्लाक इकाई छुरिया के पिछले कार्यकाल तीन साल पूरा होकर समाप्त होने पर ब्लाक कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया जिसमें निवृत्तमान अध्यक्ष खेलन सिंह ठाकुर के कार्यकाल को उपलब्धि भरा मानते हुए खेलन सिंह ठाकुर को लगातार दूसरी बार ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। संघ के जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा के उपस्थिति एवं पर्यवेक्षक के रूप में उपस्थित जिला कोषाध्यक्ष रोमसिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में गत दिनों गोंड़वाना भवन छुरिया में अजजा शासकीय सेवक संघ ब्लाक इकाई छुरिया के सदस्यों की बैठक आयोजित कर संघ के ब्लाक कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया। पुनर्गठन के पूर्व बैठक में उपस्थित जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा,जिला कोषाध्यक्ष रोमसिंह मंडलोई,ब्लाक अध्यक्ष खेलन सिंह ठाकुर, पूर्व ब्लाक प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी दिनेश कुमार कुरेटी एवं शेरसिंह परतेती ने सभा को संबोधित कर अजजा वर्ग के अधिकारी- कर्मचारियों से संगठित होकर अपने संवैधानिक अधिकारों की प्राप्ति के लिए निरंतर संघर्ष करते रहने के लिए तैयार रहने का आव्हान किया।वक्ताओ ने कहा कि हम राजा - महाराजाओं के वंशज है लेकिन लोकतंत्र में हमें जो सम्मान एवं अधिकार मिलना चाहिए वह आज तक नहीं मिल पाया है। छत्तीसगढ़ में हमें 32तआरक्षण मिलने के साथ हमारे पदोन्नति में भी हमें आरक्षण मिलना चाहिए तथा पांचवी अनुसूची क्षेत्र में स्थानीय मूल-निवासियों को 100तआरक्षण मिलना चाहिए वह भी नहीं मिल पा रहा है।अजजा वर्ग के लिए आरक्षित बैकलॉक के सभी रिक्त पद अजजा वर्ग से भरा जाना चाहिए लेकिन उसको नहीं भरा जा रहा है। इस तरह से हमारे अधिकारों से हमें वंचित कर दिया गया हैं। हमारे संघ की मजबूती के लिए अजजा वर्ग के सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को हमारे संघ से जुड़कर संघर्ष में सहभागिता निभाना चाहिए। पुनर्गठित ब्लाक कार्यकारिणी इस प्रकार है - संरक्षकगण- शेरसिंह परतेती, दिनेश कुमार कुरेटी, रेखूराम भूआर्य, रघुराम चन्द्रवंशी एवं झाड़ूराम ठाकुर, अध्यक्ष- खेलन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष ईश्वर दास मंडावी, बेला चन्द्रवंशी एवं पुरुषोत्तम पडोटी, कोषाध्यक्ष-नाथूराम सूर्यवंशी,महासचिव गिरधारी सहारे,सचिव- संजय कुमार कोर्राम एवं मनोज कुमार रावटे, संयुक्त सचिव- तुलसा मंडावी,तिलक राम खांडे,देवनारायण सहारे,पुरुषोत्तम नेताम एवं तेजराम नाग,प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी- राजेश नेताम एवं पदमा सेवता, कार्यकारिणी सदस्य- कुंवर सिंह मंडावी, कलाराम फुलकंवर, राजेश मंडावी,हीरारा चन्द्रवंशी,सियाराम मंडावी,जीवराखन उइके, चुनूराम चन्द्रवंशी,ओमप्रकाश नेटी,वामन कोर्राम, दुखहरण मंडावी, रामकिशोर पंचारे, चिन्ताराम सेवता, असऊराम कारिहेरपार,रेखा पुजारी,कौशिल्या कोले एवं कल्पलता चन्द्रवंशी सामिल है। पुनर्गठन के पश्चात अजजाशासे संघ के जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा ने नवचयनित ब्लाक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाया तथा नये जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी इस अवसर पर प्रमुख रूप से सर्व आदिवासी समाज के ब्लाक अध्यक्ष पवन पंचारी, ब्लाक सचिव देशराम कोर्राम,देवा ठाकुर,प्रहलाद ठाकुर, अलेन ठाकुर,राजेश नेताम आदि सहित अजजा शासकीय सेवक संघ के सदस्यगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल में दिल की धड़कन को नियंत्रित करने के लिए पेसमेकर लगाया गया

रायपुर 9 सितंबर। एक 37 वर्षीय महिला को 10 साल पहले जन्मजात दिल की बीमारी (एबस्टीन एनोमली) के कारण एक जटिल सर्जरी (फॉन्टेन ऑपरेशन) से गुजरना पड़ा था। इस सर्जरी में उनके दिल को 4 चैम्बर वाले दिल से 2 चैम्बर वाले दिल में बदल दिया गया था, क्योंकि उनके दिल का दाहिने तरफ का हिस्सा काम नहीं कर रहा था। आमतौर पर गंदा खून दाईं तरफ के दिल में जाता है, लेकिन इस सर्जरी के बाद इसे सीधे फेफड़ों में भेजा जाता है (जैसे मछली के दिल में होता है)। फेफड़ों में साफ होने के बाद खून दिल के बाईं तरफ जाता है और फिर शरीर में पंप किया जाता है। हालांकि, सर्जरी के लगभग 8 साल बाद, उन्हें दिल की धड़कन में अनियमितता के कारण बेहोशी के दौरे आने लगे, जो इस तरह की सर्जरी के बाद लगभग 5त मामलों में होता है। अलग-अलग डॉक्टरों से परामर्श लेने के बाद, वे अगस्त 2024 में हमारे पास आए और हमारे बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. किंजल बख्शी द्वारा जांच की गई। जांच में पाया गया कि उन्हें ÷सिक साइनस सिंड्रोम÷ है, जिसमें दिल की धड़कन 20 धड़कन प्रति मिनट से 140 धड़कन प्रति मिनट तक घटती-बढ़ती थी।

मोहला में संयुक्त रूप से मनाया गया शिक्षक दिवस

मोहला 9 सितंबर। शिक्षक दिवस पर स्व. लाल श्याम शाह नवीन महाविद्यालय एवं शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय मोहला में संयुक्त रूप से शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और पूजा-अर्चना कर किया गया।तत्पश्चात महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षकगण,विद्यार्थी एवं कार्यालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। साथ ही जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष नरसिंह भंडारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे। उद्बोधन के रूप में नरसिंह भंडारी ने कहा कि शिक्षक वह मोमबत्ती है जो स्वयं जलकर दूसरों को रोशन करता है। रूपलाल मंडावी (सहा.प्राध्यापक,गणित) ने विद्यार्थियों को अनुशासित ढंग से विद्यार्थी जीवन निर्वहन करने की प्रेरणा दी। भानुप्रताप वर्मा ने शिक्षक दिवस मनाने के इतिहास पर चर्चा की । तदोपरांत डॉ.रीना कोमरे ने शिक्षक का विद्यार्थियों के जीवन में महत्व को कविता के रूप में प्रस्तुत किया। डॉ.अमित गुप्ता जी ने गुरु के महत्ता को श्लोक द्वारा बताया। राम कुमार साहू एवं डॉ.मीनू रमन ने बच्चों को उनके सफल जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। पश्चात जनभागीदारी अध्यक्ष नरसिंह भंडारी व जनभागीदारी सदस्यों के द्वारा महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने गीत,भाषण एवं सांस्कृतिक नृत्य की प्रस्तुति भी दी। समारोह के अंत में विद्यार्थियों के द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मान -स्वरूप उपहार भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन अरविंद सोनवानी एवं कामिनी निषाद ने किया।

अनुशासन के साथ जीवन के संघर्षों को सरल बनाने की कला सिखाते हैं शिक्षक

राजनांदगांव 9 सितंबर। शिक्षक अपने विद्यार्थियों को सिर्फ पुस्तकिय ज्ञान नहीं देते हैं। बल्कि उनके अच्छे संस्कार अनुशासन सगुण तथा स्वच्छ विचार भी उत्पन्न करते है। जिससे वे अनुशासन के साथ जीवन की संघर्षों को सरल बनाने की कला सिखाते हैं, ग्राम पंचायत रानीतराई आश्रित ग्राम आलीखुटा निवासी ओगेश्वर प्रसाद साहू सहायक शिक्षक एलबी प्राथमिक शाला बसंतपुर संकुल केंद्र सदर बाजार विकासखंड राजनंदगांव द्वारा नित नवाचार अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए सकारात्मक सोच एवं दृढ़ संकल्प के साथ कार्य करता है। उनके इन्हीं लग्न एवं एवं कार्यों के लिए 5 सितंबर 2024 को गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम राजनांदगांव में विधानसभाअध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा दूत अलंकरण द्वारा सम्मानित किया गया। इनके द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए नित नवाचार करते हैं, कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास,मोहल्ला कक्षा का सफल संचालन के साथ विकासखंड का पहला स्मार्ट शाला बनाया, पुस्तक दान कार्यक्रम चलाकर जन सहयोग से मुस्कान पुस्तकालय का निर्माण, नशा उन्मूलन कार्यक्रम तथा खेल खेल मे शिक्षा, विकासखंड एवं जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर का कार्य किया जा रहा है।शिक्षा दूत सम्मान मिलने पर अगेश्वर देशमुख जिला पंचायत सदस्य राजनांदगांव रोहित चंद्राकर उपाध्यक्ष जनपद पंचायत राजनांदगांव रोशनी योगेन्द्र वैष्णव क्षेत्रीय जनपद सदस्य डॉ राजेन्द्र साहु सरपंच सहित शिक्षक ग्रामवासियों ने बधाई दी।

बिना फिटनेस और बगैर कागज़ात के मालवाहक गाडियां चलाई जा रहीं

छुरिया 9 सितंबर। आरटीओ से अनफिट बगैर कागज़ात बगैर रजिस्ट्रेशन जिसका का कोई भी कागजात नहीं हैं ना बीमा, ना आरसी बुक, ना ही इंश्योरेंस ,ना टैक्स जमा ऐसी गाडियां बेधडक रोड पर चल रही है जिसके तरफ प्रशासन की नजर नही हैं। और न ही आरटीओ को खबर हैं। इन गाडियों से कभी भी दुर्घटना घट सकती हैं।आम जनमानस की जान खतरे से भरी है । बेधडक ऐसी गाडियों का संचालन लोग कर रहे हैं। जो गाड़ी का न रिकॉर्ड सही नाही किसी प्रकार की कागजात हो ऐसी गाडियों का आखिर संचालन कैसे कर रहे हैं और प्रशासन ऐसी गाड़ी संचालकों पर करवाई आखिर क्यों नही कर रही हैं क्या वह लोगों के जान लेने पर आमादा है समय रहते अगर इन गाडियों को रोकथाम नहीं किया गया या कार्रवाई नहीं की गई तो आम जनमानस की जान से खिलवाड़ होने देर नहीं लगेगी।

शिक्षक दिवस पर ममता श्रीवास्तव को किया गया सम्मानित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव 9 सितंबर। शहर के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज पैरेंट्स प्राइड स्कूल,बल्देवबाग,राजनांदगाव मे बड़े ही हर्षोल्लास के साथ शिक्षक दिवस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह मे श्रीमती ममता श्रीवास्तव को अनवरत तेरह वर्षो से संस्था के प्रति उनकीकर्त्तव्यनिष्ठा, त्याग,समर्पण अनुशासन एवं बहुमूल्य योगदान के लिए श्रेष्ठ शिक्षिका के सम्मान से संस्था के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा श्रीफल एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस सम्मान के लिए संस्था की प्रिंसिपल श्रीमती इला राठौर,वॉइस प्रिंसिपल श्रीमती आरती पिछे, समस्त शिक्षिकाओं सहित इंद्राशीष परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। श्रीमती ममता श्रीवास्तव,प्रेस क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं वरिष्ठ जर्नलिस्ट, श्री सुनील श्रीवास्तव की धर्मपत्नी है।

भक्ति और मुक्ति के लिए राम नाम जरूरी:कुलबीर

■ चिखली में दो दिवसीय रामनाम सप्ताह प्रतियोगिता में शामिल हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष

राजनांदगांव 9 सितंबर। प्रभु श्रीरामचंद्र जी का संपूर्ण जीवन सत्य, प्रेम, त्याग, तपस्या और समर्पण से ओतप्रोत है। मर्यादा पुरूषोतम श्रीराम के जीवन का अनुसरण करना चाहिए उक्त उदगार शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने शातिनगर वार्ड नं. 06 व 10 गौरा चौरा मंदिर प्रांगण में विगत दिनों रामनाम सप्ताह समिति द्वारा आयोजित दो दिवसीय रामनाम सप्ताह प्रतियोगिता में कही। इस रामनाम सप्ताह में अंचल के ख्याति प्राप्त मंडलियों द्वारा श्रीराम भक्ति की अविरल धारा प्रवाहित कर जनमानस को मर्यादा पुरूषोत्तम प्रभु श्रीराम का रसपान कराया। बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने सर्वप्रथम श्री प्रभूरामचंद्र जी व रामदरबार के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर क्षेत्रवासियों सहित माताएं-बहनों व बच्चों की खुशहाली की करता करते हुए पूजा अर्चना की। रामनाम सप्ताह को संबोधित करते हुए शहरकांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि जिस पावन धरा पर प्रभु श्रीरामनाम सप्ताह का आयोजन होता हो वहां पर सदैव हनुमान जी महाराज विराजमान रहते है। रामचरित मानस के सभी पात्र अपने आप में अनुकरणीय है जिसमें भक्ति, मुक्ति और शक्ति समाहित है। इस तरह के धार्मिक आयोजनों से हमारे आने वाली पीढ़ी भी आधुनिकता के दौर में संस्कारवान हो ऐसी भावनाओं के साथ ऐसे आयोजन हो यही मेरी कामना है। इस दो दिवसीय रामनाम सप्ताह में अचंल के ख्याति प्राप्त मंडलियों द्वारा अपनी विभिन्न प्रस्तुतियों व सुमधुर गीत-संगीत से श्रोतागणों को आनंदित किया। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा द्वारा प्रतिभागी मंडलियों को श्रीफल व प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहम्मद यहया, समिति के अध्यक्ष हेमंत राजपूत, यादराम वर्मा, कैलाश वर्मा, देवेश वैष्णव, हिमांशु वैष्णव, दीपेश शेन्डे, रोशन यादव, मनोहर साहू, सूरज गौतम, डोमन पटेल, कमलकिशोर साहू, गोलू लहरे, नरेन्द्र साहू, संजू यादव, उत्तम, दीपक स्वरूप, शीतल चौबे, रमेश क्षत्री, मनोज वर्मा, मनोज सिन्हा, श्रवण वर्मा, पिन्टू मानिकपुरी सहित आयोजन समिति व वार्डवासी उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय श्रम दिवस पर भारतीय मज़दूर संघ की रैली

राजनांदगांव 9 सितंबर। राष्ट्रीय श्रम दिवस विश्वकर्मा जयंती के मौके पर जिला भारतीय मजदूर संघ मजदूरों का एक बड़ा सम्मेलन कर रैली निकालेगा, जो शहर के प्रमुख मार्गो का भ्रमण करते हुये महावीर चौक में समाप्त होगी। इस आशय का निर्णय आज संपन्न भारतीय मजदूर संघ के जिला इकाई की बैठक में लिया गया। भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने प्रेस बयान में कहा कि भारतीय मजदूर संघ प्रारंभ से ही भगवान विश्वकर्मा के जन्मदिवस 17 सितम्बर को देश के मजदूरों का वास्तविक मजदूर दिवस मानते आया है। इस दिन जहाँ कलकारखानों में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति रखी जाती है, उनका पूजन-अर्चन होता है, वही भारतीय मजदूर संघ इसे मजदूरों का बड़ा त्यौहार मानते हुये समारोह करता है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भारतीय मजदूर संघ म्यूनिस्पल स्कूल स्थित गाँधी सांस्कृतिक भवन में मजदूरों का एक बड़ा सम्मेलन करेगा और सम्मेलन के पश्चात् रैली भी निकाली जायेगी, इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

ब्रह्माकुमारी सेंटर में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को शाल भेंट कर सम्मानित किया

■ माता-पिता के बाद शिक्षक ही हैं,जो हमें गलत राह पर जाने से बचाते हैं: प्राजक्ता बहन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

नगरी 9 सितंबर। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय नगरी के राज ऋषि भवन में शिक्षक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों को शिक्षा के प्रति उसके योगदान को याद करते हुए शाल व श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया, सर्वप्रथम सभी अतिथियों के द्वारा सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी के तैल चित्र पर टीका लगाके पुष्पांजलि अर्पित करने के पश्चात सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षकों ने शिक्षक दिवस पर अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किया,

मुख्य वक्ता धमतरी से आई ब्रम्हाकुमारी प्राजक्ता बहन ने कहा कि सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। डॉ. सर्वपल्ली भारत के पहले उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति थे। शिक्षकों को समर्पित यह दिन शिक्षकों के समर्पण और कठिन परिश्रम को सम्मान देने और उनकी छात्रों के जीवन में अहम भूमिका को बताने के लिए मनाया जाता है, बहन जी ने कहा कि शिक्षकों का राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान है, माता-पिता के बाद शिक्षक ही होते हैं, जो हमें गलत राह पर जाने से बचाते हैं। जिंदगी में सही-गलत का फर्क समझाते हैं और समाज में हमें एक बेहतर इंसान बनाने की तमाम कोशिशें करते हैं। अंत में प्राजक्ता बहन ने कार्यक्रम में शामिल सभी शिक्षक शिक्षिकाएं को शिक्षक दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, इस अवसर पर सेवानिवृत्त प्राचार्य ए.एल.बनपेला जी, सेवानिवृत्ति बीईओ आर एल.देव जी सेवानिवृत प्राचार्य श्री के.एस.श्रीमाली जी सेवानिवृत्ति व्याख्याता डीसी खत्री जी,डा.अंबा शुक्ला, प्रोफेसर शासकीय सुखराम महाविद्यालय नगरी, डाईट नगरी से जोहन नेताम,महानदी एकैडमी नगरी के प्राचार्य लखबीर सिंह,श्रृंगी ऋषि विद्यालय के प्राचार्य एस.के प्रजापति सहित वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं एवं सेंटर के भाई बहन उपस्थित थे।

संपादकीय

शुरुआत तो व्यक्ति से ही होती है

अपराध हो,भ्रष्टाचार हो,सदाचार हो, इसकी शुरुआत तो आदमी से ही होती है। इसलिए इसके रोकने की शुरुआत भी इसी स्तर पर होनी चाहिए।जब ऐसा नहीं होता है तो समस्या और गंभीर हो जाती है। क्योंकि व्यक्ति का अपराध,भ्रष्टाचार चिंता की बात तो होती है लेकिन इससे समाज व देश को बहुत नुकसान नहीं होता है, इससे समाज,संस्थाओं, प्रदेश में बेईमानी का राज नहीं हो जाता है, ईमानदारी बची रहती है और उससे समाज में एक ईमानदारी व बेईमानी का संतुलन बना रहता है। आदमी जब बेईमानी करने के साथ ही ईमानदारी को बचाए रखने का प्रयास भी करता है तो बेईमानी व्यक्तिगत स्तर पर बनी तो रहती है लेकिन समाज व सरकार के स्तर पर नहीं फैलती है।सामूहिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा नहीं मिलता है। ईमानदार लोगों की कोशिश रहती है कि भ्रष्टाचार व अपराध व्यक्तिगत स्तर पर ही रहे तो इससे नुकसान तो होता है लेकिन समाज व सामूहिक तौर पर जो भ्रष्टाचार व अपराध होता है, उससे कम नुकसान होता है। व्यक्तिगत तौर पर भ्रष्टाचार को माना जाता है कि इसे परिवार की भले ही स्वीकृति हो लेकिन समाज व सरकार यानी सामूहिक तौर पर इसे स्वीकृति नहीं मिलती है। यानी समाज व सरकार के स्तर पर इसे अपराध माना जाता है, बुरा माना जाता है। राजनीतिक दलों के नेता जब पद पर आकर भ्रष्टाचार करते हैं तो उसे सजा देकर या पद से हटाकर उसका एक तरह से विरोध ही किया जाता है, इसका मतलब यह निकाला जाता है कि राजनीतिक दल का नेता भ्रष्टाचार करे तो उसे दल बुरा मानता है। लेकिन जब पूरी पार्टी ही भ्रष्ट हो जाए, पार्टी में कोई भ्रष्टाचार को विरोध ही न करे तो माना तो यही जाता है कि पूरी पार्टी ही भ्रष्ट हो गई है। जब पूरी पार्टी व सरकार ही भ्रष्टाचार में लिप्त हो जाती है तो यह सबसे बुरी बात होती है क्योंकि फिर कोई भ्रष्टाचार को बुरा मानता ही नहीं है। क्योंकि भ्रष्टाचार को बुरा मानकर रोकने का काम तो सरकार का है है, परिवार का ही है। जब वह बुरा नहीं मानते हैं तो उसे स्वाभाविक और अनिवार्य हो जाता है। यही वजह है कि कई राजनीतिक परिवार व परिवारवादी राजनीतिक दल हैं जिनके लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, जिन पर भ्रष्टाचार का आरोप लगा है लेकिन कोई उसे जाहिर तौर पर बुरा नहीं कहता है,सब उसे चुप रहकर अनिवार्य और स्वाभाविक मानते हैं। सब बड़ी मासूमियत से कहते हैं कि उन पर भ्रष्टाचार के झूठे आरोप लगाए गए हैं। उनको फंसाया गया है। व्यक्ति से जब भ्रष्टाचार समूह में किया जाने लगता है तो उसे खत्म करना और मुश्किल हो जाता है। क्योंकि समूह में तो सब समान रूप से भ्रष्ट होते हैं, कोई किसी को बुरा नहीं कहता है,इसलिए भ्रष्टाचार करना न किसी को बुरा लगता है और न ही कोई उसे बुरा कहता है। राजनीतिक दल व सरकार तक जब भ्रष्ट हो जाए तो देश में सामूहिक भ्रष्टाचार को और बढ़ावा मिलता है। व्यक्तिगत भ्रष्टाचार से हमेशा सामूहिक भ्रष्टाचार ज्यादा बुरा होता है।व्यक्तिगत भ्रष्टाचार में तो कोई उसे बुरा कहने वाला भी होता है। सामूहिक भ्रष्टाचार में तो बुरा कहने वाला कोई नहीं होता है। सब यही मानते हैं जब सरकार भ्रष्टाचार करती है, राजनीतिक दल भ्रष्टाचार कर सकते हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते, हमें क्यों नहीं करना चाहिए। इसके बाद ही सामूहिक भ्रष्टाचार नए नए तरीके से किया जाने लगता है। जैसा भ्रष्टाचार पहले कभी नहीं हुआ था, वैसा भ्रष्टाचार होने लगता है। दिल्ली में सरकार ने जो होने दिया या किया, छत्तीसगढ़ मे एक सरकार ने जो होने दिया और किया वह इसी तरह के उदाहरण हैं। यही वजह है कि आज पार्टी के लिए जो नेता ज्यादा पैसा किसी भी तरह से जुटा सकता है, वही बड़ा नेता माना जाता है। उसे ही बड़ा पद दिया जाता है। उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाए तो कोई उसे बुरा नहीं कहता है।जब पूरे राज्य व देश में ऐसा होने लगता है तो सामूहिक भ्रष्टाचार के नए नए उदाहरण सामने आने लगते हैं जैसे हाल ही में एक खबर आई है कि देश के एक जिले की मात्र 15 पंचायतों में674 युवाओं ने आधार कार्ड में अपनी उम्र बढ़वाकर 4.40 करोड़ रुपए वृध्दावस्था पेंशन ले चुके हैं।देश में लाखों पंचायत हैं तो कल्पना की जा सकती है कि सामूहिक भ्रष्टाचार कितने गहरे पैठता जा रहा है,स्वीकार किया जा रहा है।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस विशेष

डॉ. प्रितम भि. गेडाम

आत्महत्या समस्या का हल नहीं, कमजोरी है

आत्महत्या कभी भी, किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि आत्महत्या एक अपराध है। समस्याओं से भागना कमजोरी है, सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान मनुष्य है, लेकिन पूरी दुनिया में मनुष्य के अलावा कोई भी जानवर या जीव आत्महत्या नहीं करता। जब एक प्राणी भी अपने जीवन के अंत तक संघर्ष करता है, तो आज के आधुनिक समाज में सुविधा संपन्न व्यक्ति आत्महत्या क्यों करता है, यह पूरी तरह से अनुचित है। जीवन में हर व्यक्ति का संघर्ष दूसरों को बेहतर जीवन जीने के लिए प्रेरित करता है। असफलता हमें सिखाती है कि क्या नहीं करना चाहिए। दुख है तो सुख भी है, नफरत है तो प्रेम भी है, असत्य है तो सत्य भी है, बुराई है तो अच्छाई भी है। हर दिन एक जैसा नहीं होता, परिवर्तन संसार का नियम है। पशु-पक्षी, जीव-जन्तु कभी निराश नहीं होते, जब तक जीवन है, तब तक काम करते हैं, जब वे कठिनाइयों का सामना करते हैं तो उनकी मदद करने वाला तक कोई नहीं होता।

आत्महत्या से वैश्विक स्तर पर हर साल 7 लाख से अधिक मौतें होती हैं। आत्महत्या से घर परिवार, समुदाय पर गहरा प्रभाव पड़ता है। घर के किसी व्यक्ति के जाने के बाद उसकी कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। आत्महत्या से परिवार के लोगो को आर्थिक, मानसिक, सामाजिक पीड़ा सहनी पड़ती है। इस साल 2024 से 2026 तक के लिए ₹विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस₹ का त्रिवार्षिक थीम ₹बातचीत शुरू करने₹ के आह्वान के साथ ₹आत्महत्या पर कथा बदलना₹ है। इस थीम का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और आत्महत्या की रोकथाम के बारे में खुली बातचीत को प्रोत्साहित करना है। चुप्पी और कलंक की संस्कृति से खुलेपन, समझ और समर्थन की संस्कृति में बदल सकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन अनुसार, जितने लोग आत्महत्या करते है उससे 20 गुना अधिक लोग आत्महत्या का प्रयास करते हैं, दुनिया में औसतन हर 40 सेकंड में आत्महत्या से एक मौत और हर 3 सेकंड में एक आत्महत्या का प्रयास है।

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों के आधार पर ₹छात्र आत्महत्या : भारत में फैलती महामारी₹ रिपोर्ट 2024 अनुसार, हर साल आत्महत्याओं में 2 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है और चौंकानेवाली बात है कि छात्र आत्महत्याओं में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। दुनिया में सबसे ज्यादा आत्महत्याएं भारत में होती हैं। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में 171,000 लोग आत्महत्या से मर गए, जिसमें 2021 की तुलना में 4.2% की वृद्धि और 2018 की तुलना में 27% की वृद्धि दर्ज की गई। एक लाख पर आत्महत्या की दर 12.4 हो गई है, जो बहुत अधिक है। 2022 में देश में 1.7 लाख आत्महत्या से होने वाली मौतों में से 13.3% के साथ, महाराष्ट्र राज्य देश की आत्महत्या राजधानी के रूप में शीर्ष पर है। महाराष्ट्र राज्य के राहत और पुनर्वास विभाग की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल महाराष्ट्र राज्य में 2,851 किसानों ने वित्तीय संकट के कारण आत्महत्या करके अपनी जान दे दी। 2022 में यह संख्या बढ़कर 2,942 हो गई, जबकि 2021 में यह 2,743 थी।

सरकारी अधिकारियों की गलतियों, लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण कई दुर्घटनाएं होती हैं, जिनमें हमेशा जान-माल की हानि होती है, ऐसी दुर्घटनाओं में हर साल बड़ी संख्या में लोग मारे जाते हैं, फिर भी दोषी अधिकारी ये अपराधी होकर भी आत्मग्लानि में नहीं जलते और आत्महत्या नहीं करते, फिर हम क्यों छोटी-छोटी बात पर अपना आपा खो देते है। मनुष्य की बुराइयों ने आज जीवन को कठिन बना दिया है, क्योंकि मनुष्य के लालच और स्वार्थ ने समस्याएं पैदा कर दी हैं। झूठा दिखावा, लोगों से अत्यधिक अपेक्षाएं या ज्यादा भरोसा, घमंड, नशे की लत,

संस्कार की कमी, गलत संगत, कथनी-करनी में अंतर, अनियंत्रित भावनाएं, मेहनत की कमी, आलस्य, कमजोर महसूस करना, जल्दी हार मानना, संतुष्टि की कमी ये सब मानव निर्मित समस्याएं हैं, जो मृत्यु का कारण भी बनती है। जो जीत हासिल करना जानते है, उन्होंने ही दुनिया में इतिहास रचा है, क्योंकि उन्होंने संघर्ष किया है, अपना लोहा मनवाया है।

जिंदादिली का सबसे बड़ा उदाहरण हमारे देश के नेता हैं, हमें उनसे सीखना चाहिए कि हर कठिन परिस्थिति में सकारात्मक सोच कैसे रखनी चाहिए। चुनाव जीते-हारे, दलबदल, घोटालों का गंभीर आरोप लगे या उन पर केस हो, जेल जाना पड़े, मंत्रीपद छोड़ना पड़े, गठबंधन टूट जाए, प्रतिद्वंदियों से हाथ मिलाना पड़े, लेकिन नेता हमेशा तनाव को नियंत्रित रखते है, हर हाल में जनता को सकारात्मक वादे करते हैं और खुद भी स्वस्थ बने रहते हैं। चुनाव के दौरान वह बारिश और धूप में लगातार रैली करते है, यहां तक कि कम नींद लेकर भी अपनी ऊर्जा बनाये रखते है। उम्र का उन पर ज्यादा असर नहीं दिखता, वे हर दिन 12-14 घंटे व्यस्त रहते हैं। मुश्किल प्रसंग में भी आत्महत्या के बारे में नहीं सोचते, यह आदतें, व्यवहार, बातें हम सभी को सीखने की जरूरत है।

इंसानी जज्बे, बुलंद हौसले और जुनून की अनूठी मिसाल माउंटेन मैन दशरथ मांझी जो बिहार के ग्रामीण क्षेत्र के अतिसामान्य गरीब बुजुर्ग व्यक्ति, जिन्होंने अकेले लगातार 22 साल हथोड़े छेनी के मदद से पहाड़ काटकर रास्ता बनाया। लोग पहले उन्हें पागल कहते थे, लेकिन उन्होंने पूरी दुनिया में इतिहास रच दिया। धुप, बारिश, तूफान हर मौसम की चुनौतियों को पार कर एक वयोवृद्ध व्यक्ति ने असंभव को संभव बना दिया। जरा सोचकर देखो कि इन 22 सालों में उन्हें कितनी तकलीफें सहनी पड़ी होगी, लेकिन उनका लक्ष्य केवल एक था, वे अपने लक्ष्य से कभी विचलित नहीं हुए, न कभी हिम्मत हारी। इसे कहते है सकारात्मक सोच का जज्बा। पैरालंपिक में दुनिया के दिव्यांग खिलाड़ी अपना सर्वश्रेष्ठ कौशल दिखाते हैं और देश के लिए पदक जीतकर देश का मान बढ़ाते हैं। स्टीफन विलियम हॉकिंग जैसे कई वैज्ञानिकों ने अपनी विकलांगता को कमजोरी नहीं बनने दी, उन्होंने नई खोज कर इतिहास रचा है। मनुष्य को कभी भी अपने आप को कमजोर नहीं समझना चाहिए और ना ही कभी हार माननी चाहिए। इस अनमोल जीवन को खुशी से आखिरी सांस तक हर परिस्थिति में मुस्कुराते हुए जीना है। सारी दुनिया की दौलत खर्च करने के बाद भी हम एक पल की जिंदगी भी खरीद नहीं सकते। अनमोल जीवन का मूल्य समझें। छोटीसी चींटी भी बार-बार असफल होने के बाद भी प्रयास नहीं छोड़ती है, हार नहीं मानती, फिर से प्रयास कर सफल होती हैं, तो फिर कोई व्यक्ति आत्महत्या जैसा अपराध क्यों करता है?

दुनिया में हमसे भी ज्यादा लोग संघर्ष करते है। गुस्से या आवेश में आकर जल्दबाजी में कभी कोई निर्णय न लें, खुशी या भावनाओं में बहकर कोई भी वादा न करें। कोई भी अनुचित निर्णय लेने से पहले उसके परिणाम, अपनों पर प्रभाव, भविष्य पर विचार करें। लोगों से ज्यादा उम्मीदें न लगाएं, झूठे दिखावे से बचें, अपनी मयार्दाओं को पहचानें। बच्चों को अच्छे-बुरे की समझ दें, बुजुर्गों और महिलाओं का आदर, कमजोरों की मदद, नशे से दूरी, संस्कार, न्याय और एकता की सीख बच्चों को बचपन से मिलनी चाहिए। हेल्दी हॉबी, परोपकारिता, व्यायाम, प्रकृति और पशुओं से प्रेम, समाज और देश के प्रति नैतिक जिम्मेदारी, अच्छे काम के लिए श्रमदान करने से हमें परिपक्वता, सुजान नागरिक और समाधानी बनने में मदद मिलती है। ऐसे दिनचर्या और जीवनशैली से हम हमेशा सुखद वातावरण का अहसास करते है, सकारात्मक विचारशक्ति बढ़ती है, तनाव मुक्त जीवन जीने का यह आसान तरीका है।

आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपको काफी संघर्षों के बाद पर राहत मिलती दिख रही हैं। आप अपने आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए काफी प्रयास करेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। संतान के मनमाने व्यवहार के कारण आपको कुछ समस्याएं आ सकती हैं। आप अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां में बिल्कुल ढील ना दें। कार्यक्षेत्र में आप अपने कामों में कोई बदलाव करने की सोचेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने किसी मित्र की कोई बात बुरी लग सकती है।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों की तुलना में अच्छा रहने वाला है। आप अपने मित्र के साथ कहीं घूमने फिरने में समय बिताएंगे, जिससे आपके मन में चल रही समस्याओं से काफी हद तक आपको राहत मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जाने की प्लानिंग कर सकते हैं। किसी पुराने काम को लेकर आपको कोई टेंशन हो सकती हैं आपके बिजनेस में आपको अच्छा मिलने की संभावना है। आपको किसी छोटी गलती पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपको कुछ लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है, नहीं तो वह आपको परेशान करने की कोशिश करेंगे। आपके किसी परीक्षा के परिणाम आने से आप खुश होंगे। जीवनसाथी का सहयोग आसानी से आपको भरपूर मात्रा में मिलता दिख रहा है। यदि आप अपने बिजनेस को लेकर कोई लोन आदि अप्लाई कर रहे थे, तो उसके भी मिलने में आपको आसानी होगी। आपको किसी शुभ व मांगलिक कार्यक्रम में सम्मिलित होने का मौका मिल सकता है। परिवार में किसी सदस्य को नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई कानूनी मामला लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो वह दूर हो सकता है। पारिवारिक जीवन में आपको सावधान रहने की आवश्यकता है। माता-पिता के सेहत पर आपको पूरा ध्यान देना होगा। आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी। आप यदि एक साथ कई कामों में हाथ डालने की कोशिश करेंगे तो उसमें आपका काफी काम रुक सकते हैं। आपको अपने मन में चल रही उलझन को लेकर किसी सहयोगी से बातचीत करनी होगी।

सिंह- आज का दिन आपके लिए आर्थिक दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को लेकर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। आपको कुछ नए अवसर हाथ लगा सकते हैं। मामा पक्ष आज आपको धन लाभ मिलेगा। सामाजिक और राजनीतिक कामों में हाथ आजमा रहे लोगों को कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती हैं। आपके किसी घर मकान आदि को बनवाने के लिए प्लानिंग कर सकते हैं। आप अपने किसी काम को पूरा करने के लिए अपने साथियों से बातचीत करेंगे। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अभी कुछ समय बाद ही राहत मिलती दिख रही है।

कन्या- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके स्वास्थ्य में यदि कुछ गिरावट चल रही थी, तो वह आज दूर होगी। किसी सरकारी योजना में आपको भाग लेने का मौका मिलेगा। आपको कुछ मानसिक समस्याएं हो सकती हैं, जो आपके कॉन्फिडेंस को कमजोर बनाएंगी। विद्यार्थियों को अपने किसी परीक्षा के तैयारी को लेकर मेहनत भरपूर करनी होगी, तभी उन्हें कोई अच्छा मुकाम हासिल हो सकेगा। व्यवसाय कर रहे लोग किसी के साथ कोई डील फाइनल करें, तो उसे पूरी लिखापढी करके करें, नहीं तो उनके साथ कोई धोखा होने की संभावना है।

तुला- आज का दिन आपके लिए कला व कौशल में सुधार लेकर आएगा। आपको बिजनेस में अच्छा लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन नौकरी में कार्यरत लोगों के कामों में वृद्धि होगी। आपके बॉस आपसे खुश रहेंगे। आपको किसी सरकारी योजना का पूरा लाभ मिलेगा। घूमने की आप कहीं योजना बना सकते हैं, जहां आपको अपने चीजों पर पूरा ध्यान देना होगा। आपको अपने पारिवारिक जिम्मेदारियां को भी कल पर टालने की कोशिश नहीं करनी है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों रहने वाला है। वरिष्ठ सदस्यों का सहयोग और सानिध्य आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। यदि आप किसी परिवार के सदस्यों से कोई धन संबंधी मदद मागेंगे, तो वह आपको आसानी से मिल जाएगी, लेकिन भाई-बहनों में किसी बात को लेकर खटपट रहेगी। यदि ऐसा हो, तो आपको उसे मनाने की पूरी कोशिश करनी होगी। किसी सरकारी योजना में निवेश करना आपके लिए बेहतर रहेगा। आपके पिताजी का कोई पुराना रोग फिर से उभर सकता है। आपके परिवार में किसी सदस्य से आज कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी के साथ कुछ पारिवारिक मुद्दों को लेकर बातचीत कर सकते हैं। आप अपने घर की साफ सफाई कर रखरखाव पर पूरा ध्यान देंगे, लेकिन संतान के मनमानी व्यवहार के कारण आपको कुछ समस्याएं आ सकती हैं। विदेशों से व्यापार कर रहे लोगो को कोई नुकसान होने की संभावना है। आपकी कोई डील फाइनल तो होगी, लेकिन उसमें कुछ संशय रहेगा। नव विवाहित जातकों के जीवन में किसी नये मेहमान की दस्तक हो सकती है।

मकर- आज का दिन आपके लिए मान सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और आपकी किसी धार्मिक कार्य में भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। आप अपने धन को लेकर योजना बनाकर चले, तो बेहतर रहेगा। आपका कोई पुराना रोग फिर से उभरने की संभावना है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है। यदि ऐसा हुआ, तो आप उसमें अपनी बात लोगों के सामने अवश्य रखें। आपको किसी से कोई भी गुप्त जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आपका मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

कुंभ- आज का दिन नौकरी में कार्यरत लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से काफी कुछ पा सकते हैं, लेकिन आप अपने कामों में कोई बदलाव न करें। परिवार में किसी सदस्य से आपकी बहसबाजी होने की संभावना है। कोई कानूनी मामला आपके लिए सिरदर्द बनेगा, जिसके लिए आपको बड़े से सदस्यों से राय लेने की आवश्यकता है। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछताना होगा। परिवार में किसी सदस्य के लिए आप कोई उपहार लेकर आ सकते हैं। आपके घर किसी छोटी-मोटी पार्टी का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आज आपके गुप्त शत्रु कामों में रोड़ा अटकाने की कोशिश करेंगे, जिनसे उन्हें बचने की आवश्यकता है। आप अपने लंबे समय से रुके हुए कामों को कोई लेकर कुछ परेशान रहेंगे। विद्यार्थी अपनी शिक्षा में चल रही समस्याओं को लेकर अपने गुरुजनों से मार्गदर्शन ले सकते है। ननिहाल पक्ष से संबंधों में यदि कुछ कटुता आ गई थी, तो वह भी दूर होगी। आप माता पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालेंगे।

व्यंग्य

मीटिंग-मीटिंग खेलते हैं

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

बिहार की धरती पर, एक बार फिर अजीब मंजर देखने को मिला। जब आसमान से बड़ी-बड़ी बातें होती हैं, तो हमारे महकमे की चाय का कुल्ला ही शुरू होता है। तूफान आया, चक्राचक, लेकिन अरे! किसे खबर थी? सब तैयार बैठे थे, चाय की चुस्कियों में खोए। पोस्ट-मॉर्टम की मीटिंग बुलाई गई, जैसे पहले ही सबने यह तय कर लिया हो कि बात तो करनी है, बाद में। बात सुनिए, बिहार में अगर बारिश हो जाए तो लोग बिन मौसम मौज में आ जाते हैं। खुदा की कसम! जब सूरज निकलता है, तब पीली बत्ती जांचने जाते हैं। लेकिन जब तूफान की बात आई, तो सबने दिमाग बंद कर दिए। क्यों देखें पहले, जो होगा, देखा जाएगा! यही था उनका नारा। फसलें उगाने की चिंता नहीं, नेताओं की चाय की प्याली से ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई। इधर, गाँव के लोग कह रहे थे, बाबा, पहले क्यों नहीं बताया? हम तो ट्रैक्टर में धूप का मजा ले रहे थे! पर कोई सुनने वाला था? पोस्ट-मॉर्टम मीटिंग में सारा ध्यान इस बात पर था कि किसकी गलती थी? सब चुप्पी साधे हुए थे। जैसे मौसम का कहर उनकी सोच से भी बड़ा हो। ठीक उसी दिन, जब तूफान घर-द्वार सब उड़ाकर ले गया, हमारे अधिकारी लोग बिलकुल सुकून में थे। अरे, भैया! आराम से चलो, मीटिंग में बातें करेंगे। सब जानते हैं, मौसम अपने हिसाब से चलता है। बचेंगी तो फसलें, नहीं तो न सही। पर मीटिंग तो होनी चाहिए। चाय के बिना तो नेता भी नहीं बोलते। उस मीटिंग में सभी ने एक-दूसरे की तारीफें कीं। हमने तो मौसम का ध्यान रखा था, पर इस बार कुछ होना था! लहरें उठ रही थीं, और नेता अपने जहाज पर तैर रहे थे। अंत में, तूफान ने कह दिया, अच्छा, तो आप सब चाय पीते रहो, मैं अपनी लीला दिखा रहा हूँ! और चलो, चाय का स्वाद छोडकर सब बर्बाद हुआ सो हुआ। अब चर्चा हुई उस प्लान पर - जो अगले तूफान की तैयारी में काम आएगा। सवाल यह था कि जब तूफान आया, तब कहाँ थी हमारी तैयारी? और जब शाम ढली, तो जिम्मेदार लोग घर चले गए। कुछ ने तो सोचा भी नहीं कि अगली सुबह क्या होगी। पर गाँव वालों की आँखों में आँसू थे। फसलें बह गईं, घरों के चूल्हे बुझ गए। हमें बस पॉजिटिव सोच चाहिए, न कि तूफान की सचाई। लोग अब भी मुँह चिढ़ाते हुए कह रहे थे, अच्छा हुआ न, अब मीटिंग कर सकते हैं। लेकिन सच्चाई यह थी कि मीटिंग में तो सब ठीक था, लेकिन असल जिंदगी में सब कुछ खो गया था। तो, भाई, जब तक चाय की प्याली में गरमागरम बातें होंगी, तब तक तूफान आते रहेंगे। यही है हमारी योजना, और इसी पर हम आगे बढ़ते रहेंगे। पर यह मत भूलिएगा, बरसात के बाद सब ठीक नहीं होता है। एक तूफान सिर्फ पेड़ ही नहीं, ज़िंदगियाँ भी उड़ा ले जाता है। लेकिन मीटिंग? मीटिंग चलती रहेगी। तो चलिए, अब हम फिर से तैयार हैं। अगली बार, जब तूफान आएगा, हम फिर से चाय पिलाएंगे और कहेंगे, अब देखते हैं, कैसे संभालते हैं!

क्या वाकई बियर पीने से कम हो जाता है हार्ट अटैक का खतरा जान लीजिए सच

एक रिसर्च के मुताबिक रोजाना एक गिलास बियर पीने से दिल काफी ज्यादा सेहतमंद रहता है. एक रिसर्च के मुताबिक बियर पीने के एक घंटे के अंदर नसें अधिक लचीली हो जाती है और हार्ट के अंदर ब्लड सकुर्लेशन भी काफी अच्छा होता है. बियर पीने से दिमाग के डोपामाइन एक्टिव हो जाती है. जिसके कारण हैप्पी मूड रहता है. डोपामाइन हैप्पी हार्मोन होता है.

बियर पीने के फायदे-बियर पीने के बाद यह एक्टिव हो जाता है. सिर्फ इतना ही नहीं बियर में पके हुए मांस में पाए जाने वाले कार्सिनोजन की संख्य कम करी संख्या होती है. जब भी आप कहीं पार्टी का प्लान करेंगे. तो उससे पहले भरपूर खाना खाएं. क्योंकि जब आप खाली पेट बियर पिएंगे तो इसका आंतों पर बुरा असर पड़ता है. इसके कारण ब्लड में यह जल्दी घुल जाता है. अगर आप खाली पेट शराब पिएंगे तो तेजी से नशा चढ़ता है.

रिसर्च के मुताबिक हार्ट और कैंसर की रोकथाम करता है बियर-कई रिसर्च ये भी बताती हैं कि जो लोग बीयर पीते हैं वो लंबी उम्र तक जीते हैं. हालांकि ये भी कहा जाता है कि बीयर पीने से मोटापा भी बढ़ता है, लेकिन कई रिसर्च बताती हैं सीमित मात्रा में बीयर पीने से वजन नहीं बढ़ता. साथ ही इसमें कैलोरी भी बहुत कम होती है.

राजनीति

तनवीर जाफरी

हरियाणा : बैकफुट पर भाजपा

90 विधानसभा सीटों वाला हरियाणा प्रदेश आगामी 5 अक्टूबर को विधानसभा के आम चुनावों का सामना करने जा रहा है। गत वर्षों में हुये किसान आंदोलनों में अपनी सबसे महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने वाला हरियाणा, किसान आंदोलनों के बाद पहली बार विधानसभा चुनावों से रूबरू होने जा रहा है। चूंकि हरियाणा विगत दस वर्षों से भाजपा शासित राज्य रहा है इसलिये यहाँ की हरियाणा सरकार पर ही यह सबसे बड़ी जिम्मेदारी थी कि किसान आंदोलन के दौरान राज्य सरकार किसी भी तरह से दिल्ली जाने की गरज से पंजाब से आने वाले किसानों को भी हरियाणा में प्रवेश करने से रोके और साथ ही हरियाणा -दिल्ली सीमा पर इन्हें दिल्ली प्रवेश से भी रोके। जाहिर है हरियाणा की तत्कालीन खट्टर सरकार ने केंद्र की उम्मीदों पर खरा उतारते हुये ऐसा ही किया। खट्टर सरकार को राज्य की पंजाब व दिल्ली की सीमाओं पर भारी पुलिस तैनाती करनी पड़ी। किसानों पर लाठी चार्ज,आंसू गैस,वाटर केनन का इस्तेमाल किया। यहाँ तक कि गोलियां भी चलानी पड़ीं। इसी गोलीबारी में कई लोग घायल हुये और एक युवा किसान की हत्या भी हो गयी। परन्तु किसानों से की गयी इस जोर आजमाइश के कारण भाजपा की राज्य व केंद्र सरकार को भारी किसान असंतोष का सामना भी करना पड़ा।

किसानों की नाराजगी पिछले दिनों हुये लोकसभा 2024 के चुनाव में ही स्पष्ट हो गयी थी। क्योंकि जिस हरियाणा में 2019 में भाजपा को राज्य की सभी दस लोकसभा सीटों पर जीत हासिल हुई थी वहाँ इस बार 2024 के चुनाव में उसे 5 सीटें ही मिल सकीं जबकि कांग्रेस भाजपा से 5 सीटें झटकने में कामयाब रही। हालांकि पिछले लोकसभा चुनाव से पूर्व मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटाकर केंद्र में भी इसी मकसद से ले जाया गया है ताकि शायद किसानों का गुस्सा कुछ कम हो सके। गौरतलब है कि खट्टर के मुख्यमंत्री रहते उनकी सरकार ने कई बार न केवल किसानों पर दमनात्मक कार्रवाई की थी बल्कि स्वयं खट्टर ने ही अपने समर्थकों को किसानों के विरुद्ध हिंसा करने के लिये भी भड़काया था। आज भी हरियाणा सरकार ने शंभू बॉर्डर पर किसानों को रोकने के लिये बैरियर बना रखे हैं जिसकी वजह से राजस्थान,कश्मीर व पंजाब की तरफ से दिल्ली हरियाणा व उत्तर प्रदेश की ओर जाने वाले वाहनों को भारी परेशानी व जाम का सामना करना पड़ रहा है। पिछले दस वर्षों की सत्ता विरोधी लहर होने के साथ ही इस बार चुनावों में भाजपा के महिला सुरक्षा के दावे और उसकी हकीकत भी एक बड़ा मुद्दा बनने जा रहा है। खास तौर पर ऐसे वक़्त में जब देश का विश्व में नाम रोशन करने वाली विश्व प्रसिद्ध पहलवान विनेश फोगट और बजरंग पुनिया जैसे ओलम्पियंस कांग्रेस में शामिल हो चुके हैं। विनेश फोगाट को राज्य की जुलाना विधानसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी घोषित किया गया है जबकि बजरंग पुनिया को किसान कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर उन्हें संगठन में और भी बड़ी जिम्मेदारी सौंपी गयी है। जहाँ किसान नेता, भाजपा सांसद व कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष बृज भूषण

सिंह के खिलाफ उसके नारी शोषण के विरुद्ध किये जा रहे आंदोलन में इन ओलम्पियन्स के साथ खड़े थे वहीँ यह ओलम्पियन्स भी किसान आंदोलन का समर्थन करते देखे गये थे। क्योंकि यह पहलवान भी दरअसल किसान घरानों से ही आते हैं और किसानों की जायज मांगों से बखूबी वाकिफ हैं। हालाँकि इन खिलाड़ियों के कांग्रेस का दामन थामने के बाद बृज भूषण सिंह ने जोर शोर से यह कहना शुरू कर दिया है कि पहलवानों द्वारा उनके विरुद्ध शोषण का आरोप लगाना कांग्रेस द्वारा दो वर्ष पूर्व लिखी गयी स्क्रिप्ट का हिस्सा थी। राज्य में भाजपा पर कांग्रेस की जबरदस्त बढ़त के दो और भी कारण हैं। एक तो यह कि राहुल गाँधी द्वारा कन्याकुमारी से कश्मीर तक तय की गयी भारत जोड़ो यात्रा, हरियाणा से होकर गुजरी थी। इस यात्रा ने न केवल राज्य के मतदाताओं पर अपना प्रभाव छोड़ा था बल्कि राज्य के कांग्रेस जनों में भी जोश व उत्साह का संचार किया था। जिसका नतीजा लोकसभा चुनाव में 5 सीटें जीतने के रूप में सामने भी आया। अब जहां कांग्रेस 5 लोकसभा सदस्यों की जीत के साथ बुलंद हौसले से चुनाव मैदान में है वहीं भाजपा जिताऊ उम्मीदवार मैदान में उतारने के चक्कर में न केवल कई दलबदलुओं को भाजपा प्रत्याशी बना रही है बल्कि परिवारवाद के विरुद्ध लंबे चौड़े प्रवचन देने के बावजूद खुद भी कई 'परिवारवादी सूरमाओं' पर दांव लगा रही है। क्योंकि भाजपा को अपने दल में योग्य व जिताऊ नेताओं की कमी महसूस हो रही है। इसी उधेड़बुन में भाजपा ने पिछले दिनों राज्य में 67 पार्टी प्रत्याशियों की जो पहली सूची जारी की उसमें रणजीत चौटाला जैसे मंत्री सहित 9 वर्तमान विधायकों के टिकट काट दिये गये। परिणाम स्वरूप भाजपा में पद व दल से नेताओं के इस्तीफे की झड़ी लग गयी। इस भगदड़ में कोई भाजपाई

दक्षिण बस्तर में भारी बारिश, प्रशासन ने की स्कूलों की छुट्टी

नदी, तालाब, डबरा, पोखरा में लबालब भरा पानी,डंकनी नदी पुल से एक फुट नीचे है पानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा 9 सितंबर। कहते हैं कि सावन में भादो से ज्यादा बारिश होता है जबकि भादो में पानी कम गिरता है। मगर भादो ने आज यह साबित कर दिया कि वह किसी भी मायने में सावन से कमजोर नहीं है उसे सावन से कम आंकने की भुल कोई न करे। बीते तीन दिनों से अंचल में हो रही भारी बारिश से तो फिलहाल यही लग रहा है कि इस साल भादो सावन से तगड़ा है यही वजह है कि बीती रात से हो रही अनवरत बारिश ने चहुंओर पानी पानी कर दिया है। आलम यह कि शहर की डंकनी नदी पुल के उपर पानी चढ़ते चढ़ते रह गया अगर आज दिन में घंटे दो घंटे और तेज बारिश होती है तो यकीनन डंकनी पुल पर पानी चढ़ जाएगा। ईधर जिला शिक्षा अधिकारी ने आज सुबह एक सर्कुलर जारी कर

एकाएक जिले के समस्त विद्यालयों में अवकाश घोषित होने की सूचना दे दी है जिससे छात्रों को तो थोड़ी राहत अवश्य मिली है वहीं शिक्षकों के लिए अवकाश नहीं है शिक्षकों को स्कूल पहुंचने का आदेश है।

गौरतलब है कि बीते करीब 3 दिनों से दक्षिण बस्तर अंचल के अलग अलग क्षेत्रों में रूक रूक कर तो कहीं तेज बारिश हो रही है 7 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन भी भारी बारिश हुई थी जिसके बाद से बारिश ने अपना तांडव दिखाना शुरू कर दिया है बीती रात से जारी बारिश आज सुबह से झमाझम बरसती रही जिसके चलते दंतेवाड़ा शहरी इलाकों के निचली बस्तियों के कई घरों में जलजमाव के चलते बारिश का पानी घर के अंदर जा घुसा। डूबान क्षेत्र में नदी किनारे बने झुग्गी झोपड़ी के अंदर भी पानी घुसने की खबर है। डंकनी, शंखनी नदी जहां पूरे उफान पर हैं वहीं तालाब, पोखरा, नाली, डबरा सभी के सभी बारिश के पानी से लबालब भर गए हैं। डंकनी नदी पर बने पुराने छोटे पुलिया के उपर अब तक तो पानी आया नहीं है लेकिन पुल पर पानी चढ़ने में मात्र एक फूट की दुरी बची है अगर आज दिन में भी तगड़ी बारिश होती है तो संभवना है कि देर शाम तक पुल पर पानी चढ जाएगा। वहीं अंदरूनी क्षेत्रों की बात करें तो झोड़ियाबाडम पंचायत से खबर है कि वहां बाडम जाने वाले सड़क मार्ग पर बने पुल के उपर की रेलिंग अत्यधिक हवा तूफान व बारिश के चलते टूटकर उखड गया है जिससे पुल से जानवरों के गिरने का खतरा एक बार फिर से बढ़ गया है बता दें कि हाल ही में इस पुल पर पीएमजीएसवाय विभाग द्वारा नया रेलिंग लगाया गया था जो अब बारिश की भेंट चढ गया है।

अनवरत बारिश के चलते नदी-नाले उफान पर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा, 9 सितंबर। जिले में पिछले 48 घण्टे से हो रही अनवरत बारिश हो रही है। जिससे नदी के जल स्तर में लगातार बढ़ोत्तरी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर श्री हरिस एस. ने नदी-नाले तट के सभी गांव के लोगों को सतर्क रहने की अपील की। जिससे की इस दौरान किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि की रोकथाम सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर ने कहा कि जिले में लगातार हो रही बारिश से शबरी नदी सहित नालों एवं कोंटा विकासखंड के नीचले इलाकों सहित जिले में पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। ऐसे कठिन समय में जिले के आमजनों से अपील की जाती है कि वे नदी नालों व जलभराव वाले स्थानों से दूर रहें और अनावश्यक घर से बाहर ना निकले। सड़क और पुल के उपर से पानी बहने की स्थिति में उस जगह को पार करने का जोखिम बिल्कुल भी ना उठाएं। कलेक्टर ने जिले में अनवरत बारिश से नदियों-नालों का जलस्तर बढ़ने की प्रबल संभावना के मद्देनजर सड़कों पर जलजमाव के कारण आवागमन अवरूद्ध होने, स्थानीय चिन्हित बाढ़ आने वाले क्षेत्रों एवं निचले इलाकों में जलजमाव होने की स्थिति को देखते हुए

नदियों-नालों के जल स्तर पर सतत निगरानी रखे जाने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों दिए गए हैं। उन्होंने बाढ़ की संभावना होने पर सम्बन्धित इलाके तथा तटीय ग्रामों के लोगों को सूचित किये जाने के साथ ही एहतियात के तौर पर सभी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए हैं। वहीं जलस्तर वृद्धि होने या बाढ़ की स्थिति निर्मित होने पर तत्काल अवगत कराए जाने कहा है। इस हेतु दूरभाष क्रमांक 07864-284012 एवं नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर श्री गजेन्द्र ठाकुर का मोबाइल नम्बर 94063-78849 पर अनिवार्य रूप से अवगत करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

बाढ़ आपदा राहत के लिए कंट्रोल रूम और नियंत्रणकर्ता अधिकारियों के नंबर जारी : मानसून वर्ष-2024 में अतिवृष्टि एवं बाढ़ तथा अन्य प्राकृतिक आपदाओं से निपटने एवं राहत व्यवस्था कार्य को दृष्टिगत रखते हुए, कलेक्टर श्री हरिस.एस ने जिले में बाढ़ आपदा राहत कन्ट्रोल रूम की स्थापना किया गया है। जिला एवं तहसील स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना कर, नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। अनुविभागीय और तहसील स्तर पर प्रभारी अधिकारी बाढ़ नियंत्रण के स्थानीय नियंत्रण अधिकारी होंगे। जिला स्तरीय हेतु नोडल अधिकारी श्री गजेन्द्र ठाकुर, अपर कलेक्टर को कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07864-284012 एवम् दूरभाष क्रमांक 94063-78849, अनुविभाग सुकमा हेतु नोडल अधिकारी श्री सूरज कश्यप अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा दूरभाष क्रमांक 9399973035, अनुविभाग कोंटा हेतु नोडल अधिकारी श्री शबाब खान अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुकमा कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07866-261622, दूरभाष क्रमांक 93406-76224, अनुविभाग छिंदगढ़ हेतु श्री विजय प्रताप खेश कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07863-299046, दूरभाष क्रमांक 99778-75252 तहसील सुकमा एवं गादीरास हेतु श्री परमेश्वर लाल मण्डावी दूरभाष क्रमांक 07864-284282 दूरभाष क्रमांक 77728-07710, तहसील कोण्टा हेतु श्री योपेन्द्र कुमार पात्रे नायब तहसीलदार कार्यालय दूरभाष क्रमांक07866-261622 दूरभाष क्रमांक 97708-79003, तहसील छिंदगढ़ एवम् तोंगपाल हेतु श्री इरसाद अहमद तहसीलदार कार्यालय दूरभाष क्रमांक 07863-299047 दूरभाष क्रमांक 94063-68008 तहसील दोरनापाल एवम् जगरगुंडा हेतु श्री राजेश सोमवंशी नायब दूरभाष क्रमांक 94255-22630, जिला स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष दूरभाष क्रमांक 07864-284012 है। यह कंट्रोल रूम से आपात स्थिति में संपर्क कर सकते है।

शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज में शिक्षक दिवस मनाया गया

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में वाणिज्य विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती के तत्वाधान में 5 सितम्बर को डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी की जयंती पर वाणिज्य विभाग के छात्राओ द्वारा शिक्षक दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

स्नातक स्तर पर बी कॉम द्वित्तीय एवं तृत्तीय वर्श तथा एम.कॉम. प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रियांशु जैन द्वारा गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए मिटटी एवं कुम्हार की कहानी का प्रसंग प्रस्तुत किया गया। कु. लोमीन के द्वारा गुरुजनो की महत्ता को वाणिज्य में प्रयोग होने वाले शब्दावली से कविता के माध्यम से बताया। छात्राओं द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही रेवती, वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव, बेदप्रकाश साहू , पूर्वेश बांधे का पुष्पगुच्छ, श्रीफल व पेन भेट कर सम्मान किया गया।

प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा छात्राओ को गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए उन्होंने अपने गुरुजनों को याद कर एवं उनके बताये गए प्रेणणादायीं वचनों को छात्र-छात्राओ के मध्य साझा किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष गोपाल कृष्ण यादव द्वारा छात्राओं के सफल कार्यक्रम के आयोजन हेतु षिक्षक दिवस की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए धन्यवाद दिया गया। मंच संचालन दुखहरन साहू (बी.कॉम. अंतिम) के छात्र द्वारा किया गया।वाणिज्य परिशद का हुआ गठन - इस अवसर पर वाणिज्य विभाग द्वारा छात्र परिषद का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष. रुचि ताम्रकार एम कॉम तृतीय सेमे. उपाध्यक्ष निकिता गुप्ता एम कॉम.प्रथम सेम., सचिव शुभम रंगारी, उपसचिव डिंपल कोसरे, कोषाध्यक्ष तारावंद और सह कोषाध्यक्ष भावना पटेल एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दीपेश, अखिल यादव, बलदेव कुमार, उषा वर्मा, अमन कुमार वर्मा और चांदनी को मनोनीत किया गया। शिक्षकों द्वारा सभी विद्यार्थियों का उचित शिक्षा का महत्व और अच्छे जीवन के लिए मार्गदर्शन दिया गया और अल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। संचालन नैनसी जैन, रुचि और निकिता द्वारा किया गया।

मुरतोंडा पोटाकेबिन आश्रम का बुरा हाल

सुकमा 9 सितंबर। यह देखने से लग रहा है कि सच में सरकार करोड़ो राशि शिक्षा के नाम से दे रही पैसो का पर्सेन्ट का हिस्सा कर बंदरबांट कर रहे है , सरकार बच्चो के लिए दे रही लाखो रुपए कहां जा रहा है, मध्यान्ह भोजन सहित पोष्टिक आहार में कोई गुणवत्ता नहीं बच्चों को सब्जी परोसते समय गंभीर दिया जाता है,किसी ज्यादा नही दिया जाना है, मुनगा सब्जी किसी दिन बना तो बच्चो को ध्यानपूर्वक सभी बच्चो को मुनगा का एक टुकड़ा खाना के साथ देते हुए दिखाई दे रहा है, हद हो गया, वास्तव मे भगवान के भरोसे है।

शिक्षा पर कोई ध्यान नही प्रशासन केवल दिखावा तक ही सीमित, लगभग 600 छात्राएं दर्ज है एक प्राथमिक, तीन मीडिल, तीन हाईस्कूल के टीचर्स है शिक्षक की कमी है बच्चो का पढ़ाई नही होता है, जमीनी हालात पर कोई गंभीरता नही है, बदहाल व्यवस्था का आया तस्वीर सामने ये है जमीनी हालात, कौन है जिम्मेदार? शौचालय से लेकर सोने की बिस्तर का हाल देखने से लगता है व्यवस्था है।

छू लो आसमान संस्था के चार विद्यार्थियों का एमबीबीएस के लिए हुआ चयन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

दंतेवाड़ा, 9 सितंबर। अगर इंसान अपने लक्ष्य को पाने की ठान ले तो कामयाबी स्वतः ही उसके कदम छूने लगती है। आखिर एक इच्छा शक्ति के बलबूते ही मानव आज तक सफल होता आया है। ऐसे ही दंतेवाड़ा जिले के छू लो आसमान संस्था के चार मेधावी विद्यार्थियों राहुल जव्वा, आर्ची लोधी, अमृता सोड़ी और नरगिस मार्कम ने भी अपना मुकाम हासिल किया है। जिनका चयन प्रथम दौर की काउंसलिंग में छत्तीसगढ़ के विभिन्न सरकारी मेडिकल कॉलेजों में ''एमबीबीएस'' कोर्स के लिए हुआ है। इस शानदार उपलब्धि के लिए कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी ने इन विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। ज्ञात हो कि छू लो आसमान संस्था में अध्ययनरत राहुल जव्वा का चयन बिलासपुर के गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में, कुमारी आर्ची लोधी को रायगढ़ गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में, कुमारी अमृता सोड़ी का चयन जगदलपुर गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में तथा नरगिस मार्कम को राजनांदगांव गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में प्रवेश प्राप्त हुआ है। इस क्रम में जिला प्रशासन द्वारा इन विद्यार्थियों के एडमिशन के लिए आवश्यक राशि को तत्काल उपलब्ध कराया गया है। साथ ही इस प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों की सहायता करने के लिए शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है, ताकि सभी चयनित छात्रों की एडमिशन प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी हो सके। इस तरह आगामी काउंसलिंग राउंड में और भी विद्यार्थियों के चयनित होने की उम्मीद जताई जा रही है। ज्ञात हो कि छू लो आसमान संस्था जिसमें छात्र-छात्राओं के लिए विशेष प्रकार की नीट, जेईई की पढ़ाई के लिए कोचिंग दी जाती है। यह एक निशुल्क आवासीय कोचिंग संस्था है जिसमें बच्चे रहकर अपनी पढ़ाई के साथ-साथ नीट, जेईई की पढ़ाई अच्छे तरीके से कर सकते हैं। इस क्रम में इन होनहार बच्चों को जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्व रंजन, एसडीएम श्री जयंत नाहटा, जिला शिक्षा अधिकारी एसके अंबस्ता, डीएमसी एसके सोरी एवं अन्य अधिकारियों के द्वारा भी बधाई दी गई।

जिले के नक्सल प्रभावित चितलनार थाना क्षेत्र के नागाराम में

जवानों ने दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को उफनते नाला को पार करवाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

सुकमा 9 सितंबर। जिले के नक्सल प्रभावित चिंतलनार थाना क्षेत्र अंतर्गत नागाराम में सर्चिंग पर निकले सुरक्षा बल के जवानों ने नाले के दूसरी तरफ फंसे ग्रामीणों को मानव श्रृंखला बनाकर दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को रस्सी के सहारे उफनते नाला को पार करवाकर सुरक्षित स्थान तक पहुंचाया। आज जवान मौके पर मौजूद थे तो जवानों ने इन ग्रामीणों को सुरक्षित उस पार कर दिया। लेकिन आम दिनों में यह जिम्मेदारी ग्रामीणों को खुद ही उठानी पड़ती है। बीते दिनों बीजापुर में ऐसे ही उफनते नाले को पार करते हुए एक ग्रामीण बह गया था। जिसका शव तीन दिन के बाद मिला था।

इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि अंदरूनी नक्सल प्रभावित इलाकों में मानसून के दौरान ग्रामीण को जोखिम उठाना पड़ता है।

विदित हो कि बारिश के मौसम में इन दिनों लगातार हो रही बारिश के प्रभाव से जिले के नक्सल प्रभावित अंदरूनी इलाकों में नदी-नाले उफान पर हैं। अंदरूनी इलाकों के ग्रामीणों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए रोजाना जोखिम से दो चार होना पड़ता है। वहीं दूसरी ओर बारिश के दौरान सुरक्षा बलों के द्वारा ऑपरेशन मानसून चलाया जा रहा है। ऑपरेशन मानसून के तहत नागाराम इलाके में सुरक्षा बल के जवान सर्चिंग ऑपरेशन पर निकले हुए थे। इसी दौरान जवानों ने देखा कि कुछ ग्रामीण नाले के उस पार फंसे हुए हैं, और नाला पार करने का प्रयास कर रहे हैं तो जवानों ने उन ग्रामीणों की मदद की और रस्सी के जरिए मानव श्रृंखला बनाकर दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों को नाला पार कराया।

एक नजर

पिट लाइन वाशिंग लाइन का निर्माण जल्द नहीं हुआ तो किया जाएगा आंदोलन:गोपाल खेमुका

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। स्थानीय मां बमलेश्वरी धाम में आने वाले दर्शनार्थियों की सुविधा को देखते हुए स्थानीय रेलवे स्टेशन में वाशिंग लाइन पिट लाइन निर्माण अत्यंत आवश्यक है। डोंगरगढ़ विकास मंच के अध्यक्ष गोपाल खेमुका व सचिव केके वर्मा ने बताया की वाशिंग लाइन पिट लाइन का निर्माण कार्य होने से जहां डोंगरगढ़ को एक नया आयाम मिलेगा यहां की बेरोजगारी दूर होगी वहीं दुर्ग व गोंदिया में ट्रेनों का जो दबाव अभी है वह कम होगा रेलवे के अधिकारी बिना दबाव के काम कर पाएंगे और यहां रेलवे का बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर भी बनेगा जिससे लोगों को रोजगार प्राप्त होगा। नई ट्रेनें भी यहां से प्रारंभ हो सकेंगी इसके लिए यहां का विस्तार आवश्यक है। डोंगरगढ़ विकास मंच ने स्थानीय सांसद संतोष पांडे जी को पिट लाइन वॉशिंग लाइन निर्माण का कार्य अभिलंब प्रारंभ करने हेतु मांग की है निर्माण प्रारंभ नहीं होने पर स्थानीय नागरिकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है जिसकी जिम्मेदारी रेलवे प्रशासन पर होगी।

पदयात्रा मार्ग को पूर्ण करने से ही होगी मां बमलेश्वरी की पदयात्रा सुगम

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध तीर्थस्थली मां बमलेश्वरी धाम की यात्रा के लिए चैत्र एवं क्वांर दोनों नवरात्रि पर्व में दर्शनार्थियों के रेला लगा रहता है। पैदल आने वाले दर्शनार्थ भी दूर-दूर से पदयात्रा करते हुए मां बमलेश्वरी के धाम पहुंचते हैं। और माता के दर्शन कर अपने आप को धन्य समझते हैं इसके लिए राज्य शासन ने राजनांदगांव क्षेत्र से मुसरा बेलगांव अछोली बधियाटोला होते हुए पदयात्रा मार्ग का निर्माण कराया था। किंतु अछोली और नवोदय विद्यालय के बीच रेलवे लाइन आने के कारण मार्ग अधूरा पडा है रेलवे लाइन पर या तो रोड ओवर ब्रिज का निर्माण करके या अंडर ब्रिज जो पुराना बना है उसी में रेलवे की अनुमति से दर्शनार्थियों के लिए मार्ग प्रारंभ किया जाना अत्यंत आवश्यक है। क्योंकि यह मार्ग अब पूरे वर्ष भर आवागमन के लिए तरस रहा है। रेलवे पटरी के पार भी अब बसाहट हो चुकी है और वहां के लोगों को 4 किलोमीटर घूमकर डोंगरगढ़ बधियाटोला आना पड़ता है ऐसी स्थिति में इस मार्ग का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। डोंगरगढ़ विकास मंच के सचिव केके वर्मा ने स्थानीय सांसद संतोष पांडे से इस कार्य के लिए तत्काल पहल की मांग की है जिससे आगामी नवरात्रि पर्व पर पैदल दर्शनार्थियों के लिए सुविधाजनक मार्ग प्रारंभ हो सके और इससे लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे।

राशन कार्ड के लिए भटक रहे ग्रामीण

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। स्थानीय जनपद पंचायत की विभिन्न ग्राम पंचायतों के ग्रामीण विगत कई माह से राशन कार्ड के लिए भटक रहे हैं किंतु उनका नया राशन कार्ड नहीं बन पा रहा है। ऐसा ही कुछ समीपस्थ ग्राम पंचायत गाजमर्रा में भी हुआ है गाजमर्रा की सरपंच श्रीमती सावित्री फिल्क्स ने बताया कि विगत सात आठ महीने से राशन कार्ड में ना तो किसी का नाम जोड़ने का कार्य हो रहा है और ना ही नाम काटने का। और तो और नए राशन कार्ड भी नहीं बन पा रहे हैं। जबकि ग्राम पंचायत में प्राप्त आवेदनों को पंचायत में समस्त दस्तावेज पूर्ण कर सचिव के माध्यम से जनपद में जमा भी कर दिये गए है और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधि जनपद के चक्कर काटकर परेशान है कुछ हितग्राही भी सीधे जनपद में पता करने जा रहे हैं किंतु कर्मचारियों की लापरवाही के चलते शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ राशन कार्ड नहीं बनने से ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। सरपंच ने बताया कि वहां जाने के बाद कहा जाता है कि सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चल रही हैं इसलिए उन्हें फुर्सत नहीं है कर्मचारियों की लापरवाही के चलते भेजे गए दस्तावेज आग की भट्ठी में स्वाहा हो जाते हैं। ग्रामीणों ने सरपंच के साथ मिलकर अनुविभागीय अधिकारी को इस आशय का ज्ञापन भी दिया है किंतु कार्रवाई के अभाव में ग्रामीण भटक रहे हैं और अक्रमण्य अधिकारी कर्मचारी गहरी नींद में सो रहे हैं। अब ग्रामवासियों ने आंदोलन करने का मन बना लिया है। उन्होंने विधायक से तत्काल इस दिशा में पहल की मांग की की है।

धूमधाम से मनेगा राधा अष्टमी पर्व

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। स्थानीय मां बमलेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वाधान में नीचे स्थित मां बमलेश्वरी मंदिर परिसर में आगामी 11 सितंबर बुधवार को राधाअष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के मंत्री महेंद्र सिंह परिहार ने बताया कि इस अवसर पर प्रातः 9 बजे भगवान श्री राधा जी एवं कृष्ण जी की पूजा अर्चना की जाएगी आरती के पश्चात विभिन्न भजन मंडलियों द्वारा पूरे दिन भर भजन कीर्तन किया जाएगा। ट्रस्ट समिति ने धर्मप्रेमी सज्जनों से राधा अष्टमी पर्व में अधिक से अधिक संख्या में पधारकर दर्शन लाभ प्राप्त करने की अपील की है।

10 सितंबर तक बंद रहेगी इतवारी टाटा पैसेंजर ट्रेन

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के आदित्यपुर स्टेशन में नान इंटरलॉकिंग कार्य के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी टाटानगर पैसेंजर गाड़ी संख्या क्रमांक 18110 18109 बिलासपुर से टाटानगर के मध्य रद्द रहेगी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के वाणिज्य मंडल प्रबंधक ने इस आशय की जानकारी देते हुए यात्रियों को होने वाली परेशानी के प्रति खेत व्यक्त किया है यह ट्रेन 10 सितंबर तक इतवारी से बिलासपुर के मध्य ही चलेगी।

कांग्रेस ने दलेश्वर साहू को झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए बनाया पर्यवेक्षक

डोंगरगढ़ 9 सितंबर। डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के लगातार तीसरी बार बने विधायक दलेश्वर साहू को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओर से झारखंड विधानसभा चुनाव में जमशेदपुर विधानसभा सीट पर पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिंन्हा ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा मिली इस जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण मानते हुए श्री साहू ने उसे भली भांति निभाने का संकल्प किया है पर्यवेक्षक बनने के बाद श्री साहू को बधाइयां मिल रही हैं।

समाचार संक्षेप

बैठक में शांति से गणेशोत्वस मनाने समितियों को दिए गए दिशा-निर्देश

बचेली 9 सितंबर। 6 सितंबर को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना परिसर किरन्दुल में गणेशोत्सव एवं विभिन्न कार्यक्रम के आयोजनों हेतु तहसीलदार बड़ेबचेली- जिवेश सोरी, थाना प्रभारी किरन्दुल प्रहलाद कुमार साहू, नगर पालिका सीएमओ शशिभूषण महापात्र, सर्व सनातन हिन्दू समिति किरन्दुल से आजाद सक्सेना, विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र गुप्ता, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष के. राजी एवं पूर्व पार्षद मनोज छलीवाल की उपस्थिति में शांति समिति की बैठक ली गई जिसमें चर्चा के दौरान त्यौहार को सौहाद्र एवं शांतिपूर्ण तरीके से मनाया जाने हेतु सभी समुदायों की सहभागिता अनिवार्य होने के संबंध में समझाईश दिया गया। बैठक में 22 गणेश उत्सव समिति के प्रतिनिधि उपस्थिति रहे। मीटिंग में सभी गणेश उत्सव समिति को निम्न समझाईश व दिया गया - 1. मंडप के आसपास पार्किंग की उचित व्यवस्था की जावे। 2. गणेश उत्सव समिति के प्रत्येक पंडाल में स्थित फलैक्सी में जिम्मेदार पदाधिकारी का नाम मोबाईल नंबर अंकित होना चाहिये। 3. रोड को ब्लाक ना करें। 4. ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग हेतु सक्षम अधिकारी से अनुमति लेना अनिवार्य होगी व तय समय सीमा व निर्धारित साउंड में बजावें। 5. प्रतिमा विसर्जन निर्धारित तिथि 16.09.2024 व 18.09.2024 को ही करें। 6. गाड़ी में डीजे लगाकर चलाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा और ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग हाईकोर्ट के निर्देशानुसार करने के निर्देश दिए। 7. गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए रूट चार्ट तय कर बंगाली कैंप के तालाब में विसर्जन स्थान निर्धारित किया गया है।

हरतालिका तीज का पर्व मनाया

बचेली 9 सितंबर। भाद्रपद शुक्ल पक्ष तृतीया तिथि पर हरतालिका तीज का पर्व मनाया जाता है, जिसे तीज या तीजा भी कहते हैं. हस्त नक्षत्र के दिन पड़ने वाले इस उत्सव के अवसर पर कुमारी एवं विवाहित स्त्रियां व्रत रख गौरी-शंकर की उपासना करती हैं. पौराणिक आख्यानों के अनुसार माता पार्वती ने भगवान शिव की पति के रूप में प्राप्ति के लिए हरतालिका व्रत कर उनकी उपासना की थी, जिसके बाद उनका विवाह आदिदेव महादेव से हुआ था।

"नियद नेल्लानार" योजना से संबंधित विभाग अपने निर्माण कार्यों को तत्परता से करना सुनिश्चित करें:कलेक्टर

दंतेवाड़ा, 9 सितंबर । कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा एनआईसी कक्ष से ऑनलाइन लिंक के माध्यम से साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक ली गई। इस ऑनलाइन बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। कलेक्टर ने सर्व प्रथम नियद नेल्लानार योजना की विस्तृत रूप से समीक्षा करते हुए कहा कि नियद नेल्लानार योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली योजनाओं मे से है अतः इसके तहत संबंधित विभाग अपने विभिन्न प्रकार के निमार्ण कार्य को समय सीमा और त्वरित गति से संपन्न करें। इस क्रम में उन्होंने ग्राम मैलावाड़ा में तारबाड़ी, फेसिंग के कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि तारबाड़ी और फेसिंग कार्य के लिए चयनित कृषकों की भूमि पर अविलंब कार्य होने चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने अभी हाल ही में जावंगा में प्रारंभ हुए इंदिरा कला विद्यालय में तत्काल कक्षाएं प्रारंभ करने, तीनों अनुविभागों में खाता विभाजन प्रकरणों को तत्काल निराकरण, विकासखण्ड कटेकल्याण के प्रतापगिरी स्थित दुलार दई मंदिर के जीर्णोद्धार तथा वहां तक पहुंचने के मार्ग को सुगम बनाने, स्वास्थ्य विभाग संबंधित स्वास्थ्य मानकों के संतृप्तिकरण, मनरेगा निर्माण कार्य के तहत राशि आहरण जैसे विभिन्न प्रकरणों पर प्रगति एवं किए जाने वाले कार्यवाही की जानकारी ली।इसके अलावा कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने साप्ताहिक समय-सीमा के लंबित प्रकरणों को तत्काल समन्वय स्थापित कर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए विभाग प्रमुखों से बारी-बारी समय-सीमा के प्रकरणों के संबंध में समीक्षा की । इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री कुमार विश्व रंजन, अपर कलेक्टर श्री राजेश पात्रे, डिप्टी कलेक्टर श्री कमल किशोर सहित अन्य अधिकारी ऑनलाईन लिंक के माध्यम से जुड़े थे।

जिला शिक्षा अधिकारी ने पोटा केबिन गुमड़ा का किया निरीक्षण

दंतेवाड़ा, 9 सितंबर। बाला (बिल्डिंग अज लर्निंग ऐड) अवधारणा के तहत किए जा रहे शैक्षिक एवं भौतिक विकास कार्यों के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी एस के अंबस्ता ने पीएम श्री स्कूल पोटा केबिन गुमडा का निरीक्षण किया। ज्ञात हो कि इस अवधारणा के माध्यम से स्कूल की भौतिक संरचनाओं को शैक्षणिक संसाधनों के रूप में उपयोग किया जा रहा है, जिससे छात्रों के सीखने की प्रक्रिया को और अधिक रोचक और प्रभावी बनाया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने स्कूल की कक्षाओं, दीवारों, आंगन एवं अन्य संरचनाओं पर ''बाला'' कॉन्सेप्ट के अंतर्गत की गई रचनात्मक गतिविधियों जैसे खेल खेल में शिक्षण एवं सीखने संरचनाओं को सराहा। उक्त पोटा केबिन में छात्रों द्वारा स्कूल की दीवारें, फर्श, आंगनों तथा अन्य स्थान पर गणितीय और भाषा से संबंधित जानकारी दी गई थी।

श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए दूर-दूर से लोग आ रहे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खरसिया,9 सितंबर । पितुमोक्षार्थ श्रीमद भागवत कथा का आयोजन नाहरीवाल परिवार खरसिया, रायपुर, नावापारा, बिर्रा द्वारा आयोजित की जा रहा है, जिसमें कथा वाचक श्री श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज श्रीधाम वृंदावन के श्रीमुख से भागवत की बयार बह रही है। यह कथा 5 सितंबर को आरंभ हुई और 11 सितंबर तक अजित सिंह नगर में चलेगी ।श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस की कथा में कथा व्यास पूज्य श्री श्याम सुंदर पाराशर जी महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा सुनाते हुए कहते है राजा कंस ने देवकी का विवाह अपने बचपन के मित्र वसुदेव जी के साथ करवाया। देवकी कंस की लाडली बहन थी कंस ने विवाह के पश्चात देवकी और वासुदेव को खुद रथ का सारथी बनकर इनको इनके घर छोड़ने जा रहा था रास्ते में आकाशवाणी होती है रे मूर्ख कंस जीस बहन को तू विदा करने जा रहा है उसका आठवां पुत्र तेरा कल होगा कंस ने विचार किया जब बहन ही नहीं रहेगी तो भांजा कहां से आएगा कंस ने जैसे ही देवकी को मारने के लिए तलवार उठाई वासुदेव जी ने रोक दिया और कहां आपको विश्वास दिलाता हूं देवकी की आठवीं संतान मैं तुझे लाकर दूंगा कंस मान गया परंतु कंस ने वासुदेव और देवकी के एक-एक कर 6 बच्चे का वध कर दिया जब सातवां बच्चा देवकी के गर्भ में पल रहा था तो मां योगमाया की कृपा से देवकी की सातवीं संतान को वासुदेव की पहली पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दिया। आठवें पुत्र की तैयारी हुई कंस ने मथुरा सहित कारागार की सुरक्षा बढ़ा दी पूरा ब्रह्मांड भगवान कृष्ण के जन्म को लेकर आतुर हो रहा था आनंदित हो रहा था देवतागण स्वागत व स्तुति करने कारागार में आने लगे है। भादो में कृष्ण पक्ष की अश्टमी तिथि दिन बुधवार रात्रि को प्रभु जन्म लेकर आये और कहां हमे गोकुल लेकर चलो गोकुल में जिस कन्या का जन्म हुआ उसे कारागार में लेकर आएंगे सभी पहरेदार सो गए कारागार के द्वार खुल गए वसुदेव जी भगवान स्वरूप बालक को लेकर गोकुल की और चल दिये वही नंदबाबा नीतीश अग्रवाल और इनके पुत्र रुद्र अग्रवाल कृष्ण बने । खरसिया में भागवत कथा का श्रवण करने दूर- दूर से लोग आ रहे है।

नवाखाई पर्व पर ग्राम बुटेंगा पहुंचे विधायक जनक ध्रुव और सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

गरियाबंद, 9 सितंबर। नवाखाई पर्व के अवसर पर बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ग्राम पंचायत बेंदकुरा के आश्रित ग्राम बुटेंगा पहुंचे। जहां ग्रामीणों द्वारा विधायक ध्रुव का आत्मीय स्वागत किया। पहली बार विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामीण काफी गदगद हो गए। इस दौरान विधायक जनक ध्रुव को ग्रामीणों ने गांव में व्याप्त समस्याओं को बताया और मांगे रखी। इस पर विधायक जनक ध्रुव ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया की आवागमन के लिए सड़क की मांग को जल्द ही पूर्ण किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य मांगों को भी पूरी की जाएगी। ग्रामवासियों ने विधायक ध्रुव का गमछा और श्रीफल भेंटकर स्वागत किया।गरियाबंद विकासखंड के ग्राम पंचायत बेंदकुरा का आश्रित ग्राम बुटेंगा जो कि आदिवासी बाहुल्य गांव है। जहां ग्रामीणों द्वारा नवाखाई पर्व मनाया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक जनक ध्रुव शामिल हुए। ग्राम के बच्चों द्वारा स्वागत गीत व पारंपरिक गीतों पर अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी, जिन्हें विधायक ध्रुव ने सांत्वना पुरस्कार दिया। कहा की यह गांव घने जंगलों के बीच बसा है, लोगों ने समस्याएं बताई है, जिसमें प्रमुख रूप से आवागमन के लिए सड़क और आंगनबाड़ी भवन की मांग रखी है, जिसे जल्द ही पूरा किया जाएगा। ग्रामीणों ने कहा गांव में पहली बार कोई विधायक उनके बीच पहुंचे हैं। विधायक को अपने बीच पाकर ग्रामवासी काफी गदगद हैं। ग्राम में बहुत सी समस्याएं हैं, जिसमें प्रमुख रूप से सड़क की है, उन्हें दूर करने मांग रखी गई है। विधायक श्री ध्रुव ने हमारे निमंत्रण को स्वीकार करते हुए नवाखाई पर्व में शामिल होने पहुंचे जिससे सभी खुश हैं।इस मौके पर शिवचरण नेताम, आत्मानंद मरकाम, गोपाल, संजय वैष्णव, नोहर देवांगन, जसवंत तारम, वालेस मरकाम, बलराम चक्रधारी, नूतन यादव सहित इत्यादि उपस्थित थे।

शिक्षित समाज ही बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकता है : योगेश्वर

महासमुंद, 9 सितंबर। अंतर्राष्ट्रीय साक्षरता दिवस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन डाइट महासमुंद में किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, अध्यक्षता श्री लक्ष्मण पटेल उपाध्यक्ष जिला पंचायत एवं विशेष अतिथि के रूप में राशि त्रिभुवन महिलांग अध्यक्ष नगर पालिका महासमुंद, माननीय श्री प्रदीप चंद्राकर जिला महामंत्री भाजपा , श्री नीरज परोहा, सुश्री सोनम जी, श्री कमल नारायण चंद्राकर डीएमसी, श्री डी एन जांगड़े , श्रीमती सम्पा बोस मैडम ए पी सी, श्रीमती उमा देवी शर्मा प्राचार्य प्रतिनिधि डाइट, श्री कमलेश पांडे, श्री किरण कत्रौजे, श्री टेकराम सेन व्याख्यातागण डाइट, श्री रमता डे सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी बागबाहरा अतिथि मंच पर विराजमान रहे।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारम्भ मां भगवती सरस्वती के पूजन वंदन और चरणों में आशीर्वाद के पश्चात किया गया । डाइट के छात्र अध्यापकों के द्वारा स्वागत गीत , नृत्य एवं नाटक का प्रदर्शन करते हुए साक्षर भारत एवम उल्लास कार्यक्रम के संबंध में रोचक जानकारियां प्रदान की गई। मंचासीन अतिथियों के द्वारा अपने उद्बोधन उल्लास कार्यक्रम व साक्षरता के संबंध में बहुत ही विस्तृत जानकारी प्रदान की गई जिसमें कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे माननीय लक्ष्मण पटेल जिला पंचायत उपाध्यक्ष व सभापति के द्वारा साक्षरता से जीवन जीने की कला व उपयोगिता के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री योगेश्वर राजू सिन्हा जी ने बताया की एक शिक्षित समाज ही बेहतर भविष्य और भावी पीढ़ी का निर्माण सुनियोजित ढंग से कर सकता है और हमारा महासमुंद जिला इस दिशा में पूरे प्रदेश पर अग्रणी है। धन को बांटा जा सकता है, लेकिन ज्ञान को नहीं। ज्ञान एक ऐसी चीज है जो आपके पास जितनी अधिक होगी, उतनी ही अधिक आप दूसरों के साथ बांटने में सक्षम होंगे। यह कथन हमें ज्ञान के महत्व को समझने और ज्ञान को दूसरों के साथ बांटने के लिए प्रेरित करता है। ज्ञान को बांटने से हम न केवल दूसरों की मदद कर सकते हैं, बल्कि हमारे अपने ज्ञान में भी वृद्धि होती है।इसलिए, हमें ज्ञान को बांटने के लिए सदैव तैयार रहना चाहिए और ज्ञान के महत्व को समझना चाहिए। कार्यक्रम को माननीय श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग, माननीय श्री प्रदीप चंद्राकर ने भी संबोधित किया।उल्लास शपथ दिलाते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयं सेवी शिक्षक, संकुल समन्वयक, ग्राम प्रभारी, अनुदेशक, वार्ड प्रभारी, नारा लेखक, उल्लास टीएलएम बनाने वाले, 200 घंटा पढ़ाई करने वाले, असाक्षरों को पढ़ाई करने में सहयोग करने हेतु प्रेरित करने वाले नवसाक्षर, उल्लास पर केंद्रित गीत, नृत्य, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली, पोस्टर बनाने वालो का सम्मान प्रमाण पत्र देकर किया गया। राज्य के कार्यक्रम में महासमुंद जिले के नव साक्षर श्रीमती शांताबाई ठाकुर, श्रीमती शकुन चंद्राकर, स्वयंसेविक शिक्षक श्रीमती युक्ति सिंह राजपूत, श्रीमती संतोषी वर्मा को माननीय मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित होने पर उन्हें मंच से प्रशंसा कर बधाई दी गई। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन टेकराम सेन व्याख्याता डाइट एवं आभार प्रदर्शन सम्पा बोस मैडम ए पी सी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में जागेश्वर सिन्हा बीआरसीसी महासमुन्द, सुरेश पटेल समन्वयक बेलसोंडा, फनेन्द्र बंजारे लहंगर, रशीद कुरेशी सोरिद, राजू देवांगन पटेवा, गणेश टण्डन लोहारडीह, ललित किशोर बया शेर, टाकेश्वर साहू बेमचा, संकुल समन्वयकगण एवम केशव साहू का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर सभी विकासखंडो से आए हुए

राजभाषा समिति,की बैठक में गतिविधियों की दी गई जानकारी

गरियाबन्द, 9 सितंबर। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, गरियाबंद की 13वीं अर्द्धवार्षिक समीक्षा बैठक का आयोजन जनपद पंचायत के सभाकक्ष में किया गया। बैठक का संचालन समिति की सदस्य सचिव सुदीपा राय ने ऑनलाइन मध्यम से किया ।बैठक की अध्यक्षता नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष तथा अग्रणी जिला प्रबंधक मोहम्मद मोफिज़ ने की तथा बैठक में मुख्य अतिथि हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, भोपाल उपस्थित रहे। इसके साथ ही गरियाबंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अमज़द ज़ाफरी भी बैठक में उपस्थित रहे । अंचल राजभाषा प्रभारी सोमेन्द्र यादव ने सदस्य कार्यालय के कार्यालय प्रमुख की उपस्थिति में समिति की गतिविधियों पर विस्तार से बात की तथा आने वाली छमाही की रूप रेखा रखी । समिति के अध्यक्ष ने सभी प्रतिभागियों को उनके योगदान के लिए धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इसी तरह की बैठकें हिंदी के प्रचार-प्रसार में सहायक साबित होंगी।

कमिश्नर ने किया मेडिकल कॉलेज व गुरु घासीदास अस्पताल का निरीक्षण

रायगढ़, 9 सितम्बर। कमिश्नर बिलासपुर श्री महादेव कावरे ने रायगढ़ प्रवास के दौरान लखीराम अग्रवाल मेडिकल कॉलेज एवं इससे सम्बद्ध गुरु घासीदास अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान बायोमेट्रिक अटेंडेंस, कैजुअल्टी वार्ड, पुलिस सहायता केंद्र, मेटरनिटी वार्ड, ब्लड बैंक सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने भर्ती मरीज और उनके परिजनों से चर्चा कर इलाज व अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ लुका द्वारा पुलिस चौकी और स्ट्रीट लाइट की समस्या बताया गया, जिसे अधिकारियों से चर्चा करके निराकरण के निर्देश आयुक्त ने दिया। आयुक्त द्वारा कॉलेज में नेफ्रोलॉजी व कार्डियोलॉजी विभाग में स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए प्रयास करने कहा। अस्पताल में उपलब्ध मशीनों का वार्षिक रख-रखाव तथा डॉक्टरों और कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। श्री कावरे ने डीन को शीघ्र स्वशासी परिषद की बैठक रखने को भी कहा है।

जिले में 907.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

रायगढ़, 9 सितम्बर। चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 सितम्बर तक 907.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 5.2 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 1126.4 मिली मीटर, पुसौर में 975.5, खरसिया में 868.2, घरघोड़ा में 961, तमनार में 836.3, लैलूंगा में 774.8, मुकडेगा में 828.4, धरमजयगढ़ में 813.7 छाल में 920.3 एवं कापू में 973.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

सीएम साय ने थाना परिसर में मां के नाम पर पीपल का पौधा लगाया

रायगढ़, 9 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पुलिस थाना परिसर, पूंजीपथरा में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने माँ के सम्मान में लगाया पीपल का पौधा रोपा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने पीपल का पौधा रोपित कर पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश दिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मातृत्व का सम्मान करना है। पूंजीपथरा थाना परिसर में मातृ छाया उपवन वृक्षारोपण कार्यक्रम में कृषि एवं प्रभारी मंत्री श्री रामविचार नेताम ने पीपल, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने पीपल, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह ने चंदन, सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने चंदन का पौधा लगाया। मुख्य वन संरक्षक श्री प्रभात मिश्रा, संभाग आयुक्त बिलासपुर श्री महादेव कावरे, आईजी श्री संजीव शुक्ला, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, पुलिस अधीक्षक श्री दिव्यांग पटेल एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों ने मातृ छाया उपवन हेतु 800 से अधिक पौधे रोपे। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत प्रदेशभर में वृक्षारोपण किया जा रहा है, जिसमें हर नागरिक को एक पौधा अपनी मां के नाम पर लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

पूर्व मंत्री महेश गागडा के साथ कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा से भेंट की

बीजापुर,9 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले के पूर्व मंत्री महेश गागडा के.नेतृत्व मे बीजापुर जिले के भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने राजधानी रायपुर में डिप्टी सीएम विजय शर्मा से भेंट कर जिले की समस्याओं से अवगत कराया डिप्टी सीएम ने समस्याओं का शीघ्र ही निराकरण करने का आश्वासन दिया है इस भेंट मुलाकात के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष श्री निवास मुदलियार आवापल्ली जिला पंचायत सदस्य जानकी कोरसा पुष्पा राव आदि जनप्रतिनिधि भी साथ रहे।

आरसीए ने 9 विकेट से मैच जीता

राजनांदगांव,9 सितंबर । आर.सी.ए. और आर.सी.ए.बी. के मध्य बजरंगपुर नया क्रिकेट का सेन्टर ग्राउंड में क्रिकेट मैच खेला गया। मैट में खेला गया नया सेन्टर में 30-30 ओवर अभ्यास में खेला टॉस जीतकर कप्तान उज्जवल दीवान ने पहला बल्लेबाजी का निर्णय लिया। टॉस जीतकर धोनी भाटिया और लिखन सोनकर पहला जल्दी 0 पहला विकेट मिडियम पेस बॉलर फैजान पर ओ.एल.बी.डब्ल्यू. आऊट किया, क्रमशः धोनी भाटिया 104 रन बनाकर उसमें से 15 चौका मालकीत सोनी 05 रन, अर्श खान 05 रन, रन पूरी टीम 25 ओवर में 176 ऑल आऊट हो गई एक्स्ट्रा 154 आया।गेंदबाजी में मोहम्मद फैजान 1 विकेट, अयान खान 3 विकेट, उज्जवल दीवान 2 विकेट, आर.सी.ए. ओपनिंग जोड़ी ओपनर हित देवांगन एवं वोस शुरूआत 160 पहला विकेट हित देवांगन 50 रन, 6-6 चौके की मदद से 90 रन 19 चौके की मदद से 90 नाबाद रन बनाये। आर.सी.ए.बी. की ओर से गेंदबाजी दिव्यांश 01 आर.सी.ए. ने 9 विकेट, 177 रन से यह मैच जीत लिया। मैन ऑफ दी मैच उज्जवल दीवान 02 विकेट 89 रन 19 चौके लगाये। समिति की ओर से शुभकामनाए व ऐकेडमी परिवार की ओर से ट्राफी दी गई। कोषाध्यक्ष अनन्य देवांगन, महेश साहू, रणजी आई.पी.एल. प्लेयर अजय मंडल, विनोद भावे, अन्तु कराडे, अमलाडीह पूर्व महिला शोभा चोपड़ा एवं जिला क्रिकेट संघ की ओर से अध्यक्ष श्रीमान सुशील कोठारी जी, सचिव योगेश बागड़े जी, जीत की शुभकामनाए दी। आर.सी.ए. के प्रमुख कोच संदीप शुक्ले ने दी।

सुन्दर साहू ज्ञानदीप पुरस्कार से सम्मानित

राजनांदगांव,9 सितंबर । शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु जिले के माध्यमिक शाला के 3 शिक्षकों को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण सम्मान अंतर्गत ज्ञानदीप पुरूस्कार 2023 से सम्मानित किया गया। डोंगरगांव विकासखंड माध्यमिक शाला रातापायली से सुन्दर लाल साहू ,सेजेस डोंगरगढ़ से अनुराधा राव, फूलझर राजनांदगांव से सविता धुर्वे को विधानसभा अध्यक्ष डा रमन सिंह के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं सात हजार रुपये के चेक प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम शिक्षक दिवस के दिन आडिटोरियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया।जिले के 3 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए ज्ञानदीप पुरूस्कार से सम्मानित किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने बंजारीधाम परिसर में ब्रम्हलीन विभूतियों की प्रतिमा का अनावरण किया

रायगढ़, 9 सितम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने रायगढ़ प्रवास के दूसरे दिन तराईमाल धाम स्थित श्री बंजारी माई की पूजा अर्चना एवं दर्शन लाभ लेकर प्रदेश वासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की उन्होंने परिसर में ही स्थापित पुजारी ब्रह्मलीन श्री रामगोपाल महाराज जी, ब्रह्मलीन अंकुर मालाकार जी, पुजारिन सोनागिरी माता जी के प्रतिमा का भी अनावरण किया। साथ ही उन्होंने श्री बंजारी माई धाम तराईमाल में विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से नव निर्माण कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया जिसमें 8 कार्यों के लिए कुल 2 करोड़ 51 लाख रूपये के कार्य शामिल है। इस दौरान उन्होंने बड़ी घोषणा करते हुए तमनार को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की। इस मौके पर जिले के प्रभारी एवं कृषि मंत्री श्री राम विचार नेताम, वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी, राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह, लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आभार जताते हुए कहा कि मैं जब सांसद के रूप में चुना गया तब से मां बंजारी के पूजा-अर्चना के साथ दर्शन लाभ मिल रहा है। मां बंजारी के आशीर्वाद से ही मैं आज प्रदेश के मुख्यमंत्री तक पहुंचा है। उनके आशीर्वाद से प्रदेश के जनता को सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करता हूं। अंकुर गौटिया के भागीरथ प्रयास से इस धाम का विकास हुआ है। वह मोपेड चलाते हुए बगिया तक भी पहुंच जाते थे कभी कोई बात करनी होती थी ऐसे जुझारू कार्य के

बदौलत यह धाम आज अपने स्वरूप में है। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश का गठन हुआ जिसे संवारने का काम हमारी सरकार कर रही है। महतारी वंदन, राम लला दर्शन योजना के माध्यम से हर महीने 8 हजार से अधिक दर्शन लोगों को आयोध्या, काशी ले जा रहे है। दो दिन पहले ही 8 लाख से अधिक गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास को स्वीकृति प्रदान की है। हम लगातार विकास कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यरत है। कृषि एवं प्रभारी मंत्री श्री राम विचार नेताम ने कहा कि मां बंजारी के आशीर्वाद से ही दोनों बेटे आज प्रदेश के मुखिया और वित्त मंत्री बने है। दोनों के पास ही विकास की चाबी है। जिससे रायगढ़ सहित प्रदेश को विकास की एक नई धारा में ले जा रहे है। मां बंजारी धाम के विकास के लिए जो आप सब लोगों ने मिलकर जो कार्य किए है वह काबिले तारीफ है। सरकार अपना काम करती ही है पर स्थानीय जनता, गरीबों को और अधिक सुविधा मुहैया के उद्देश्य से निजी संस्था भी सामुदायिक सहभागिता के नाते अपना सहयोग प्रदान करते है जो कि सराहनीय है। वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी ने कहा कि बंजारी धाम में जीवन समर्पित करने वाली विभूतियों के प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला यह सौभाग्य की बात है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय यहां से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। यह रायगढ़ तथा आस पास के लोगों के बीच आस्था का बड़ा केंद्र है। रायगढ़-घरघोड़ा सड़क निर्माण का काम तेजी से पूरा किया जा रहा है। अधिकांश हिस्से के काम पूरा कर लिया गया है। जो काम बचा है उसे बारिश के तत्काल बाद पूर्ण कर लिया जाएगा। तमनार से पूंजीपथरा सड़क का निर्माण किया जा रहा है वो भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। हम इस क्षेत्र के विकास के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रहे है। कार्यक्रम को सांसद रायगढ़ श्री राधेश्याम राठिया ने भी संबोधित किया। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि इस अंचल के प्रमुख आस्था के केन्द्र में यहां के प्रमुख विभूतियों के प्रतिमा अनावरण में शामिल होने के लिए आप पहुंचे है। उन्होंने कहा कि यहां सड़कों का काम भी तेजी से हो रहा है। अंधोसंरचनात्मक विकास कार्यों को लेकर भी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित की जा रही है। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री श्री सत्यानंद राठिया, श्रीमती सुनीति सत्यानंद राठिया, श्री विजय अग्रवाल, श्री गुरूपाल भल्ला, श्री उमेश अग्रवाल, श्री श्रीकांत सोमावार, श्री अरूणधर दीवान, श्री गोकुल पटनायक, श्री रंगबलहभ मालाकार, श्री घनश्याम मालाकार, श्री पंचराम मालाकार, श्री पितरू मालाकार, श्री श्याम मालाकार, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल, एसपी श्री दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव सहित मंदिर समिति के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में धूमधाम से मनाया जा रहा है दशलक्षण पर्व

क्रोध के कारण व्यक्ति का विवेक समाप्त हो जाता है : अभिषेक मोदी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भाटापारा, 9 सितम्बर। 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में पर्यूषण पर्व महोत्सव धूमधाम से संपन्न हो रहा है. आज पर्युषण पर्व का पहला दिन उत्तम क्षमा धर्म है। सर्वप्रथम भगवान पारसनाथ जी की प्रतिमा मस्तक पर विराजमान कर पांडुक शिला में विराजमान की गई, पांडुक शिला में विराजमान होने के पश्चात आज का प्रथम अभिषेक करने का सौभाग्य प्रकाश आर्नव मोदी को प्राप्त हुआ। सभी भक्तों ने मिलकर भगवान का मंगल अभिषेक किया। उसके पश्चात शांति धारा संपन्न हुई, आज की शांति धारा का सौभाग्य प्रकाश सुमन लता मोदी, आर्नव अभिषेक नेहा मोदी को प्राप्त हुआ।

शांतिधारा के पश्चात भगवान की मंगल आरती की गई। मंगल आरती के पश्चात प्रतिमा का मार्जन कर सभी भक्त धूमधाम से भक्ति के साथ श्रीजी की प्रतिमा को लेकर भक्ति नृत्य करते हुए बेदी में विराजमान किया।

आज की मंगल पूजा प्रारंभ हुई सर्वप्रथम देव शास्त्र गुरु की पूजा, सोलहकारण पूजा, रत्नत्रय पूजा, दशलक्षण पूजा, 24 तीर्थंकर का अर्ध महाअर्ध समर्पित पूजा संपन्न की गई। धर्म सभा को संबोधित करते हुए अभिषेक मोदी ने बतलाया धर्म का पहला लक्षण उत्तम क्षमा है। आत्मा की स्वाभाविक परिणीति का नाम क्षमा है। अपनी आत्मा के स्वभाव में स्थिर हो जाने का नाम क्षमा है। व्यवहार में क्रोध के अभाव को क्षमा कहते हैं। उत्तम क्षमा का मानव जीवन में वही स्थान है जो एक जीव के लिए आत्मा का। जिस प्रकार बिना आत्मा के इस मानव देह का कोई मूल्य नहीं, इस प्रकार क्षमा के बिना आत्मा का भी कोई मूल्य नहीं। क्षमा धर्म वीरों का आभूषण है। जिसने क्रोध पर विजय प्राप्त कर ली वही वास्तव में वीर है। क्रोध क्षमा धर्म का विरोधी है। क्रोध रूपी विभव आपका हृदय में बैठा हुआ है।

उसे हटाओ, और उसकी जगह क्षमता को प्रतिष्ठित करो। क्षमता कहीं गई नहीं। क्षमता कहीं से आएगी भी नहीं। वह तो आपकी आत्मा में ही विद्यमान है।

अतः क्रोध को छोड़कर क्षमा धर्म को अपनाए। क्रोध ही समस्त अनर्थों की जड़ है। जितना अनर्थ शेर, सर्प, अग्नि, शत्रु, जहर हमारा नहीं करते। उससे कई गुना ज्यादा अनर्थ क्रोध करता है। यह क्रोध विकार उत्पन्न करने में मदिरा का मित्र है, भय उत्पन्न करने में सर्प का प्रतिबिंब है, दूसरों को जलाने में अग्नि का भाई है। और चैतन्य को नष्ट करने में विष वृक्ष के समान हैं। अपनी कुशलता की इच्छा करने वाले कुशल मनुष्यों के द्वारा यह क्रोध जड़ मूल से उखाड़ फेंकने योग्य है। संसार में क्रोध के समान कोई पाप नहीं है। क्रोध के समान कोई शत्रु नहीं है। तथा संसार में जितने अनर्थ होते हैं वह सब क्रोध के ही कारण होते हैं। हमें ऐसे क्रोध को छोड़ देना चाहिए। एक कहावत आती है कम खाना, गम खाना, ना हकीम पर जाना, ना हकीम पर जाना। कम खाओगे तो बीमार नहीं पड़ोगे और गम खाओगे तो लड़ाई झगड़ा नहीं होंगे।

वकील के चक्कर नहीं काटना पड़ेंगे, क्रोध आत्मा की एक ऐसी विकृति है कमजोरी है जिसके कारण व्यक्ति का विवेक समाप्त हो जाता है। वह भूल जाता है कि वह क्या कर रहा है। क्या करने जा रहा है, और इसका क्या परिणाम निकलेगा। क्रोध आदमी की समस्या है, यह समस्या एक आदमी की नहीं बल्कि हर आदमी की है। क्रोध हिंदू को भी आता है, मुसलमान को भी आता है, ईसाई को भी आता है।

शायद ही ऐसा कोई आदमी हो जो क्रोध की समस्या से ग्रसित ना हो, क्रोध जाति पाती को नहीं देखता, छोटे बड़ों को नहीं देखता, अमीर गरीब को नहीं देखता, ज्ञानी मूर्ख को नहीं देखता, क्रोध सबको आता है, क्रोध पक्षपात नहीं करता। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रकाश मोदी, नवीन गदीया, आलोक मोदी, अभिनव, अभिनंदन, अक्षत, सुमन लता, रजनी, नेहा, सुरभि मोदी, अनुराग जैन, अंकुश जैन, संदीप सनत कुमार जैन, पंकज गदीया, नितिन गदीया, नैतिक गदीया, शोभा लाल जी जैन, अरिंजय आदि, अंशु मोदी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

समाचार संक्षेप

छुरा में उत्साह से की गई गणपति प्रतिमा की स्थापना

छुरा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर सहित अंचल के ग्राम गिधनी में नींम चौंक नवयुवा गणेश उत्सव समिति द्वारा प्रथम पूज्य सिद्धिविनायक विघ्नहर्ता गणनायक की मूर्ति पुरोहित के द्वारा विधि-विधान पूर्वक मंत्रोचार के साथ शुभ मुहूर्त में गणपति बप्पा मोरिया के साथ विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना करके गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई।बड़े उत्साह के साथ लोगों ने आरती पूजन कर प्रसादी वितरण कर जनकल्याण की कामना की। बाजार में भी पूजन सामग्री और डेकोरेशन सामनों की खरीदरारी से बाजार गुलजार रहा।वहीं बप्पा की छोटी-बड़ी मूर्तियों को खरीदने के लिए लोगों में भारी उत्साह देखा गया।हर कोई अपनी अपनी पसंद की मूर्तियों को खरीदकर घरों व मंचों में उसे स्थापित करने के साथ आस्था भक्ति में डुबने लगे।पूरे दस दिनों तक पूरे अंचल में गौरी के लाला की पूजा आराधना प्रतिदिन सुबह शाम के साथ लोग पुण्य के भागी बनेंगे।मधुर ध्वनि में स्वागत के साथ पूरा अंचल गणेश मय हो गया है।इस मौके पर प्रमुख रुप से ग्राम के बैगा देवनाथ ठाकुर, बेदुराम ठाकुर, यशपाल ठाकुर, यादराम ठाकुर, पुनिराम ठाकुर, योगेन्द्र ठाकुर, पंकज ठाकुर, नरोतम ठाकुर, रिंकु ठाकुर लक्की ठाकुर, दीपक ठाकुर, बेनु ठाकुर, सहित छोटे छोटे बच्चे एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

स्कूटी से गांजा की तस्करी करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। ऑपरेशन विश्वास के तहत थाना गिधौरी पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों, अवैध महुआ शराब बनाने वाले, जुआ सट्टा एवं मादक पदार्थ गांजा की तस्करी करने वाले अंवैधानिक तत्वों की धरपकड कार्यवाही लगातार जारी है। इसी क्रम में स्कूटी वाहन के माध्यम से गांजा की तस्करी करने वाले एक आरोपी को पकड़ा गया है। मुखबिर सूचना पर 9 सितमबर को थाना गिधौरी से निरीक्षक के.सी.दास, सहायक उप निरीक्षक गोकुल पटेल, प्रधान आरक्षक पीलाराम, आरक्षक रामलाल, विजय मिलन, राजू लकड़ा एवं राकेश पाटले की पुलिस टीम द्वारा गिधौरी-सारंगढ़ सड़क मार्ग में ग्राम घटमड़वा में नाकाबंदी कर एक संदिग्ध स्कूटी वाहन को रोका गया। इस दौरान स्कूटी में एक व्यक्ति शेख इरफान सवार था। तत्पश्चात पुलिस टीम द्वारा स्कूटी वाहन एवं उसमें सवार व्यक्ति शेख इरफान का सुक्ष्मतापूर्वक निरीक्षण किया गया, जिसमें आरोपी शेख इरफान के पास रखे बैग से कुल 07 पैकेट में बंधा अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। तलाशी कार्रवाई पश्चात स्कूटी में मिले गांजा का विधिवत तौल कार्यवाही कराया गया, जिसमें कुल 07 किलो 400 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा होना पाया गया जिसे विधिवत जप्त किया गया है। उक्त गांजा का बाजार मूल्य 70, 400 है। साथ ही आरोपी से स्कूटी वाहन क्रमांक सीजी-10-5315 एवं एक मोबाइल को भी जप्त किया गया है।

सिनोधा में काव्य गोष्ठी का सफल आयोजन

तिल्दा-नेवरा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। तिल्दा नेवरा के निकट ग्राम सिनोधा में परम श्रद्धेय स्वर्गीय रामानुजदास जी वैष्णव की 21 वी पुण्यतिथि मनाये इस अवसर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया कार्यक्रम का प्रारंभ विघ्नहर्ता भगवान गणेश, द्रुएवं विद्या दायिनी माता सरस्वती की पुजा अर्चना करने के पश्चात स्वर्गीय रामानुजदास जी वैष्णव के तस्वीर की पुजा अर्चना किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों के आये हुए कवि जुगेश चंद दास एवं सुखी राम साहू कोसरंगी आरंग से खेमचंद कुर्र बेलटुकरी खरोरा से संतोष कुमार धीवर कनकी खरोरा से ललित सिंह ठाकुर कड़र भाटापारा से तुलेश्वरी धुरंधर अर्जुनी रवान से डाक्टर इंद्रापी साहू भाटापारा से डाक्टर कृष्ण कुमार वर्मा केसदा से नरेन्द्र कुमार वर्मा, हथबंद नवापारा से, मोहन लाल वर्मा अल्दा से, रामनारायण नेताम खपरीकला से, कवियों ने मधुर स्वर में, स्वलिखित गीत कविता प्रस्तुत किये, कार्यक्रम में केशवदास वैष्णव, दिनेश वैष्णव, रूखमणी वैष्णव, कुमुदिनी वैष्णव, रश्मी, याशिका, मिताली, सकुंतला वैष्णव लोहारी से, यशोदा वैष्णव, गायत्री वैष्णव रायपुर से, रवि वैष्णव मौलीसिंगारपुर से दुखित साहू, सेवक यादव, धीरज ध्रुव, ललित यादव। कार्यक्रम में वैष्णव परिवार एवं पूर्व सरपंच सरिता नरेन्द्र डोण्डे, प्रभुदयाल (गणेशराम) वर्मा, शिवकुमार वर्मा सचिव, एवं ग्राम पंचायत सिनोधा एवं स्कूल का विशेष योगदान रहा। संयोजक ट्ठ शोभित कुमार ध्रुव गुरुजी, हिमांचल चौबे गुरुजी, शिवकुमार वर्मा सचिव, हैं मंच संचालन संतोष कुमार नायक ने किया।

एक नजर

बिजली कटौती से जनता त्रस्त

छुरा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। नगर में पिछले कुछ महीनों से विद्युत विभाग के द्वारा अघोषित विद्युत कटौती जारी है। बिना किसी पूर्व सूचना के विभाग द्वारा नगर एवम ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत कटौती की जा रही है।विभाग द्वारा हल्की बारिश होने पर दिन रात लाइट बंद कर दी जाती है। जिससे व्यापारी, स्कूली बच्चों एवं गृहिणी को काफी दिक्कत का सामना करना पड़ता है नगर के वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक दीक्षित ने विभाग की उदासीन रवैया से उच्च अधिकारी को अवगत कराने।की बात कही वही नगर पंचायत के पूर्व एल्डरमैन लोकेश्वर वर्मा ने कहा कि पूर्व में कांग्रेस शासन काल में बिजली बिल हाफ़होता था और ना ही बिजली की कटौती परंतु भाजपा के 6 माह के कार्यकाल में विद्युत कटौती से जनता त्रस्त हो गई है बिना किसी पूर्व सूचना दिए कई दिनों तक विद्युत कटौती की जाती है हल्की बारिश होने पर घंटो तक विद्युत आपूर्ति बंद कर दिया जाता हैं।संध्या होने के पश्चात नगर व्यापारिक प्रतिष्ठानों मे लेन देन का सिलसिला जारी रहता है एन वक्त पर बिजली कटौती कर दी जाती है जिससे व्यापारी संध्या 7 बजे अपने व्यापारिक संस्थान बंद कर देते है जिससे व्यापारी एवं ग्राहकों में विद्युत विभाग के खिलाफ भरी आक्रोश व्याप्त रहता है और विद्युत विभाग की नाकामी गतिविधि को कोसते हुए आलोचना करते है अगर यही रव्या रहा तो नगर बंद और उग्र प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।

ब्लाक स्तरीय शिक्षक सम्मान 10 को

तिल्दा-नेवरा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।10 सितंबर को बीएनबी हाई स्कूल नेवरा में दोपहर 1:00 बजे से शिक्षक सम्मान समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से बृजमोहन अग्रवाल सांसद रायपुर लोकसभा, टंक राम वर्मा क्षेत्रीय विधायक एवं मंत्री छत्तीसगढ़ शासन, अनुज शर्मा विधायक धरसीवा मुख्यरूप से उपस्थित रहेंगे। भाजपा महामंत्री सोरभ जैन ने बीजेपी कार्यकर्ताओं से अपील की है की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति होकर उक्त कार्यक्रम में अपना बहुमूल्य समय निकालकर पहुंचे। विद्यालय परिवार के सभी पलको से भी अपील की है। आयोजकों ने कहा है कि नगर के गण मान्य नागरिक उक्त कार्यक्रम को सफल बनाएं।

'राधेश्याम शर्मा ने लूट के आरोपी को जल्द पकड़ने की मांग की

तिल्दा-नेवरा, 9 सितम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। विगत दिनो भाटापारा लिमतरा मार्ग

मे प्राम मर्कांकोना के पास नकाबपोशों के द्वारा एक सराफ व्यापारी के साथ बंदूक की नोक पर किये गये लूटपाट की घटना की निंदा करते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग वरिष्ठ कांग्रेस नेता, समाजसेवी राधेश्याम शर्मा फगा महराज ने की है।उन्होने इस घटना पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि भाटापारा लिमतरा मार्ग काफी व्यस्त मार्ग है जहां चौबीसों घंटे आवागमन चलता है ऐसे मे शाम 7 बजे मर्काकोना गांव के समीप इस तरह की घटना होना दुर्भाग्यजनक है एवं आम लोगो के लिए चिंता का विषय भी है पुलिस प्रशासन को इसे गंभीरता से लेना चाहिए जिससे आपराधिक गतिविधि करने वालो मे भय रहे। शर्मा ने आगे कहा इस मार्ग पर तरेंगा, रोहरा, आदि स्थानों पर लूट की घटना घटित हो चुकी है उन्होंने पुलिस प्रशासन से गस्त बढाये जाने की मांग पुलिस अधीक्षक से की है।शर्मा ने आगे कहा कि इस तरह की लूटपाट, चोरी डैकती, दुष्कर्म की घटनाएं पूरे प्रदेश से आये दिन सुनने को मिल रहा है जिसे देख ऐसा लगता है कि प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा गई है अपराधियों पर कोई नियंत्रण नही रह गया है, आज पूरे प्रदेश मे आपराधिक गतिविधियां बढने से प्रदेश के लोग अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

साहू समाज ने तेली दिवस मनाकर किया समाज गौरव, उत्कृष्ट शिक्षक एवं प्रतिभाओं का सम्मान

मेरिट सूची में स्थान पाने वालों को मिला 25 हजार अन्य समाज के शिक्षकों का भी किया गया सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 10 सितम्बर। जिला साहू संघ धमतरी अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के तत्वाधान में विश्व तेली दिवस के अवसर पर कोचिंग क्लास एवं कैरियर गाइडेंस, समर कैंप का आयोजन कर उत्कृष्ट सामाजिक कार्य करने वाले परिक्षेत्र, ग्रामीण साहू समाज को भागीरथ सम्मान, कोचिंग हेतु जगह उपलब्ध कराने वाले स्कूल प्राचार्यो को विशेष सम्मान, साहू समाज के लाइब्रेरी हेतु पुस्तक दान करने वालों, नारीशक्ति जनजागरूकता, सनातन धर्म प्रचार-प्रसार, चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ समाज सेवा करने वालों एवं सामाजिक पदाधिकारियों को समाज उत्थान के कार्य हेतु समाज गौरव सम्मान, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के साथ ही समाज के विकास एवं उत्थान में विशेष योगदान देने वाले को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान, कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के राज्य मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 25000 रुपये एवं उत्कृष्ट अंक अर्जित करने वालों को 1000 रूपये प्रोत्साहन राशि प्रदान करते हुए प्रतिभा सम्मान किया गया। इन सभी के साथ ही संगीत, कला, खेल, विज्ञान, पर्यावरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 161 विशिष्टजनों को भी प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

तेली दिवस के मुख्य वक्ता लेखक एवं शोधकर्ता इंजीनियरिंग कॉलेज रायपुर के प्रोफेसर घनाराम साहू ने बताया कि भगवान शंकरजी द्वारा गणेश भगवान के नवसृजन के साथ ही इस संसार में प्रथम तेली व्यक्ति का पदुर्भाव हुआ। इसलिए गणेश चतुर्थी के दिन विश्वभर में कई जगहो पर तेली दिवस मनाया जाता है।

सम्मान कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी.आर.जगदल्ले धमतरी जिला शिक्षाधिकारी, अध्यक्षता अवनेंद्र साहू जिलाध्यक्ष जिला साहू संघ धमतरी, विशिष्ट अतिथि तोरणलाल साहू जिला उपाध्यक्ष, केकती साहू जिला उपाध्यक्ष, यशवंत साहू जिला महासचिव, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील धमतरी ग्रामीण, रोहित कुमार साहू अध्यक्ष तहसील शहर धमतरी, राधेश्याम साहू अध्यक्ष तहसील कुरुद, कामताराम साहू अध्यक्ष तहसील भखारा, तोषण साहू अध्यक्ष तहसील मगरलोड, कंवलराम साहू अध्यक्ष तहसील नगरी, दयाराम साहू संयोजक अधि.कर्म., नीलकंठ साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष थे।

अतिथियों ने साहू समाज द्वारा संस्कार एवं शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए क्रांतिकारी बताया कि शैक्षिक कार्यों से साहू समाज ही नहीं अपितु सर्वसमाज के बच्चे लाभान्वित होंगे। जो अपनी मंजिल पाकर कामयाब व्यक्ति बनकर समाज व देश के प्रति निष्ठावान रहेंगे। संस्कारों को लेकर एक जिला एक नियम की प्रशंसा किये। साथ ही सम्मानित होने वाले शिक्षकों एवं प्रतिभाओं ने साहू समाज द्वारा किए जा रहे इस कार्य की प्रशंसा करते हुए कार्यक्रम को सामाजिक समरसता एवं सद्भावना का मिसाल बताया। इस अवसर पर गणेशराम साहू, केशव साहू, मेवालाल साहू, गोपीकिशन साहू, पुरुषोत्तम साहू, कीर्तन साहू, खिम्मन साहू, दिनेश साहू, गोवर्धन साहू, उमाशंकर साहू दीपा साहू, गणेशप्रसाद साहू, गजानन साहू, नंदकिशोर साहू, देवनाथ साहू, पदुमलाल साहू, सुभाष साहू, अंगदलाल साहू, दिनेश साहू, भारतसाहू, इंद्रनारायण साहू, रामकुमार साहू, जितेंद्र साहू, भोलाराम साहू, लिखनलाल साहू, नंदझरुखा साहू, मिनेश साहू, लक्ष्मण साहू, लखन लाल साहू, गौतम साहू, खोवाराम साहू, कांशीराम साहू, कृष्णाराम साहू, दयालुराम साहू, किशनलाल साहू, राजेंद्र साहू, योगेश्वर साहू, उपेंद्र साहू, विजय गौतम साहू, रामकुमार साहू, मदन साहू, राजेंद्र साहू, रामेश्वर गंगबेर, गिरीश साहू, कमलेशकांत साहू, भोलाराम साहू, पोषण साहू, प्रेमचंद साहू, कमलेश साहू, हंसराज साहू, ललित चौधरी, गिरधारी साहू, रोहित साहू, डेरहुराम साहू, प्रहलाद साहू, कुंती साहू, यमुना साहू सुशीला साहू, रेणुका साहू, मोहिनी साहू, देवीभूमिका साहू, आराध्या साहू, कुलेश्वर साहू, चमन साहू, विजय साहू, यादोराम साहू, भूपत साहू, चोवाराम साहू, विष्णु साहू, ईश्वर साहू, रामगोपाल साहू, भूषण साहू, घनश्याम साहू, समाजसेवक राजू साहू सहित बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव मनोज साहू एवं आभार प्रदर्शन जिला सचिव लीलाराम साहू ने किया।

गाज गिरने से घायल लोगों का कलेक्टर ने जाना हाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

बलौदाबाजार, 10 सितम्बर। विकासखंड बलौदाबाजार के ग्राम मोहतरा में रविवार अपरान्ह में आकशीय बिजली गिरने से 7 लोगों कीमौक़े पर ही मृत्यु हो गई वही 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल बलौदाबाजार में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने घटना की सूचना मिलते ही जिला अस्पताल पहुँचकर घायलों से मुलकात की और उनका हाल -चाल जाना। उन्होंने सीएचएमओ से घायलों का के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सीएमएच डॉ राजेश अवस्थी ने बताया की चारों का ईलाज जारी है और खतरे से बाहर हैं। एक-दो दिन में डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।कलेक्टर सोनी ने सीएमएचओ को चारों घायलों का बेहतर ईलाज के निर्देश दिए। वहीं इस घटना में 7 लोगों की मौक़े पर

मृत्यु हो गई। कलेक्टर ने मृतकों के परिजनों को तात्कालिक सहयता राशि 15- 15 हजार रुपए तत्काल देने के निर्देश एसडीएम को दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम अमित गुप्ता सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। एसडीएम अमित गुप्ता ने बताया कि ग्राम मोहतरा में कुछ लोग् एक पेड़ के नीचे बैठकर बातचीत कर रहे थे. उसी दौरान बिजली गिरने से ये लोग उसकी चपेट में आ गए।

मुख्यमंत्री ने मोहतरा में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 7 ग्रामीणों की मृत्यु पर दुःख प्रकट किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बलौदाबाजार जिले के मोहतरा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 7 ग्रामीणों की मृत्यु और कई लोगों के घायल होने की घटना पर गहरा दुःख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री साय ने कहा है कि बलौदाबाजार जिले के मोहतरा गांव में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 7 ग्रामीणों की मृत्यु और कई लोगों के घायल होने की दुःखद सूचना प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन द्वारा घायलों को त्वरित इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया है। प्रशासन को बेहतर इलाज की व्यवस्था करने और अन्य आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि मेरी संवेदनाएं मृतकों के परिजनों के साथ है। ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और घायलों के जल्द से जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में चलाया स्वच्छता एवं मतदाता जागरूकता अभियान

नई कक्षाओं में की गई सफाई, गार्डन से खरपतवार को निकाला गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भखारा, 10 सितम्बर। महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा में प्राचार्य डॉ संजय शर्मा के मार्गदर्शन में रा.से.यो कार्यक्रम अधिकारी जानेन्द्र बंजारे की उपस्थिति में रा.से.यो. इकाई द्वारा शनिवार को महाविद्यालय परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना की नियमित गतिविधि के अंतर्गत स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों को दलवार कार्य सौंपे गए। नियमित गतिविधि का आरंभ एनएसएस लक्ष्य गीत के साथ किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक कु.ख्याति, कु.युगेश्वरी एवं कु.वैष्णवी द्वारा नवीन स्वयंसेवकों को लक्ष्य गीत सिखाया गया।महाविद्यालय परिसर व नए कक्षाओं की साफ-सफाई की गई, महाविद्यालय के गार्डन के खरपतवारों की निंदाई की गई एवं अवांछनीय पेड़ पौधों की वैज्ञानिक तरीकों से कटाई छटाई की गई। एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत लगाए गए पौधें के आसपास की सफाई कर पानी डाला गया।धमतरी जिला मे जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे जल जगार अभियान एवं एनएसएस नियमित गतिविधि मे किए जाने वाले श्रम की महत्ता पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी द्वारा स्वयंसेवकों को अभिमुखित किया गया।

स्वयंसेवकों को आगामी जनवरी 2025 मे आयोजित होने वाली

नगरपालिका एवं त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध जागरूकता हेतु चलाए जा रहे जागरूकता अभियान जागव बोटर (जाबो) से अवगत कराया गया। इस अभियान अंतर्गत 18 वर्ष या 18 वर्ष से अधिक उम्र के स्वयंसेवकों एवम् विद्यार्थियों को स्वविवेक से वोट डालने एवम् अन्य नागरिक को प्रेरित करने हेतु प्रेरित किया गया। तत्सम्बंध मे उन्हें शपथ दिलाया गया। फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली मे नाम जुड़वाने/त्रुटि सुधार इत्यादि संबंध मे उन्हें अवगत किया गया।स्वयंसेवकों ने सभी कक्षाओं मे जाकर विद्यार्थियों को जागरूकता अभियान -जागव बोटर (जाबो) के बारे बताया।स्वच्छता अभियान एवम् मतदाता जागरूकता अभियान मे रा.से.यो. इकाई के 75 स्वयंसेवकों ने उत्सुकता से भाग लिए। साफ़ सफाई के पश्चात स्वयंसेवकों का अभिमुखीकरण किया गया एनएसएस बी एवं सी प्रमाण पत्र परीक्षा मे अर्हता के लिए निर्धारित मापदंडों से अवगत कराया गया।प्राचार्य एवं समस्त प्राध्यापकगण द्वारा एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा महाविद्यालय मे चलाए जा रहे गतिविधि की प्रशंसा की गई।नियमित गतिविधि मे वरिष्ठ स्वयंसेवक पुष्पेंद्र कुमार, राहुल कुमार, हेम कुमार, ख्याति साहू, योगेश्वरी, वैष्णवी, त्रिवेंद्र, दीपक सहित सभी एनएसएस वॉलिंटियर उपस्थित रहे।

एक नजर

टाटा एस वाहन की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

रायपुर, 9 सितम्बर। सिलतरा स्थित सांई अस्पताल के पास टाटा एस वाहन ने सायकिल सवार युवक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने टाटा एस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिलीप किण्डो 28 वर्ष सांकरा के निको जायसवाल कंपनी में काम करता था और वहीं के सर्वेंट क्वार्टर में रहता था। बताया जाता है कि वह अपनी सायकिल से कहीं जा रहा था, तभी सिलतरा के सांई अस्पताल के पास टाटा एस क्रमांक सीजी 04 पीए 8110 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सायकिल को टक्कर मार दिया। जिससे दिलीप किण्डो की मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सरेआम शराब पीते 15 पकड़ाए

रायपुर, 9 सितम्बर । राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते अलग-अलग थाना क्षेत्रों में 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार धरसींवा पुलिस ने ग्राम कुरूद में सरेआम शराब पीते आरोपी सीताराम साहहू 32 वर्ष व कमलेश वर्मा 19 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी टीके यादव 19 वर्ष एवं उरला पुलिस ने आरोपी रामू साहहू 28 वर्ष, युवराज देवांगन 36 वर्ष, शुभम रंघोटे 25 वर्ष, प्रहलाद नांगरिकर 45 वर्ष, हीरालाल कर्ष 34 वर्ष व रोहित साहू 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं विधानसभा पुलिस ने आरोपी सुखविंदर सिंह 31 वर्ष, आरंग पुलिस ने ग्राम सोमनाथ निषाद 59 वर्ष व भूपेन्द्र साहू 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रवि निषाद 25 वर्ष, विकाश सिंह ठाकुर 35 वर्ष व वासु दलाई 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

ऊर्जा दक्षता में नवोन्मेष के लिए वेदांता का सम्मान

रायपुर 9 सितंबर। भारत की सबसे बड़ी एल्यूमिनियम उत्पादक वेदांता एल्यूमिनियम को उसकी लांजिगढ़, ओडिशा स्थित एल्यूमिना रिफाइनरी में लागू किए गए ऊर्जा दक्षता अभ्यासों के लिए सीआईआई नेशनल ऐनर्जी ऐफिशियेंसी सर्कल कॉम्पिटिशन 2024 में कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस इकाई को 'बैस्ट ऐनर्जी ऐफिशियेंट डेज़िगनेटिड कंज्यूमर' श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा 'बैस्ट ऐनर्जी ऐफिशियेंट ऑर्गनाइज़ेशन (लार्ज सेक्टर)' और 'बैस्ट मैनेज्ड इलेक्ट्रिकल सिस्टम फॉर ऐनर्जी ऐफिशियेंसी' श्रेणियों में भी इस इकाई को विशेष प्रशंसा प्राप्त हुई है। ये पुरस्कार इस बात के परिचायक हैं कि वेदांता एल्यूमिनियम जिम्मेदार व्यापारिक प्रचालन सुनिश्चित करने पर ध्यान केन्द्रित करती है। वेदांता एल्यूमिनियम की विश्व स्तरीय रिफाइनरी उच्च क्वालिटी एल्यूमिना का उत्पादन करती है जिसे बाद में झारसुगुडा, ओडिशा और कोरबा, छत्तीसगढ़ के स्मेल्टरों में प्रोसैस कर के एल्यूमिनियम तैयार किया जाता है। लांजिगढ़ प्लांट में इस वक्त 29 ऊर्जा दक्षता परियोजनाएं प्रगति पर हैं जो 2050 तक वेदांता के नैट् ज़ीरो उत्सर्जन हासिल करने के लक्ष्य में योगदान कर रही हैं।

पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू को पत्नी शोक

रायपुर, 9 सितम्बर। छत्तीसगढ़ प्रदेश के पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू की धर्मपत्नी, कमला देवी साहू (72 वर्ष), का रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान देर रात 12:00 बजे निधन हो गया। वे लंबे समय से अस्वस्थ चल रही थीं, और उनका आकस्मिक निधन परिवार, शुभचिंतकों और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर पैदा कर गया है।

भाजपा नेत्री सरोज पांडेय के पिता का निधन

भिलाई। पूर्व राज्यसभा सदस्य भाजपा की वरिष्ठ नेत्री मैत्री नगर भिलाई नगर निवासी सुश्री सरोज पांडेय के पिता भिलाई इस्पात संयंत स्कूलों के सेवानिवृत उप प्राचार्य श्री श्याम जी पांडेय का आज सुबह सेक्टर 9 चिकित्सालय में निधन हो गया वे 92 साल के थे। उनका अंतिम संस्कार आज ही सोमवार को शिवनाथ नदी के तट पर किया गया।

पूर्व मंत्री गुप्ता की पत्नी का स्वर्गवास

रायगढ़। पूर्व मंत्री कृष्ण कुमार गुप्ता की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला देवी गुप्ता का आज प्रातः रायपुर में दुखद निधन हो गया है। वे 75 वर्ष की थी। श्रीमती शकुंतला देवी अपने पीछे दो पुत्र अरुण, संजय सहित नाती,पोते पड़पोते समेत भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा मंगलवार कल दिनांक 10 सितंबर को प्रातः 10:00 बजे शंकर ट्रेडिंग राइस मिल अपेक्स बैंक के बगल में ट्रांसपोर्ट नगर के पास स्थित उनके निवास से प्रारंभ होगी और कयाघाट मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार होगा।

हाईकोर्ट के निर्णय से प्रभावित शिक्षकों को न्याय दिलाने की पहल

प्रभावित ढाई हजार शिक्षक मुख्यमंत्री सहित विधायकों से लगा रहे न्याय की गुहार

शिक्षा संचालनालय ने सीधी भर्ती का बनाया प्रस्ताव

मुख्य नगर संवाददाता

रायपुर, 9 सितम्बर। हाईकोर्ट के निर्णय के उपरांत जो शिक्षक बेरोजगार हो गए हैं अब उन्हें सीधी भर्ती के माध्यम से न्याय दिलाने का प्रयास शासन स्तर पर किया जा रहा है। शासन के शिक्षा विभाग के अनुसार हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए फैसले के अनुसार जो शिक्षक बीएड उत्तीर्ण थे उन्हें अयोग्य माना गया है। इस आधार पर अब शिक्षकों को हटाया जाएगा। निर्णय से प्रभावित करीब ढाई हजार शिक्षक इस समय मुख्यमंत्री, कैबिनेट मंत्री तथा क्षेत्र के विधायकों के निवास का चक्कर काट रहे हैं। मुख्यमंत्री जो कि शिक्षा मंत्री भी हैं इस मामले पर गंभीरतापूर्वक विचार कर रहे हैं। शासन ने इस संबंध में एक प्रस्ताव मंगाया है जिस पर विचार किया जा रहा है। शिक्षा संचालनालय द्वारा सीधी भर्ती के माध्यम से शिक्षकों को न्याय दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

व्यापमं दोषी नहीं, नियम बदला गया

शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस समय व्यापमं को दोषी ठहराया जा रहा है लेकिन यह बात अनुचित है। अधिकारियों के अनुसार पहले दूसरा नियम था, अब नया नियम आ गया है। इसलिए शिक्षकों के साथ अन्याय हो गया। शिक्षकों को न्याय दिलाने के लिए सरकार द्वारा विचार किया जा रहा है लेकिन इस पर कोई अंतिम निर्णय सरकार को लेना होगा। राज्य शासन में शिक्षक पात्रता परीक्षा के आधार पर ही नई नियुक्ति की जा रही है। चूंकि शिक्षा विभाग संवर्ती सूची बनाता है जिस पर केंद्र और राज्य दोनों ही कार्रवाई कर सकते हैं। केंद्र में मानव संसाधन विभाग के अधीन राज्य का शिक्षा विभाग काम करता है। मध्यान्ह भोजन एवं प्रौढ़ शिक्षा सहित अन्य कार्यक्रमों का संचालन केंद्र द्वारा किया जाता है। शिक्षा संचालनालय के अधिकारियों के अनुसार शासन को एक प्रस्ताव बनाकर भेज दिया गया है जिस पर अब प्रभारी मंत्री विष्णुदेव साय ही कोई अंतिम निर्णय लेंगे। विधि विभाग से सभी इस संबंध में राय मांगी जा रही है। विधि विभाग द्वारा इस संबंध में कोई जानकारी नहीं दी जा रही है। हाईकोर्ट के फैसले से प्रभावित शिक्षक रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा से मिले थे। उनके द्वारा भी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दिया गया।

जय गणेश जय गणेश देवा.....



बाल गणेशोत्सव समिति आरडीए कालोनी बोरिया खुर्द।

जय भवानी गणेशोत्सव आमापारा

कर्मचारी फेडरेशन की मशाल रैली 11 को

रायपुर, 9 सितम्बर (मुख्य नगर संवाददाता)। छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के आह्वान पर कर्मचारी चार सूत्रीय मांगों को लेकर 11 सितम्बर को मशाल रैली निकालेंगे। प्रदेश अध्यक्ष कमल वर्मा के अनुसार महंगाई भत्ता, अर्जित अवकाश नकदीकरण, चार स्तरीय वेतनमान जैसी प्रमुख मांगों को लेकर फेडरेशन ने सरकार को चेतावनी दे दी है। फेडरेशन को विभिन्न सांसदों एवं विधायकों का समर्थन प्राप्त है। फेडरेशन के द्वारा 11 सितम्बर को मशाल रैली एवं 27 सितम्बर को प्रदेश बंद का आह्वान किया गया है। फेडरेशन के अध्यक्ष के अनुसार प्रदेश के मुख्यमंत्री-वित्तमंत्री तथा अन्य विधायकों से भी मिलकर मांगे पूरी करने की मांग की गई है।

अवैध शराब के साथ 5 गिरफ्तार

रायपुर, 9 सितम्बर । तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के साथ पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 329 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मंदिरहसौद पुलिस ने अवैध शराब के साथ आरोपी नेरी कुर्रे 25 वर्ष, बबन बंदे 52 वर्ष व गोविंद राज 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन तीनों के पास से कुल 270 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं राजेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी तोरण गायकवाड़ 22 वर्ष के पास से 17 पाव देशी शराब व खमतराई पुलिस ने आरोपी अमन देवदास 25 वर्ष के पास से 35 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

संतोषी नगर में अवैध निर्माण की शिकायत पर कार्रवाई नहीं

रायपुर 9 सितंबर। वीर शिवाजी वार्ड, खमतराई वार्ड नंबर 16 जोन क्रमांक 01नगर निगम के संतोषी नगर में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया गया है। नगर निगम ने 3 नोटिस के बावजूद अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। उक्त अवैध निर्माण जिसके द्वारा किया जा रहा है उनके पास उस भूमि का कोई भी दस्तावेज नहीं है न ही नक्शा पास है। समाज सेवी रमेश कुमार ने बताया कि नगर निगम की आँख के नीचे निर्माण कार्य होता रहा और निगम के अधिकारी कुंभकर्णी नींद मे सोते रहे फिर मैंने खुद रायपुर हेल्पलाइन काल सेंटर कलेक्टोरेट में 7 अगस्त को शिकायत दर्ज कराई । फिर भी अभी तक कार्रवाई नहीं हुई। जोन

कमिश्नर हितेंद्र यादव से भी बार बार संपर्क किया फिर भी कुछ नहीं हुआ।

अब तो इसका मतलब यही हुआ की किसी राजनीतिक संरक्षण के दबाव मे आकर नगर निगम जोन 01के अधिकारी अब तक कोई कार्रवाई नहीं कर पाए। ये तो एक वार्ड की बात है पूरे जोन का क्या हाल होगा? पूरा कमीशन का खेल चल रहा है अब आम गरीब जनता अपनी शिकायत ले के कहां जाये सिर्फ जनप्रतिनिधि लोगो की ही बात सुनते है गरीब की नहीं अब इसकी शिकायत मुख्यमंत्री जन दर्शन में की जाएगी।

कानून व्यवस्था पर राज्यपाल से मिलेंगे दीपक बैज

रायपुर, 9 सितम्बर। प्रदेश में गिरती कानून व्यवस्था को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शीघ्र ही राज्यपाल से मिलेंगे। प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका इस समय राज्य से बाहर हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने उनसे मिलने का समय मांगा है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार राज्य में कानून व्यवस्था गिरती जा रही है जिससे लोगों में असंतोष एवं रोष व्याप्त है। बैज ने बताया कि गत दिनों सीतापुर एवं अन्य स्थानों पर कई हिंसक वारदातें हुई है तथा एक आदिवासी मजदूर को मौत के घाट उतार दिया गया था। राज्य में हत्या की वारदातें बढ़ती जा रही है। बलौदाबाजार में भी एक घटना के बाद कई निर्दोष लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के अनुसार बस्तर क्षेत्र में नक्सली वारदात रोकने के लिए स्थानीय पुलिस की आवश्यकता है। बड़ी संख्या में सीआरपीएफ की फोर्स लगाई जा रही है जो कि बस्तर की भौगोलिक जानकारी नहीं रखते हैं। इससे अनावश्यक मुठभेड़ होती है तथा मजदूर लोग मारे जाते हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संज्ञान में आया है कि नारायणपुर के पास सेना की छावनी बनाए जाने के लिए जमीन मांगी गई है। प्रदेश अध्यक्ष के भाव के बस्तर में सेना का कोई काम नहीं है जबरिया आतंक फैलेगा। इस पर राज्य शासन को विचार करना चाहिए। ज्ञात रहे शासन ने नारायणपुर कलेक्टर से अबूझमाड़ के पास सेना की छावनी बनाने के लिए एक बड़ा भूखंड मांगा है जिस पर कलेक्टर पूरी कार्रवाई कर शीघ्र ही इसका जवाब देंगे।

सेहत के प्रति सजग रहने स्वास्थ्य विभाग की अपील

किसी भी जानकारी के लिये फोन नम्बर 104 पर कर सकते हैं संपर्क

रायपुर, 9 सितंबर। स्वाइन-फ्लू से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव ने बताया कि मेडिकल कॉलेज सिम्स, जिला अस्पताल और सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आइसोलेशन वार्ड, दवाईयों और आक्सीजन सिलेंडर की सुविधा है। जरूरत पड़ने पर मरीजों को उच्च संस्थानों में भेजने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था भी है। उन्होंने बताया कि स्वाइन-फ्लू सामान्य बुखार जैसा ही होता है। शरीर में दर्द, सर्दी और बलगम की शिकायत के साथ बुखार आता है तो तत्काल चिकित्सक से परामर्श जरूर लें।

बिलासपुर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि बिलासपुर जिले में स्वाइन-फ्लू पीड़ितों की मौत के पीछे कई बीमारियां हैं जो मरीजों को पहले से होती हैं। ऐसे मरीजों द्वारा देर से इलाज लेना प्रारंभ करने पर हालत गंभीर हो जाती है जो मृत्यु का कारण बनता है। उन्होंने कहा कि स्वाइन-फ्लू से पीड़ित होने पर तुरंत उपचार लेना चाहिए। इससे बचाव के लिए भीड़ से दूर रहना चाहिए । सार्वजनिक स्थानों पर थूकने-छींकने से बचें, मास्क का उपयोग करें और अन्य लोगों से दूरी बनाकर रखें। सर्दी, खांसी, बुखार होने पर शुरूआती 72 घंटों में स्वस्थ नहीं होने पर स्वाइन-फ्लू की जांच अवश्य कराएं। किसी भी तरह की जानकारी के लिए फोन नम्बर 104 पर चौबीसों घण्टे संपर्क किया जा सकता है।

व्हाट्सएप से मिलेगी पैथालॉजी जांच रिपोर्ट : मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं की बेहतरी के लिए लगातार कार्य हो रहे हैं। इसी कड़ी में अब बिलासपुर में स्थित सिम्स और जिला अस्पताल में पैथोलॉजी जांच की रिपोर्ट बहुत जल्द व्हाट्सएप मैसेज के जरिए मिलेगी। रिपोर्ट प्राप्त करने के लिए मरीजों को भागदौड़ नहीं करनी पड़ेगी। बिलासपुर कलेक्टर अवनीश शरण ने सिम्स और जिला अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद दोनों संस्थानों के प्रबंधन को इस आशय के निर्देश दिए हैं। पहले यह व्यवस्था जिला अस्पताल में शुरू होगी। उसके कुछ दिनों बाद सिम्स अस्पताल में।

भाजपा सदस्यता के लिए मतदाताओं के बीच पहुँच रहे विधायक

रायपुर 9 सितंबर। भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान को लेकर पार्टी संगठन काफ़ी गंभीर है। संगठन सभी बड़े नेताओं से लेकर बूथ के कार्यकर्ताओं को सदस्यता अभियान के कार्य में लगाया है । संगठन द्वारा लगातार हर स्तर पर हो रहे गतिविधियों की पूरी जानकारी ली जा रही है। किन बूथों के कार्यकर्ताओं मतदाताओं तक पहुँचे । किन नेताओं का कहाँ दौरा हुआ । हर स्थिति की समीक्षा विभिन्न स्तर पर किया जा रहा है। सभी बड़े नेताओं की शक्ति केंद्रों व बूथ के कार्यकर्ताओं के साथ नीचे तक जाने योजना बनाई गई है। हर स्तर के नेताओं पदाधिकारियों को अलग अलग लक्ष्य दिये गये हैं। जो जितना बड़ा नेता उनका उतना बड़ा लक्ष्य । और उन्हें उस लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करना है । विधायक भी अपने अपने क्षेत्रों में सघन दौरा कर रहे हैं। लोगों को भाजपा के सिद्धांत संकल्प लक्ष्य कार्यशैली से अवगत कराते हुए । भाजपा सरकारों की उपलब्धियों को बताते हुए पार्टी से जुड़ने हेतु प्रेरित कर रहे हैं ।

विधायक मोतीलाल साहू आज रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र ग्रामीण मंडल अंतर्गत बूथ क्रमांक 282 कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड-54 डूंडा में भाजपा सदस्यता कार्यक्रम में सम्मिलित हुए ।जिसमें पूर्व विधायक श्री नन्दकुमार साहू जी,मंडल अध्यक्ष श्री जितेन्द्र धुरंधर सहित मंडल के भाजपा पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहें । विधायक मोतीलाल साहू ने लोगों से आह्वान किया कि वे भाजपा के साथ जुड़ें, भाजपा विचारधारा वाली पार्टी है जो देश को सर्वोपरी मानकर राष्ट्रवाद की विचारधारा, अंत्योदय की विचारधारा, सबका साथ सबका विकास के भाव के साथ राष्ट्रसेवा के कार्य में लगातार कार्य कर रही हैं । भाजपा राजनीति से ऊपर उठकर देश की सुरक्षा और विकास के पथ पर अग्रसर है।

देश के प्रधानमंत्री भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं । आज देशवासियों को उनके साथ खड़े होने की ज़रूरत है। आइये आप हम मिलकर विकसित भारत बनायें भाजपा के जुड़ें।

महिला-पुरुष शतरंज स्पर्धा का आयोजन

रायपुर 9 सितंबर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आबंटित सेक्टर स्तरीय शतरंज (महिला/पुरुष) प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय के गुरुकुल प्रेक्षागृह में दिनांक 09/09/2024 को हुआ। इस प्रतियोगिता के की अध्यक्षता सहसंचालक डॉ. रविन्द्र मिश्रा ने माँ सरस्वती का पूजा और दीप प्रज्जवलन के साथ प्रारंभ हुआ। निकाय समिति के अध्यक्ष श्री अजय तिवारी जी एवं सचिव श्रीमती शोभा खण्डेलवाल उपस्थित थे। सचिव ने खेल के सफल आयोजन करने के लिए महाविद्यालय को बधाई दी। मंच का संचालन डॉ. रात्रि लहरी ने किया। इस अवसर पर डॉ. रिन्कु तिवारी, उप प्राचार्य डॉ. राजेश अग्रवाल, डॉ. अनुराधा गुप्ता, डॉ. सिमरन वर्मा, श्रीमती अवंतिका सोनी, सुश्री

मान्या शर्मा, श्री मनोज साहू एवं विभिन्न महाविद्यालयों से आये हुए क्रीड़ा अधिकारी एवं 68 पुरुष प्रतिभागी एवं 33 महिला प्रतिभागी उपस्थित थे।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने भूतपूर्व छात्रों और शिक्षकों को किया सम्मानित

रायपुर 9 सितंबर। शिक्षा समाज के विकास और प्रगति का आधार है, और इसमें शिक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों के व्यक्तित्व का निर्माण करते हैं और उन्हें समाज का जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं। शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही विद्यार्थी अपने लक्ष्यों को प्राप्त कर सकते हैं और समाज में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं।

यह बात रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षक दिवस के अवसर पर रविवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खो खो पारा, पुरानी बस्ती में आयोजित शिक्षक एवं भूतपूर्व छात्र सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि, हमारे धर्म और

संस्कृति में शिक्षा को बहुत उच्च स्थान दिया गया है, और इसे मंदिर की तरह पवित्र माना जाता है। शिक्षा को ज्ञान का स्रोत माना गया है, जो व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देने के साथ-साथ उसके चरित्र निर्माण और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक होती है। इसलिए, शिक्षक और शिक्षा को हमारे धर्म में विशेष सम्मान और आदर दिया गया है, और शिक्षण स्थल को ज्ञान का मंदिर कहा जाता है। जिसके बेहतर बनाने के लिए हम सभी को अपना बहुमूल्य योगदान देना चाहिए। शिक्षकों को विद्यार्थियों की शिक्षा के साथ ही उनके चरित्र निर्माण पर भी जोर देना चाहिए।

उन्होंने यह भी कहा की 100 साल से भी पुराने इस स्कूल अनेकों परिवारों की कई पीढ़ियों ने शिक्षा ग्रहण किया और एक ऊंची मंजिल हासिल की है। जो यहां के विद्यार्थियों के लिए भी गर्व की बात है। मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल ने शिक्षकों और भूतपूर्व छात्रों को सम्मानित करते हुए उन्हें भी स्कूल के उन्नयनिकरण में सहयोग देने की अपील की। बृजमोहन अग्रवाल ने स्कूल में शेड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए देने की घोषणा की साथ ही 30 लाख रुपए से बनने वाले स्मार्टक्लास, लाइब्रेरी और कंप्यूटर लैब के निर्माण को जल्द शुरू करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम में आनंद मोहन ठाकुर, आशुतोष नारायण, ज्ञानेश झा, पवन कुमार श्रीवास्तव, डॉ सुखनंदन सोनकर, लक्ष्मी गुलवानी, चूड़ामणि निर्मलकर, अनुरंग ठाकुर, मनोज ठाकुर, अम्बर अग्रवाल, शिक्षक, और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

अलग-अलग क्षेत्र से तीन दोपहिया वाहन पार

रायपुर, 9 सितम्बर। राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन दोपहिया वाहन पार कर दिया। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार छोटा अशोक नगर गुढ़ियारी निवासी देवानंद साहू 34 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलई 3353 को एम्स अस्पताल के पार्किंग में खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। इसी तरह राकेश कुमार डहरिया 35 वर्ष ने अपनी बाइक क्रमांक सीजी 07 एडी 4384 को सरोरा के वंदना इस्पात कंपनी में खड़ी किया था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं वीर सावरकर नगर निवासी प्रार्थी नीलेश कुमार नायक 26 वर्ष ने कबीरनगर थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनसी 8041 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। तीनों ही मामलें में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26